4 **रायपुर संभाग** घर-घर नल से जल पहुंचाने मोदी की मंशा पर भ्रष्टाचारी...

6 **अभिमत** कायरतापूर्ण हमला कनाडा में भारतीय प्रवासी

09 **शिक्षा एवं स्वास्थ्य** पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी छात्रों को मिलेगा...

10 **संस्कारधानी** हाइवे निर्माण में दिक्कतों से परेशानी, बंद रहा मानपुर...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 08 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-77 मूल्य 3.00 ₹

**क्विक न्यूज**

## मोदी ने छठ पर्व के संध्या अर्घ्य की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोगों को छठ पर्व के संध्या अर्घ्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। मोदी ने इस अवसर पर शुभकामना संदेश में कहा, 'छठ के संध्या अर्घ्य के पावन-पुनीत अवसर पर आप सभी को मेरी असीम शुभकामनाएं।' प्रधानमंत्री ने कहा है, 'सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक यह महापर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए। जय छठी मइया।

## शाहरुख खान को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से पुलिस ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में आरोपी फैजान खान को गुरुवार को पंडरी थाना इलाके से गिरफ्तार किया। मुम्बई पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के अनुसार बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था जिसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा कि बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। कॉलर ने कहा कि अगर उसे 50 लाख नहीं दिए गए तो वो उन्हें जान से मार देगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है।

# आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आयेगी सरकार : शाह

**पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार देश में आतंकवाद और आतंकवादी तंत्र से लड़ने के लिए एक मजबूत आतंकवाद रोधी इकोसिस्टम खड़ा करने के लिए जल्द ही आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आयेगी। उन्होंने सभी राज्यों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने तथा पुलिस बलों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने तथा डाटा के जरिये आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने का भी आह्वान किया। शाह ने एनआईए द्वारा आयोजित दो दिन के आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद से लड़ने के लिए अगले कदम के रूप में जल्द ही आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आ रही है। उन्होंने कहा टेररिज्म और टेररिज्म सिस्टम से लड़ने के लिए गृह मंत्रालय ने जो प्रोएक्टिव अप्रोच बनाया है उसमें हम एक अगला कदम लेकर आ रहे हैं। कुछ महीनो में नेशनल काउंटर टेररिज्म पॉलिसी एंड स्ट्रेटजी लेकर हम आएंगे जिसमें आप सब की भूमिका स्ट्रेटजी का दस्तावेज बनाने की होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्यों का विषय है तो लड़ना तो राज्यों को ही पड़ेगा लेकिन केन्द्र इसमें उनकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। राज्यों में पुलिस द्वारा प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल तथा प्रशिक्षण पर बल देते हुए उन्होंने कहा जब तक हम हमारी पूरी फोर्स को तकनीक के उपयोग से प्रशिक्षित नहीं करेंगे आतंकवाद के खिलाफ हम नहीं लड़ सकते। अब आतंकवाद का सामना जो हमें करना है वह समझ कर चलिए उसे सीमाहीन और अदृश्य तरीके से आतंकवादी हमले और उनका षड्यंत्र हमारे खिलाफ खड़ा है। हमें टेक्नोलॉजी से हमारे युवा अफसर को लैस करना पड़ेगा। प्रौद्योगिकी को उनकी ट्रेनिंग का एक अहम हिस्सा बनाना होगा। कई सारे राज्यों ने बनाया है। मैं सभी राज्यों को कहना भी चाहता हूं अगर आप को इसमें मदद की जरूरत है तो हैदराबाद की अकादमी भी आपको मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि जहां तक आतंकवाद से निपटने का सवाल है राज्यों की अपनी सीमाएं हैं, राज्यों की भौगोलिक सीमाएं भी है, संवैधानिक सीमाएं भी है और आतंकवाद और आतंकवादियों की कोई सीमा नहीं है। वह अंतर राज्य षड्यंत्र करते हैं, अंतरराष्ट्रीय भी षड्यंत्र करते हैं इसलिए इसके खिलाफ हमें केन्द्रीय स्तर पर सटीक तरीके से अपनी रणनीति बनानी है।

## मुख्यमंत्री साय आज बलौदाबाजार, कटघोरा और रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बलौदाबाजार, कोरबा जिले के कटघोरा और राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 11.05 बजे पुलिस ग्राउण्ड हेलीपेड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.25 बजे बलौदाबाजार- भाटापारा जिले के बलौदाबाजार स्थित शासकीय डी.के. महाविद्यालय मैदान पहुंचेंगे और 11.30 बजे दशहरा मैदान में आयोजित विभिन्न विकास कार्यो के भूमिपूजन एवं लोकार्पण एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बलौदाबाजार से दोपहर 12.35 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.05 बजे कोरबा जिले के कटघोरा के मेला ग्राउण्ड हेलीपेड पहुंचेंगे और वहां प्रांत स्तरीय भगवान सहस्त्रबाहु जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपरान्ह 3.15 बजे रायपुर लौट आएंगे। **विस्तृत पेज 12 पर**

## पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात समाज सेवी स्व. गोपाल व्यास को राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई

**मुख्यमंत्री साय, रमेश बैस एवं उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात समाजसेवी गोपाल व्यास को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनके निधन के बाद रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर में उनके पार्थिव शरीर को चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के लिए उनकी इच्छा के अनुरूप दान किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास को उनके निवास में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एम्स परिसर में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने पूर्व सांसद गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि दी। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने गोपाल व्यास को अंतिम दर्शन में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि व्यास ने बहुत सारे अनुकरणीय कार्य किए है। हम सभी प्रयास करेंगे कि उनके बताए रास्ते पर चलें और उनका पूरा जीवन प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री साव ने गोपाल व्यास को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि व्यास बहुत ही सज्जन थे। उनका जाना बहुत ही दुखद है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत, विधायक अनुज शर्मा, विधायक गुरू खुशवंत साहेब, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पवन साय, नारायण नामदेव, छत्तीसगढ़ हिंदी ग्रंथ अकादमी के पूर्व अध्यक्ष शंशाक शर्मा, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

## विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता बदलाव : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी ➤ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसी पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया को बीच में नहीं बदला जा सकता। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने 'तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय' मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को आश्चर्य चकित करने के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के शुरू में अधिसूचित चयन सूची में रखे जाने के लिए पात्रता मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता, जब तक कि मौजूदा नियम या विज्ञापन (जो मौजूदा नियमों के विपरीत न हो) इसकी अनुमति न दे।

## केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज राजधानी रायपुर में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल होंगे

**पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर**
www.dailypioneer.com



भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज शाम 05 बजे राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री गडकरी अपरान्ह 3.45 बजे गोंदिया से विमान द्वारा रवाना होकर शाम 4.15 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगे और शाम 5 बजे साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित इंडियन रोड कांग्रेस के 83वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल होंगे। गडकरी स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से रात्रि 7.15 बजे नागपुर के लिए रवाना होंगे।

## ट्रंप प्रशासन के साथ कोई गतिरोध नहीं आएगा : भारत

**वार्ता ➤ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



भारत ने भरोसा जताया कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार सीमा शुल्क एवं उत्प्रवासन जैसे मुद्दों पर कोई गतिरोध नहीं आएगा और परस्पर बातचीत से संतोषजनक समाधान निकल आएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में ट्रंप के शासन काल में भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति और एच-1बी वीजा के बारे में पूछे जाने पर कहा, ÷भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध काफी व्यापक हैं। पिछले साल 2023 में भारत और अमेरिका के बीच करीब 190 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें सामान और सेवाएं शामिल थीं। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है... जहां तक एच-1बी का सवाल है, गतिशीलता और प्रवास साझेदारी हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक हिस्सा है और हमारे कई पेशेवर अमेरिका में काम करते हैं, कई भारतीय छात्र वहां पढ़ते हैं और रक्षा प्रौद्योगिकी में अमेरिका और भारत के बीच बड़ी निवेश साझीदारी है। उन्होंने कहा कि हाल में भारत एवं अमेरिका के बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के संबंध में सात मुद्दों को सुलझाया गया है।






# जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही स्थगित

**वार्ता ➤ श्रीनगर**
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही राज्य के विशेष दर्जे की बहाली के लिए प्रस्ताव पारित किये जाने को लेकर लगातार हो रहे हंगामे के बीच दूसरे दिन भी स्थगित कर दी गयी। विधायक सज्जाद अकेले, वहीद पाटा, फैयाज मीर, शेख राशिद और शब्बीर अहमद कुल्ले ने अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली की मांग करते हुए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष एक और प्रस्ताव पेश करने का प्रयास किया। बुधवार को ध्वनि मत से पारित किए गए प्रस्ताव में केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर के लोगों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ विशेष दर्जे की बहाली, संवैधानिक गारंटी और इन प्रावधानों को बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने के लिए बातचीत शुरू करने का आह्वान किया गया। अध्यक्ष ने सुबह बारामुल्ला के विधायक जावेद बेग से उपराज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू करने को कहा। हालांकि विपक्ष के नेता एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील शर्मा ने खड़े होकर कल के प्रस्ताव का हवाला देते हुए कहा कि यह अवैध और असंवैधानिक है। इस बीच विधायक लंगेट शेख खुर्शीद एक बैनर लेकर अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए जिस पर लिखा था, 'हम अनुच्छेद 370 की बहाली और कैदियों की रिहाई की मांग करते हैं। इससे नाराज भाजपा विधायकों ने बैनर छीनने की कोशिश की। कई विधायकों के अध्यक्ष के आसन के पास पहुंचने से हाथापाई हो गई। विधायक बैनर को पकड़ने की कोशिश करते देखे गए जिसे भाजपा विधायकों ने फाड़ दिया। हंगामे के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दी। स्थगन के बाद जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई भाजपा विधायकों ने अपना विरोध जारी रखा और नारे लगाए। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) विधायक भी नारे लगाते देखे गए। इस बीच अध्यक्ष ने विधायकों से अपनी सीटों पर वापस जाने का अनुरोध किया। हालांकि हंगामा जारी रहा और भाजपा विधायकों ने अध्यक्ष के आचरण पर सवाल उठाए। बाद में अध्यक्ष ने मार्शलों को निर्देश दिया कि वे किसी भी विधायक को आसन के पास न आने दें। भाजपा नेताओं ने हंगामा करने की कोशिश की तो उन्हें मार्शलों ने बाहर निकाल दिया। सदन से बाहर निकाले गए भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि इस कार्यवाही के दौरान उनमें से कुछ घायल हो गए। शर्मा ने कहा, 'यह सब अध्यक्ष की गलत नीतियों के कारण हुआ। सदन में शांति बहाल न होने पर अध्यक्ष ने विधानसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी।

## पूर्व गृहमंत्री का आरोप, सीडीआर निकाल कर ब्लैकमेल कर रहे पुलिस अधिकारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह ने सागर जिले के कुछ पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों पर लोगों की विस्तृत कॉल रिपोर्ट (सीडीआर) निकालने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने इस मामले में जांच कराने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखा है। सिंह ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कल सागर में उपमुख्यमंत्री और जिला प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में उन्होंने (सिंह ने) शुक्ल को इस मुद्दे से अवगत कराते हुए कहा कि सागर में कुछ लोगों की शिकायत है कि स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों की सीडीआर निकाल कर उन्हें ब्लैकमेल किया जा रहा है और इसके नाम पर कुछ लोगों को धमकाने और वसूली का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि आईजी और एसपी की अनुमति के बिना सीडीआर नहीं निकाली जा सकती, पर सागर में ऐसा हो रहा है। स्थानीय स्तर पर पुलिस के कुछ अधिकारी-कर्मचारी ये कर रहे हैं। वहां पिछले कुछ महीने से इसका दुरुपयोग हो रहा है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि कल की बैठक में एसपी भी थे। इसके पहले उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर भी इसकी जानकारी एसपी को दी थी। सिंह ने कहा कि उन्होंने इस मामले की विस्तृत जांच के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। इस मामले को कांग्रेस की ओर से उठाए जाने को लेकर सिंह ने कहा कि ये राजनीति का विषय नहीं है, कांग्रेस हर चीज को राजनीति से जोड़ती है। कल सागर में हुई इस बैठक के संबंध में मीडिया में कुछ खबरें प्रकाशित हुई थीं। कांग्रेस इन्हीं खबरों को लेकर सरकार पर हमला बोल रही है।

# चुनाव आयोग ने अमिट स्याही की दो लाख से अधिक बोतलों का दिया ऑर्डर

**एजेंसी ➤ मुंबई**
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की बायीं तर्जनी पर लगने वाली अमिट स्याही की लगभग 2,20,520 बोतलों का ऑर्डर दिया है, जिसकी घोषणा मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने मीडिया में बयान जारी कर दी। राज्य में 288 विधानसभा क्षेत्रों में 1,00,427 मतदान केंद्र हैं, जिनमें प्रति मतदान केंद्र दो स्याही की बोतलों के साथ कुल 2,00,854 बोतलों की खपत होगी। इसके अलावा कुछ और बोतलों के साथ कुल 2,20,520 स्याही की बोतलों के अलावा - मतदान के लिए उपयोग में आने वाली आवश्यक सामग्री अगले कुछ दिनों में चुनाव प्रणाली के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी। विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के 288 निर्वाचन क्षेत्रों में 9,70,25,119 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन मतदाताओं की बायीं तर्जनी अंगुली में स्याही लगाने के लिए चुनाव आयोग के माध्यम से करीब 2,20,520 स्याही की बोतलों की मांग दर्ज की गई है। यह स्याही विशेष रूप से मतदाता की तर्जनी अंगुली पर लगाने के लिए बनाई गई है और कुछ दिनों तक नहीं हटाई जाती है। इन सभी स्याही की बोतलों को आगे वितरण के लिए कलेक्टर को सौंप दिया जा रहा है। आम जनता, जनप्रतिनिधि या सेलिब्रिटी मताधिकार का प्रयोग करने के संकेत के रूप में बायीं हाथ की तर्जनी अंगुली पर लगी स्याही को गर्व से दिखाते हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने वाली यह स्याही चुनाव का अभिन्न अंग बन गई है। मतदाता की पहचान करने के बाद उसको मतदान केंद्र में प्रवेश दिया जाता है। मतदान करने से पहले मतदाता की बायीं तर्जनी अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाती है। फिर मतदाता का हस्ताक्षर या अंगूठा लिया जाता है। मतदान से पहले मतदान अधिकारी (पोलिंग ऑफिसर) यह जांचता है कि मतदाता की बायीं तर्जनी अंगुली में स्याही लगी है या नहीं।

## वज्र कोर ने राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, चैल शताब्दी समारोह के अल्ट्रा मैराथन को हरी झंडी दिखाई

**एजेंसी ➤ जालंधर**
www.dailypioneer.com

देश के सबसे पुराने सैन्य स्कूल राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, चैल (आरएमएस चैल) के शताब्दी समारोह की शुरुआत 242 किलोमीटर की अल्ट्रा मैराथन के साथ हुई, जो जालंधर से हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के चैल तक हुई। चैल में इस स्कूल की 1925 में स्थापना हुई थी। अल्ट्रा मैराथन को लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया, एवीएसएम, वीएसएम जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी), वज्र कोर ने जालंधर के ऐतिहासिक स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जॉर्जियाई लोग उपस्थित थे, जो सशस्त्र सेना समुदाय के बीच किंग जॉर्ज रॉयल इंडियन मिलिट्री कॉलेज/राष्ट्रीय सैन्य स्कूलों के पूर्व छात्रों के लिए एक लोकप्रिय नाम है। धावकों और स्कूल के पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुये, लेफ्टिनेंट जनरल चांदपुरिया ने राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, चैल को राष्ट्र के लिये एक शताब्दी की महान सेवा के लिये बधाई दी और भारतीय सशस्त्र बलों के लिये भावी पीढ़ियों का पोषण जारी रखने के लिये स्कूल को शुभकामनायें दीं। अल्ट्रा मैराथन बालाचौर, पिंजौर और सोलन से होकर गुजरेगी और चैल में 7000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे क्रिकेट मैदान पर समाप्त होगी। पच्चीस जून 2007 से इस स्कूल का नाम बदलकर राष्ट्रीय सैन्य स्कूल, चायल कर दिया गया है, जो 10 जमा दो की पढ़ाई पूरी करने के बाद अधिकारियों के रूप में रक्षा सेवाओं में प्रवेश के लिये कैडेटों को तैयार करता है।

# भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है : पूनिया

**एजेंसी ➤ अलवर**
www.dailypioneer.com

राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा है कि कांग्रेस हमेशा जाति, धर्म और पंत की राजनीति करती है, जबकि भाजपा हमेशा सबका साथ सबका विकास की बात करती है। अलवर जिले के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में प्रचार करने आये पूनियां ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य की भाजपा सरकार किसी भी काम में भेदभाव नहीं करती, चाहे उज्ज्वला योजना में गैस सिलेंडर का मामला हो चाहे, आवास का मामला हो सभी को ही उन्होंने एक ही नजरिये से योजना का लाभ दिया। राजस्थान में अपराधों के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में अच्छी पुलिसिंग काम कर रही है और इसके बेहतर परिणाम सामने आयेंगे। अपराधियों पर लगाम कसी जा रही है। पानी के मुद्दे पर जाम लगाने के वन मंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा, मुझे जानकारी नहीं है इस बयान की, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन में कई लाख करोड़ रुपये राजस्थान को दिये मगर तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने इस पर एक भी काम नहीं किया। पूनियां से पूछा गया कि भाजपा की हरियाणा में जहां सरकार बनने की बात नहीं थी और उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया, फिर सत्ता हासिल की इस सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा कि हमें शुरू से ही 35-40 सीटों के आसपास का आकलन था, लेकिन हमने हर कार्यकर्ता से वहां संवाद किया वहां जो प्रभारी लगाये गये थे, वह सभी प्रभारी मजबूत थे और सब में समन्वय था। केंद्रीय नेतृत्व का पूरा योगदान था, इसलिये हमने वहां पर वह सभी कयासों को झुठला दिया, जो कांग्रेस की जीत का दावा कर रहे थे। पूनियां ने कहा राजस्थान में भाजपा दमदार तरीके से बढ़त हासिल किये हुये है, क्योंकि पार्टी ने जीतने वाले उम्मीदवारों का चयन किया है और शुरू से ही जमीनी स्तर पर मेहनत की है। लोकसभा चुनाव के बाद ही भाजपा ने जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया था। कांग्रेस के उस बयान पर की 11 माह में भाजपा की सरकार ने प्रदेश में कुछ नहीं किया के सवाल पर पूनियां ने कहा कि कांग्रेस ने पांच साल में राजस्थान को अराजकता के माहौल में धकेल दिया और कानून-व्यवस्था बदहाल स्थिति में कर दी और कांग्रेस को तो बयान बाजी के अलावा कोई काम नहीं है।

## देवरिया में प्रापर्टी डीलर की गोली मार कर हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सुरौली क्षेत्र में गुरूवार को एक प्रापर्टी डीलर की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मदनुर क्षेत्र के ग्राम समोगर निवासी निहाल सिंह(25) प्रापर्टी डीलर का कार्य करते थे। वह देवरिया शहर में दीवानी कचहरी के पास मकान बनवा के रहते थे। वह बाइक से अपने गाँव समोगर से देवरिया आ रहे थे कि इसी बीच करीब 11 बजे दिन में सुरौली क्षेत्र के जद्दू परसिया पेट्रोल पम्प के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने उन्हें गोली मारकर फरार हो गये। आनन-फानन में उन्हें मेडिकल कालेज के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष में लाया गया, जहाँ डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि युवक आपसी रंजिश में हत्या की गई है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुँच कर जानकारी ली है।

## क्वीक न्यूज

### यादव ने पूर्व राज्य सभा सांसद गोपाल जी व्यास के निधन पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक गोपाल जी व्यास के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद, मध्य क्षेत्र प्रचारक, क्षेत्र कार्यवाह सहित विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए श्रद्धेय गोपाल जी व्यास ने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत की पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भाजपा के दो नेता आप में शामिल

**फगवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो नेता आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गये। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, सांसद राजकुमार चब्बेवाल की उपस्थिति में सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं में पूर्व पार्षद और भाजपा की कपूरथला इकाई के महासचिव रह चुके गुरदीप सिंह दीपा और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव रवि कुमार शामिल हैं।

### फतेहपुर में दो ट्रको की भिड़ंत में चालक परिचालक जिंदा जले

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हुसैनगंज क्षेत्र में दो ट्रेलर ट्रकों की आमने-सामने हुई टक्कर में एक वाहन के चालक- परिचालक की जिंदा जल कर मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने यहां बताया की हुसैनगंज थाना क्षेत्र के असली पुल के पास एक ट्रेलर ट्रक रायबरेली से फतेहपुर की ओर आ रहा था और दूसरा ट्रक ट्रेलर फतेहपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था कि भोर में आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों ट्रेलर जहां जलकर खाक हो गए वहीं एक ट्रेलर का चालक विनय शुक्ला निवासी बाराबंकी और परिचालक राजाराम यादव निवासी बाराबंकी के ट्रेलर के अंदर जिंदा जलकर मृत्यु हो गई। दूसरे ट्रेलर के चालक और परिचालक ने किसी तरह से कूद कर अपनी जान बचाई काफी देर बाद दमकल के आने के बाद आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के कारण फतेहपुर लखनऊ मार्ग में घंटो जाम लगा रहा।

### अजमेर नगर निगम ने दरगाह क्षेत्र में पांच निर्माणों को किया सीज

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर नगर निगम की निर्माण शाखा ने गंज तथा दरगाह थानाक्षेत्र में 5 निर्माणों को 'सीज' कर दिया। अजमेर नगर निगम के अधिशाषी अभियंता धर्मेंद्र प्रधान तथा निगम थाना सीआई डॉ रवीश कुमार की मौजूदगी में अवैध निर्माण की मुहिम में पांच भवनों को सीज कर दिया। उन्होंने बताया कि दरगाह बाजार, नला बाजार तथा गंज क्षेत्र में अवैध तौर पर निर्माणाधीन बिल्डिंग/होटल को सीज किया गया। सीज निर्माण में होटल अमान पैलेस, के अलावा तीन निर्माणाधीन भवनों जो इकलाग अहमद, प्रमोद वर्यानी, अजय सोनगरा के बताये गये, को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में निगम के नोटिस की परवाह किए बिना निर्माण जारी रखा जा रहा था। निगम की कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण हटाओ दल के साथ पुलिस जाप्ता मौजूद रहे।

### तहखाने में भरे पानी में डूबने से बालक की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में तहखाने में भरे पानी में डूबने से एक बालक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में ध्रुव (तीन) की मां उसे और उसके छोटे भाई तीन महीने के बालक को चारपाई पर सुला रही थी कि उसे खुद नींद आ गयी। इसी दौरान ध्रुव उठकर अपनी चचेरी बहन तान्या को ढूंढ़ते हुए तहखाने की ओर चला गया, जिसमें करीब पांच फुट पानी भरा था। वह वहां पानी में चला गया, जिससे डूबकर उसकी मौत हो गयी। हादसे के समय मासूम ध्रुव का पिता प्रदीप मजदूरी के लिये शहर गया हुआ था। पीड़ित परिवार ने दीपावली पर ही घर के तहखाने से पानी निकाला था, लेकिन वहां फर्श के नीचे पानी का स्रोत होने से फिर से वहां फिर से पानी भर गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### जालंधर में अपाहिज व्यक्ति को लुटने का आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुये अपाहिज व्यक्ति से लूट के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और घटना के 24 घंटे के भीतर चोरी की गयी नकदी बरामद की है। आरोपी की पहचान वडाला गांव निवासी रोहित पुत्र राम लाल के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया कि शिकायत के बाद अपराधी को पकड़ने के लिये विशेष टीमें गठित की गयीं। उन्होंने कहा, अपाहिज व्यक्ति से जुड़े मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए हमने अपनी टीमों को इसे प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने विशेष चेकिंग अभियान के दौरान लांबड़ा के पास आरोपी को गिरफ्तार किया। इस संबंध में लांबड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि रोहित कमजोर व्यक्तियों को निशाना बना रहा था और उसने विकलांग पीड़ित को आसान लक्ष्य के रूप में चुना था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 2,000 रुपये बरामद किये हैं।

# प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर होगी बहुभाषीय उदघोषणा

**वार्ता ➤ प्रयागराज**
www.dailypioneer.com

प्रयागराज रेल मण्डल महाकुंभ के अवसर पर पहली बार मल्टी लैंगवेज एनाउनंसमेंट करने की व्यवस्था कर रहा है। इससे देश के विविध भाषा बोलने और समझने वाले लोगों को उनकी भाषा में ट्रेनों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। महाकुंभ 2025 को सुगम व सुरक्षित महाकुंभ बनाने के डबल इंजन की सरकार के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में प्रयागराज रेल मण्डल कोई कसर बाकी नहीं रख रहा है। एक ओर तो रेल मण्डल शहर के सभी रेलवे स्टेशनों के विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण के कार्य कर रहा है तो दूसरी ओर श्रद्धालुओं की यात्रा को आसान बनाने के सभी जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रयागराज रेल मण्डल के वरिष्ठ पीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि महाकुंभ 2025 में पहली बार रेल मण्डल मल्टी लैंगवेज एनाउंसमेंट करेगा। इसका लाभ देश के कोने-कोने से आने वाले अलग-अलग भाषा बोलने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगा, जिन्हें हिंदी या अंग्रेजी भाषा समक्षने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। वरिष्ठ पीआरओ ने बताया कि रेल मण्डल शहर के सभी मुख्य स्टेशनों पर ट्रेनों की मल्टी लैंग्वेज एनाउंसमेंट की व्यवस्था कर रहा है। भारत में भाषाओं की विविधता को देखते हुए हिंदी और अंग्रेजी भाषा के साथ 10 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एनाउंसमेंट की जाएगी। इनमें गुजराती, मराठी, तमिल, तेलगू, मलायालम, कन्नड़, बंग्ला, असमिया, उड़िया और पंजाबी भाषाओं में एनाउंसामेंट किया जाएगा। इसके लिए रेल मण्डल अलग-अलग डिवीजन से एनाउंसर बुला रहा है जो असानी से अपनी क्षेत्रीय भाषा में एनाउंसमेंट कर सकें।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**फगवाड़ा।** पंजाब में फगवाड़ा कि खल्वार कालोनी के निकट बुधवार शाम एक मोटर साइकिल की ट्रैक्टर ट्रॉली से आमने-सामने टक्कर की दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अश्वनी कुमार तेजी (31) मोटर साइकिल से ढक्क पंडोरी स्थित अपने घर लौट रहा था जब मोटर साइकिल की सामने से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो गयी। बुरी तरह से घायल अश्वनी ने अस्पताल के रास्ते में दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच के अनुसार दुर्घटना सड़क में एक गड्ढे की वजह से ट्रैक्टर ट्रॉली के अचानक एक तरफ मोड़ने के कारण हुई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली का चालक फरार हो गया।

## लुधियाना में दस हजार से अधिक सरपंचों को दिलाई जायेगी शपथ

**एजेंसी ➤ चंडीगढ़**
www.dailypioneer.com

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान शुक्रवार को साइकिल वैली लुधियाना के गांव धनांसू में आयोजित एक समारोह में राज्य के नवनिर्वाचित सरपंचों को पद की शपथ दिलायेंगे। हाल ही में संपन्न चुनावों में पंजाब राज्य के 23 जिलों में ग्राम पंचायतों के 13147 सरपंच चुने गये हैं, जिनमें से 19 जिलों के नवनिर्वाचित 10031 सरपंचों को इस समारोह के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा शपथ दिलाई जायेगी। शेष चार जिलों मुक्तसर साहिब, होशियारपुर, बरनाला और गुरदासपुर के अन्य नवनिर्वाचित सरपंचों और 23 जिलों के 81,808 नवनिर्वाचित पंचों का शपथ ग्रहण समारोह चार विधानसभा क्षेत्रों गिद्दड़बाहा, चाबेवाल, बरनाला और डेरा बाबा नानक के उपचुनाव के बाद आयोजित किया जायेगा। पंजाब सरकार ने हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों के लिये स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने का एक नया मानदंड स्थापित किया है, जो बिना पार्टी चिह्न के उम्मीदवारों द्वारा लड़े गये थे। राज्य सरकार ने व्यापक जनहित में उम्मीदवारों को पार्टी चिह्नों पर चुनाव लड़ने से रोकने का यह अनोखा निर्णय लिया है। राज्य सरकार के इस ऐतिहासिक कदम का उद्देश्य गांवों में गुटबाजी को दूर करना था, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

**सकारात्मक भाषा के इस्तेमाल कर नौजवानों को संस्कार देने पर दिया जोर**

# विभाजनकारी भाषा की जगह सकारात्मक विचार पेश करने चाहिए : पायलट

**पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल**
www.dailypioneer.com



राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोगों को विभाजनकारी भाषा के स्थान पर नौजवानों के समक्ष सकारात्मक विचार पेश करने चाहिए। पायलट अपने भोपाल प्रवास के दौरान संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा भी उपस्थित थे। पायलट ने कहा कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग किस प्रकार की भाषा इस्तेमाल कर रहे हैं। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री 'बंटेगे तो कटेंगे' जैसी भाषा बोल रहे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस में उनका जोर सकारात्मक भाषा के इस्तेमाल कर नौजवानों को संस्कार देने पर है। इस प्रकार की विभाजनकारी चीजें सभ्य समाज के समझदार नागरिक पसंद नहीं करते। केंद्र सरकार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद 'अबकी बार, 400 पार' कहने वालों का अहंकार गायब हो गया है। भाजपा ने बैसाखियों से केंद्र में सरकार बनाई है। राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष बन कर सरकार की जवाबदेही तय की है। इसी का परिणाम है कि सरकार को कई विधेयक वापस लेने पड़े हैं। उन्होंने कहा कि बिहार और आंध्रप्रदेश के लोगों को बजट में हजारों करोड़ रुपए दिए गए हैं। यहां सवाल ये भी है कि मध्यप्रदेश और राजस्थान के लोगों ने क्या गुनाह किया था। इससे स्पष्ट हो रहा है कि केंद्र सरकार की राजनीतिक मजबूरियां सामने दिखने लगी हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन उम्मीदों को लेकर जनता ने वोट डाले थे, वो कोई पूरी नहीं हुई हैं। राज्य सरकार ने उन्हें पूरा करने की कोई कोशिश भी नहीं की है। यहां गठजोड़ से संपत्ति अर्जित करने का जो काम चल रहा था, उसी सिंडीकेट को ये सरकार आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मध्यप्रदेश में हर क्षेत्र में सिर्फ प्रचार प्रसार और अखबार, यह चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास ठप्प है। कानून व्यवस्था चरमाई हुई है और भोपाल सचिवालय में वही माफिया कायम है, जो पहले था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में सत्ता के केंद्र बहुत सारे हो गए हैं, इसलिए आपस में खींचतान बहुत है। इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को उठाना पड़ रहा है। पायलट अपने एकदिवसीय प्रदेश प्रवास के दौरान राज्य की विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। इसके पहले उन्होंने खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा में पूर्व सांसद स्वर्गीय ताराचंद पटेल की प्रतिमा का अनावरण करते हुए सभा को संबोधित किया।

## सी-विजिल ऐप के माध्यम से प्राप्त हुई 2,833 शिकायतें

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए सी-विजिल ऐप पर 6 नवंबर तक राज्य भर में 2,833 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से 2,819 शिकायतें सही पाई गईं और चुनाव आयोग ने कार्रवाई की है। नागरिकों को आचार संहिता का पालन करने में मदद करने वाले सी-विजिल ऐप को किसी भी ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए नागरिक आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित टीम द्वारा जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाती है। राज्य और केंद्र सरकार की प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध धन, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुओं के मामलों में 281 करोड़ 78 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। बयान में कहा गया है कि राज्य में आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन चल रहा है।

# भारतीय कृषि एवं खाद्य चैंबर का हुआ पुनर्गठन बस्तर के डॉ. राजाराम त्रिपाठी बने बोर्ड मेंबर

## देश के रेल-मंत्री सहित कई विभागों के कैबिनेट-मंत्री रहे सुरेश प्रभु बने नवगठित भारतीय कृषि एवं खाद्य चैंबर के चेयरमैन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय खाद्य एवं कृषि चैंबर (इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर), देश की शीर्ष कृषि संस्था, ने छठ पूजा के पावन अवसर पर अपने केंद्रीय बोर्ड का पुनर्गठन करते हुए कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण विशेषज्ञों और प्रगतिशील नेतृत्वकर्ताओं को शामिल किया है। नवगठित 21-सदस्यीय इस बोर्ड का नेतृत्व प्रतिष्ठित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु करेंगे, जिनके पास रेलवे, ऊर्जा, वाणिज्य और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक अनुभव है।

बोर्ड में देश के प्रतिष्ठित नीति निर्माताओं, कृषि विशेषज्ञों, अकादमिक जगत के गणमान्य व्यक्तियों और प्रगतिशील किसानों का प्रभावशाली मिश्रण शामिल है। इस बोर्ड में देश के किसान संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. राजाराम त्रिपाठी को भी शामिल किया गया है। डॉ. त्रिपाठी अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक हैं और जैविक खेती, औषधीय पौधों की खेती, उच्च मूल्य फसलें, और सस्टेनेबल नेचुरल ग्रीनहाउस मॉडल के सफल विकास के लिए प्रसिद्ध हैं। वे सेंट्रल हर्बल एग्रो मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चेयरमैन और आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड के सदस्य भी हैं। आईसीएफए का सदस्य बनाए जाने पर डॉ. त्रिपाठी की नियुक्ति से विशेष रूप से बस्तर, छत्तीसगढ़ और देशभर के किसानों में प्रसन्नता का माहौल है, और एक नई आशा जगी है। आईसीएफए बोर्ड के प्रमुख सदस्य सुरेश प्रभु कुलपति, ऋषिहुड विश्वविद्यालय और पूर्व केंद्रीय मंत्री (अध्यक्ष), डॉ. अशोक दलवाई अध्यक्ष, प्रधानमंत्री किसान आय दुगनीकरण कार्यबल, डॉ. मीनश पटेल अध्यक्ष, राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, सिमोन टी. वाइबश अध्यक्ष, दक्षिण एशिया, बायर क्रॉपसाइंस, आरके तिवारी अध्यक्ष, ग्लोबल ग्रेन्स एंड पल्सेज काउंसिल, जेपी मीणा महासचिव, इंडियन बेवरेज एसोसिएशन, डॉ. एचके भानवाला अध्यक्ष, एमसीएक्स बोर्ड और पूर्व अध्यक्ष, नाबार्ड, डॉ. राजाराम त्रिपाठी राष्ट्रीय संयोजक और अध्यक्ष, सीएचएएमएफ शाहिद कृषि उद्योग, व्यापारी एवं शोध के क्षेत्र की देश की जानी-मानी हस्तियों को शामिल किया गया है। छठ पूजा के शुभ अवसर पर पुनर्गठित इस बोर्ड की पहली बैठक का आयोजन हाइब्रिड मोड में दिल्ली में हुआ, जिसमें अध्यक्षता करते हुए सुरेश प्रभु ने कृषि और खाद्य क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। उन्होंने पराली जलाने की समस्या और दिल्ली के पर्यावरण पर इसके प्रभाव को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि देश में खेती तथा तथा किसान दोनों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यदि किसानों को उचित सहायता नहीं मिली, तो आने वाली पीढ़ियाँ भोजन संकट का सामना कर सकती हैं। उन्होंने पराली की समस्या के स्थायी समाधान हेतु 11-सूत्रीय कार्यक्रम प्रस्तुत करने का वचन दिया, जिसे बोर्ड के सभी सदस्यों ने सहर्ष स्वीकार किया तथा कहां की राम त्रिपाठी के सुझाव एवं अन्य सदस्यों से भी सुझाव लेकर इसे प्रधानमंत्री के प्रस्तुत करेगा। किसान हितैषी कार्यों को बढ़ावा देने के इस पुनर्गठन का संयोग छठ लोकपर्व से जुड़ने से इसका महत्व और बढ़ गया है, जो कृषि से जुड़ी आस्था का प्रतीक है। आईसीएफए का यह नया बोर्ड देश के किसानों, उद्योगों और अकादमिक संस्थाओं को साथ लाकर भारतीय कृषि को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेगा, जिससे एक टिकाऊ और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित हो सके।

# किरन्दुल छठ घाट में डूबते सूरज को अर्घ्य देकर महिलाओं ने मांगी मन्नत



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित राघव मंदिर परिसर की छठ घाट में गुरुवार शाम 05 बजकर 32 मिनट में छठी मइया के गीत गाकर महिलाओं ने सूर्य की उपासना कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर डूबते हुए सूरज को पहला अर्घ्य दिया।सूर्य उपासना से जुड़ा छठ महापर्व में महिलाएं दउरा में फल एवं पूजन की सामग्री लेकर पूजा पाठ की। यूपी बिहार सामाजिक एवम सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र सोनी ने बताया छठ पूरी दुनिया का इकलौता ऐसा पर्व है जिसमें उगते सूरज के साथ डूबते सूरज की भी वंदना की जाती है।

# जिले के समस्त जनपद पंचायतों के जनपद निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण का अंतिम प्रकाशन

**बेमेतरा।** छत्तीगसढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 23 के साथ पठित छ.ग. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 05 के तहत जिला बेमेतरा अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा के 23, जनपद पंचायत नवागढ़ के 24, जनपद पंचायत साजा के 25 एवं जनपद पंचायत बेरला के 25 जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का निर्धारण कर कलेक्टर, जिला - बेमेतरा द्वारा परिशिष्ट-दो में अधिसूचना जारी कर अंतिम प्रकाशन दिनांक 06 नवम्बर को किया गया।

# किरन्दुल गजराज कैम्प में नाचा पार्टी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी गई प्रस्तुति



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल नगर के गजराज कैम्प में बुधवार मातर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मातर त्यौहार दिवाली के बाद मनाया जाता है एवं गायों की पूजा की जाती हैं।बुधवार रात्रि 10 बजे छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नाचा पार्टी ग्राम मोहला के टीम द्वारा छत्तीसगढ़ी लोक गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति दी गई।जिसमें सैकड़ो लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# क्षत्रिय समाज गीदम के नई कार्यकारिणी हुआ गठन

■ सुजीत सिंह बैस बने क्षत्रिय समाज गीदम के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा/गीदम
www.dailypioneer.com





जय प्रकाश सिंह चौहान की अध्यक्षता में गीदम ब्लाक में निवासरत सभी क्षत्रिय बंधुओं की बैठक आयोजित की है। जिसमें पूर्व कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण नई कार्यकारिणी का गठन करने का निर्णय लिया गया। पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश चौहान ने अध्यक्ष पद हेतु सुजीत सिंह बैस के नाम का प्रस्ताव समाज के समक्ष रखा। जिस पर समाज प्रमुखों ने सहमति जताई व समाज के अन्य सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से सुजीत सिंह को क्षत्रिय समाज गीदम का अध्यक्ष चुना। सुजीत सिंह द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ के हिस्सा लेने एवं समाज को एकरूपता से जोड़ने की कौशल शक्ति के कारण ही उन्हें गीदम क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष के रूप में सभी ने अपनी सहमति जताते हुए अध्यक्ष निर्वाचित किया गया हैं। विदित हो कि सुजीत सिंह वर्तमान में गीदम नगर में व्यापारी संघ के अध्यक्ष भी हैं। व्यापारिक एवं सामाजिक कार्य में सदैव अग्रणी रहने, बड़े एवं छोटों के साथ शालीनता एवं सहज व्यवहार होने के कारण ही इन्हें समाज के अध्यक्ष पद पर आसीन किया गया हैं। क्षत्रिय समाज गीदम को अब आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी इनके कंधों पर होगी। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अजीत सिंह कुशवाह, सूरज सिंह, सचिव राघवेंद्र सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, सह सचिव - रविन्द्र सिंह, सौरभ राठौर, आयुष चौहान सह कोषाध्यक्ष - विवेक सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र सिंह, रविन्द्र सिंह चौहान, नितेश सिंह, राहुल सिंह, विशाल सिंह कुशवाह, शिवम् सिंह, आयुष सिंह, अजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह, शिव सिंह राठौर, सृजन सिंह को चुना गया। उपरोक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का गठन क्षत्रिय समाज के समस्त सदस्यों के द्वारा बड़ों के मार्गदर्शन में सर्व सम्मति से किया गया।

## पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में हुए विस्फोट में शारीरिक क्षति की स्थिति में क्षतिपूर्ति के संबंध में आवेदन की अंतिम तिथि 21 नवंबर

**बेमेतरा।** जिला दंडाधिकारी बेमेतरा ने स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी, ग्राम पिरदा, तहसील भिंभौरी, जिला बेमेतरा में 25 मई 2024 को सुबह 7:56 बजे हुए विस्फोट में श्रमिकों के अतिरिक्त अन्य शारीरिक क्षति पीड़ितों के लिए आवेदन की प्र या शुरू की है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, इस विस्फोट में किसी भी प्रकार की शारीरिक क्षति का सामना करने वाले व्यक्ति यों को क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। यह प्र या सार्वजनिक दायित्व बीमा अधिनियम, 1991 की धारा 05 के तहत की जा रही है। जिला दंडाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस के तहत स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में कार्यरत श्रमिकों के अतिरिक्त अन्य प्रभावित व्यक्ति, जिनकी संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुँची हो या जिन्हें शारीरिक क्षति हुई हो वह 21 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र कार्यालयीन समय में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, संयुक्त जिला कार्यालय, बेमेतरा में जमा कर सकते हैं।

# रिसाली में कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ एवं रसमय संकीर्तन का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



दशहरा मैदान रिसाली में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं रसमय संकीर्तन की शुरुात हुई। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से शुरू होकर रिसाली सेक्टर, इस्पात नगर, रिसाली गांव, कृष्णा टाकीज मार्ग होते हुए कार्यक्रम स्थल पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाये पीला वस्त्र धारण कर सिर में कलश लेकर गीत संगीत के साथ नृत्य कर रही थी। कथा वाचिका गोपिकेश्वरी देवी भी वृन्दावन धाम रथ में सवार होकर कलश यात्रा के साथ साथ चली। पहले दिन वेदीपूजन, गौकर्ण कथा हुई। कथा के दूसरे दिन 6 नवम्बर को परिक्षित जन्म, शुकदेव आगमन, वाराह अवतार की कथा, 7 नवम्बर को सती प्रसंग, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, 8 नवम्बर को प्रहलाद चरित्र, वामन अवतार, श्रीकृष्ण प्राकट्य महोत्सव की कथा, 9 नवम्बर को श्रीकृष्ण बाल लीला, ब्रम्हमोह, गिरिराज पूजन, 10 नवम्बर को रास, महारास वर्णन, कंसवध, रुखमणी विवाह की कथा, 11 नवम्बर को सुदामा चरित्र, तुलसी वर्षा, गीता पाठ, फूलों की होली, कथा विश्राम, हवन पूर्णाहुति, चढ़ौत्री का कार्यक्रम होगा।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने अलसी के रेशे से बनी जैकेट पहनाई

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय में बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित राज्योत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि महासमुंद से लोकसभा की संसद सदस्य रूप कुमारी चौधरी को जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कृषि विज्ञान शोध केंद्र झाल शोधार्थियों द्वारा अलसी के रेशे से बनाया गया जैकेट पहनाया। सांसद रूप कुमारी चौधरी को प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र में स्थित कृषि विज्ञान शोध संस्था के छात्रों ने तैयार किया है, महामहिम राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मू को भी रायपुर आने पर यह उपहार स्वरूप दिया गया था, इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू, भाजपा की प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मी साहू, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी निशा चौबे, ममता साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रीना साहू, जिला पंचायत की सदस्य बिंदिया मीरे, जिला महामंत्री सावित्रि रजक, मंडल अध्यक्ष हेमलता शर्मा, मण्डल महामंत्री प्रेमलता नेमा, मीनू पटेल सहित महिला मोर्चा की सदस्यों ने सांसद चौधरी का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। जिला पंचायत सदस्य निर्वाणी ने उन्हें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 में महिलाओं के लिए किये जा रहे अटल बिहारी बाजपेयी क्विज की भी जानकारी दी।

## गन्ने का रस गुड़, चावल के खीर का प्रसाद

# तालाबों में उमड़ा आस्था का सैलाब, अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया पहला अर्घ्य

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में छठ व्रती शाम को ढलते सूर्य को अर्घ्य देकर आज सुबह उदित सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे के व्रत का पारण करेंगे। पूर्वांचल के साथ अब सभी स्थानों में मनाए जाने वाले छठ पूजा में नगर के सभी तालाबों में व्रती पहुंचे। बिहार व उत्तरप्रदेश का खास छठ महापर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी तिथि की शाम को अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया गया। यह पर्व नहाय-खाय के साथ शुरू होकर आज शुक्रवार की सुबह उदयाचलगामी सूर्य देव को दूसरा अर्घ्य अर्पित कर संपन्न होगा। सूर्य उपासना का यह महापर्व सूर्य देव को प्रसन्न कर संतान व परिवार की मनोकामना तथा कुशलता के लिए मनाया जाता है।



### छठ पूजा में डूबते सूर्य को क्यों दिया जाता है अर्घ्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अस्त होते समय भगवान सूर्य देव अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ होते हैं। ऐसे में इस समय सूर्य देव को अर्घ्य देने से जीवन में आ रही सभी परेशानियां दूर होती हैं। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। वहीं ढलता सूर्य हमें बताता है कि हमें कभी भी हार नहीं मानना चाहिए क्योंकि रात होने के बाद एक उम्मीद भरी सुबह भी जरूर आती है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और शक्ति का संचार होता है। इतना ही नहीं व्यक्ति को सफल जीवन का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

### जगमग हुए छठ के तालाबों

नगर के तालाबों की सफाई, व्यवस्था तालाबों का रंग रोगन किया गया है। इसके साथ ही श्रद्धालु सुबह सुबह शाम जब भी घाट पर जाएं उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

### तालाबों में उमड़ा आस्था का सैलाब

छट्ट पूजा के लिए वार्ड नंबर 15 स्थित शंकर मुंडा तालाब में आस्था का सैलाब उमड़ा। साथ ही तालाबों में व्रती वेदी बनाकर छट्ट मैया की पूजा कर अस्ताचलगामी सूर्य देव को पहला अर्घ्य दिया गया जिसके लिए सभी तालाबों में पहले से ही वेदियां बनाकर जगह को सुरक्षित कर लिया गया था।

### छठ पूजा में खरना का मतलब शुद्धिकरण

अनीकेत सिंह ने बताया कि छठ पूजा के दूसरे दिन खरना की विधि होती है। खरना का मतलब शुद्धिकरण भी होता है। उन्होंने बताया कि खरना को कुछ जगह छोटकी छठ भी कहा जाता है। जिसमें शाम के समय साफ मिट्टी के चूल्हे पर रसियाव यानी गुड़ की खीर व रोटी बनाकर व्रतियों द्वारा ग्रहण किया जाता है। अनिकेत ने बताया कि रसियाव आम के पेड़ की लकड़ी की आग पर बनाकर प्रसाद पीतल के बर्तन में ही बनाने की परंपरा है। साथ ही जिस समय व्रती यह प्रसाद ग्रहण करते हैं, उस समय आसपास कोई आवाज नहीं आनी चाहिए। यदि आवाज कान पर सुनाई दे दी तो प्रसाद खाना वर्जित मानें जाने की मान्यता है। इसके बाद से ही 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होता है।

# बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन कार्य जारी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खरीफ फसल 2024-25 में किसानों द्वारा लगाए धान फसल की वास्तविक गिरदावरी संबंधित पटवारियों के माध्यम से किया। अब छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में अधिकारियों द्वारा गिरदावरी सत्यापन का कार्य सक्रियता से किया जा रहा है। गिरदावरी कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए ही गिरदावरी सत्यापन किया जा रहा है। पटवारियों द्वारा संपादित वास्तविक गिरदावरी कार्यों को शत-प्रतिशत शुद्ध करने के लिए गिरदावरी का सत्यापन के लिए जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को अधिकृत किया गया है। ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश ना रहे । फसल गिरदावरी व फसल सत्यापन का कार्य जीपीएस आधारित मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जा रहा है । इस कार्य के लिए पहले अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया था । इस कार्य में जिले के डिप्टी कलेक्टर से लेकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) घनश्याम तंवर, मुकेश गोड़, पिंकी मनहर, और जिला खाद्य अधिकारी श्री गणेश कुर्रे और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आज गिरदावरी सत्यापन किया । गिरदावरी सत्यापन की इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फसल की स्थिति का वास्तविक आकलन करना है, ताकि किसानों को उचित समर्थन उपलब्ध कराया जा सके। गिरदावरी सत्यापन के तहत अधिकारियों द्वारा खेतों का दौरा किया जा रहा है, जहां वे फसल की गुणवत्ता, भूमि की स्थिति और उत्पादन की संभावनाओं का मूल्यांकन कर रहे हैं। इस सत्यापन प्रक्रिया से सरकार को वास्तविक डेटा प्राप्त होगा, जिससे कृषि नीतियों को सही दिशा में क्रियान्वित किया जा सकेगा। गिरदावरी सत्यापन के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें 9 नवंबर 2024 के पहले सत्यापन कार्य पूर्ण करना है।

उक्त कार्य हेतु पटवारियों,ग्राम पंचायत के सचिवों की भी ड्यूटी लगी है। सभी जनपद सीईओ यह ध्यान देने कहा है कि ग्राम पंचायत सचिव निर्धारित अवधि तक सत्यापन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें । किसानों ने भी इस पहल की सराहना की है, क्योंकि इससे उन्हें सही समय पर सरकारी सहायता प्राप्त होने की उम्मीद है। इस कार्य के दौरान अधिकारियों द्वारा गांव-गांव जाकर व्यक्तिगत रूप से किसानों से मुलाकात की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गलत जानकारी सामने न आए और उन्हें सही लाभ मिल सके।

# घर-घर नल से जल पहुंचाने मोदी की मंशा पर भ्रष्टाचारी कार्य बना ग्रहण, फिर भी ई ई मेहरबान





पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यपालन अभियंता के संरक्षण से जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुरूप घर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ हुआ है जिसका प्रमुख कारण निर्धारित गहराई किए बिना पाइपलाइन का काम के साथ इस्टीमेट को अनदेखा करने को माना जाता है। मैनपुर ब्लॉक के भाटीगढ़ साहबीन कछार गोपाल पुर मैनपुर कला जैसे कई पंचायत और देवभोग ब्लॉक गाड़ाघाट खवासपारा घोघर खोकसरा दबनई जैसे कई गांव में मापदंड के विपरीत चबूतरा निर्माण हुआ है जिसका उपयोग होने पहले ही खराब हालत में देखा जा सकता है फिर भी पीएचई कार्यपालन अभियंता धरातल स्तिथि को अनदेखा करते धड़ाधड़ ठेकेदारों को आर्थिक लाभ पहुंचाने में पीछे नहीं है यहां बताना लाज़मी होगा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा एक घर पर नल से जल पहुंचाने के लिए 7000 रुपए आवंटित किया है जिसमें नल स्टैंड चबूतरा सहित एचडीपी आशीर्वाद सुप्रीमो सहित सलेक्ट्रेट कंपनी का पाइप डालने का आदेश है इसके अलावा पाइप लाइन बिछाने के लिए 3 फीट गड्ढा खोदने का भी प्रावधान है लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्धारित गड्ढा खोदे बिना ही कई गांव में पाइप लाइन का काम किया है खासकर मैनपुर ब्लॉक के बुरजाबहाल, गोहरापदर , मुचबहाल कांडेकेला एवं देवभोग ब्लॉक के धुपकोट, नवीन सुकलीभांटा सरगीबहेली, कोडकीपारा, चिंगराभांटा, सहित छुरा इलाके में मापदंड के विपरीत कार्य कराया है फिर भी पीएचई कार्यपालन अभियंता गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं जिसका फायदा उठाकर ठेकेदारो सहित अधिकारियों ने अपनी अपनी झोली भर लिया है। जबकि एक गांव में 700 मीटर तक लाखों रुपए खर्च मेन पाइप लाइन डालने के साथ चबूतरा के माध्यम से नल कनेक्शन देने का प्रावधान है ताकि जिले के डेढ़ लाख हितग्राहियों को लंबे समय तक जल जीवन मिशन लाभ मिल पाए मगर जिला एवं ब्लॉक अधिकारियों की ठेकेदारों को संरक्षण देने के चलते यह कार्य भ्रष्टाचार की बलि चढ गया है कुछ जगह कम गहराई करने के अलावा चबूतरा भी स्तरहीन निर्माण हुआ है जिसे आने वाले बरसात तक टिकना भी मुश्किल बताते हैं और ऐसे भ्रष्टाचार कार्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता भली-भांति अवगत है ।

### ईई को निपटाने मुख्यमंत्री से होगी मांग

पिछले कई समय से जल जीवन मिशन अंतर्गत भ्रष्टाचार कार्यों को लेकर शिकवा शिकायत आम है और अब तो कमीशन खोरी का आरोप भी जिम्मेदारों पर लगाया जा रहा है मतलब जितने भी ठेकेदार द्वारा काम कराया है उनसे लगभग कमीशन बंधे होने की चर्चा ब्लॉक से लेकर जिला मुख्यालय पर खूब हो रही है तभी अब तक भ्रष्टाचार के कार्य पर बिल्कुल भी कार्यवाही नहीं हो रहा है जिसे लेकर आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों के बीच पीएचई कार्यपालन अभियंता के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है और बेसब्री से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दौरे का इंतजार किया जा रहा है ताकि मुख्यमंत्री से शिकायत कर तत्काल कार्यवाही की मांग किया जा सके हालांकि पत्राचार के माध्यम से राज्य और केंद्रीय मंत्री को शिकायत करने की तैयारी भी शुरू हो गई है।

### मानिटरिंग की कमी नए कलेक्टर से उम्मीद

जिले के अधिकांश नल जल कार्य इंजीनियर एवं एसडीओ ठेकेदार के भरोसे हैं और ठेकेदार अपने कर्मचारियों के सहारे नल जल कार्य संचालित कर रहे हैं जिसके चलते लोगों की मांग है कि कलेक्टर की निगरानी में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी कार्य को सुधारा जा सके हालांकि इस योजना के अध्यक्ष कलेक्टर ही है जिनके समक्ष पुर्ण होने की झूठी कागजी रिपोर्ट परोसने की बात भी कही जाती शायद यही वजह है कि धरातल की स्तिथि का आकलन करते नल जल पहुंचाने के कार्य अनुसार राशि जारी करने की मांग होती ।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com



आँगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ ने अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधीश के नाम सौंपे ज्ञापन लवन।प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिला जुझारू आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ जिला बलौदाबाजार के प्रतिनिधि अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज़िलाधीश के नाम जिला प्रोग्राम कार्यक्रम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली के संबंध में अवगत कराते हुए ध्यानाकर्षण किये।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सतरूपा ध्रुव, भावना चौहान सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।आपको बताते चलें कि जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्याण संघ का धरना प्रदर्शन रैली आज जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में आयोजित रहेगा। जिसमें जिले के तमाम आँगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की उपस्थिति मौजूद रहेगी।उक्ताशय की जानकारी जिला अध्यक्ष सतरूपा ध्रुव ने पत्रकार कल्याण संघ के बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष गोलू कैवर्त को बताया है।

## आध्यात्मिक सत्संग मेला के नाम पर धर्मातरंण का आरोप

### प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को हिंदू जागरण मंच ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



आध्यात्मिक सत्संग मेला समारोह के नाम पर किये जा रहे धर्मान्तरण पर रोक लगाने की मांग हिंदू जागरण मंच के द्वारा किया गया है। गौरतलब हो? कि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ क्षेत्र में आगामी 14नवंबर से 25 नवंबर तक आध्यात्मिक सत्संग मेला का आयोजन किया जा रहा है । सारंगढ़ बिलाईगढ जिला में बलिजिन्दर सिंग (प्रोपेट) ईसाई धर्म गुरु व कार्यकर्ताओं के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सार्वजनिक रूप से आनलाईन किया जाना बताया जा रहा है।इसी तरह से सारंगढ़ तहसील के ग्राम बैगिनडीह में बिते 03 नवंबर को छलपूर्वक आर्थिक लालच देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास किये जाने का आरोप भी लगा है ,जिसकी भनक लगने पर क्षेत्रिय लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए थाने में शिकायत किया, फलस्वरूप इस आयोजन में लिप्त लोग आयोजन को रोककर वापस चलें गये । बताया जा रहा है कि अब धर्मान्तरण कराने में लिप्त लोगों के द्वारा भटगांव के गदहाभाटा में सत्संग मेला का आयोजन किया जा रहा है ?। जिसके चलते शांति भंग होने की संभावनाएं जताई जा रही है। इस मामले पर सारंगढ़ पुलिस अधीक्षक ने हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों को आश्वस्त भी किया है कि गदहाभाटा में प्रस्तावित आयोजन? की अनुमति नहीं दिया जावेगा। वहीं इस विषय भी जिला के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को हिंदू जागरण मंच के द्वारा ज्ञापन भी सौंपा गया है। हिंदू जागरण मंच के संयोजक किशन गुप्ता के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा को सह संयोजक सचिन ठाकुर, सत्रोहन जायसवाल, पुरूषोत्तम अग्रवाल, मनबोध साहू, परमानंद अग्रवाल, विश्वनाथ बहिदार ओंकार मल्होत्रा, राघव ठाकुर, करन पटेल, मनु थवाईत ज्ञापन सौंपा है।

## पद्मश्री फूलबासन का मोटिवेशन कार्यक्रम 10 नवंबर को देवांगन धर्मशाला में



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

देवांगन समाज जिला युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में रोजगार, स्वरोजगार मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन देवांगन धर्मशाला दानीटोला में 10 नवंबर को किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री फूलबासन यादव प्रमुख रूप से उपस्थित होंगी जिनके द्वारा उपस्थित लोगों को रोजगार, स्वरोजगार पर मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन ने बताया कि जिला युवा प्रकोष्ठ एवं समाज के तत्वाधान में रोजगार, स्वरोजगार मार्गदर्शन एवं मोटिवेशन कार्यक्रम दानीटोला स्थित देवांगन धर्मशाला में 10 नवंबर को रखा गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री से सम्मानित व मां बम्लेश्वरी जनहित कार्य समिति की निर्माता फूलबासन बाई यादव हैं। यादव द्वारा शुरू किये गये महिला स्व सहायता समूह में दो लाख से अधिक महिला, युवा काम कर रहे हैं। उनकी टीम द्वारा घरेलू प्रोडक्ट बनाने की ट्रेनिंग दी जाती है। प्रोडक्ट सेल करने की योजनाएं बताई जाती हैं। फूलबासन यादव मोटिवेशन कार्यक्रम की मुख्य वक्त भी होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष विनय देवांगन करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू, विशिष्ट अतिथि महापौर विजय देवांगन, भाजपा प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, नपं भखारा अध्यक्ष पुष्पलता देवांगन, प्रोफेशनल उद्यमी सतीश वर्मा, बुनकर शिल्प संघ के प्रदेश सचिव अवध देवांगन, जिला देवांगन समाज संरक्षक कुंजलाल देवांगन, छग देवांगन समाज के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामगोपाल देवांगन, घनश्याम देवांगन शामिल होंगे।

## सहकारी समितियों के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से धान खरीदी सहित उपभोक्ता केंद्र होंगे प्रभावित



पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com

किसानों की समितियों की अस्तित्व बचाने के लिए व समितियों में कार्यरत कर्मचारी शासन की धान खरीदी की गलत नीतियों के विरोध में एवं अपने तीन सूत्रीय मांगों को मनवाने के लिए कर रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शनधान खरीदी समय पर न होने का मंडराया काली सायासमर्थन मूल्य धान खरीदी प्रारंभ होने में कुछ दिन ही शेष रह गए हैं लेकिन प्रदेश की 2058 समितियों के कार्यरत कर्मचारी अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ,किसानों की समितियों को बचाने के लिए व शासन की गलत नीतियों विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे धान खरीदी समय पर न होने का खतरा मंडराने लगा है। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारी धरना के लिए पूर्व निर्धारित स्थल तूता में जगह नहीं मिलने से संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन प्रदेश के पूरे पांच संभाग में कर रहे हैं। सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पंजीयन क्रमांक 66 85 के द्वारा 3 सूत्री मांगों को लेकर के मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी अपनी मांगों को लेकर बात रखते हुए निवेदन किया था। 21व 22 अक्टूबर को प्रदेश के जिला मुख्यालयों में जिलाधीश के नाम मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री एवं खाद्य मंत्री को ज्ञापन रैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन शासन प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल नहीं किया गया ।इस कारण 4 नवंबर 2024 से सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए मजबूर हो गए। इस आंदोलन को जब तक मांग पूरा नहीं हो जाता, तब तक अनवरत जारी रखने का संकल्प सभी कर्मचारियों द्वारा लिया गया। क्योंकि सभी कर्मचारियों का व उनके परिवार का भविष्य छिपा हुआ है। चूंकि समिति ही रहेगी तो कार्यरत कर्मचारी रहेंगे। प्रदेश महासंघ कोर ग्रुप सदस्य व बलौदाबाजार-भाटापारा सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिला बलौदाबाजार रामकुमार साहू का कहना है कि हमारी तीन सूत्रीय मांग जो है छोटी -छोटी मांग है जिसको सरकार पलक झपकते ही पूरा कर सकती है। लेकिन विडम्बना है कि अभी तक सहकारी समितियों के तीन सूत्रीय मांगों को लेकर के कोई पहल नहीं हुई है। साथ ही किसानों से अपील किए हैं कि समिति के अस्तित्व को बचाने की संघर्षपूर्ण आंदोलन में सहयोग प्रदान करें। सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याएं तो अनगिनत है। लेकिन फिलहाल हमारी संघ की प्रमुख तीन मांग है जिसमें प्रथम मांग मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर प्रत्येक सहकारी समितियों को प्रतिवर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनु दान दिया जाए। द्वितीय मांग है कर्मचारियों के सेवा नियम में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करते हुए विभागीय भर्ती किया जावे। तीसरी मांग है धान खरीदी में होने वाली सूखत 5% तक को समिति स्तर में मान्य किया जाए, साथ ही खाद, बीज, उपभोक्ता में कमीशन में वृद्धि कर, राशन वितरण में 500 किलो ग्राम /5000रु. प्रतिमाह क्षतिपूर्ति दिया जाए।

## अभियान विश्वास के तहत 1 शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार




**बलौदाबाजार।** अभियान विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर स्कूटी वाहन के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए 01 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 4400 कीमत मूल्य का 40 पाव देशी मसाला शराब, अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर स्कूटी एवीनीस सुजूकी वाहन जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 818/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। मामले में एक अन्य आरोपी फरार है जिसकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। आरोपी जागेश चेलक उम्र 28 साल निवासी सतनाम चौक पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली।

## श्री बजरंग पांवर इस्पात उद्योग की बड़ी लापरवाही, मजदूर युवक की मौत

**तिल्दा-नेवरा** पांवर एवं इस्पात उद्योग की घोर लापरवाही के चलते एक मजदूर युवक को जान गंवानी पड़ी। मामला रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा जनपद पंचायत क्षेत्र की है, ग्राम पंचायत टंडवा में संचालित श्री बंजरग पांवर एवं इस्पात उद्योग में बीती बुधवार रात, काम के दौरान एक युवा मजदुर की करंट लगने से मौत हो गई । बताया जा रहा है कि यह हादसा गैरेन्डेड मशीन चलाते वक्त कटा केबल के चपेट में आने से हुआ है। सूत्रों के अनुसार मूलतः जिला मुंगेली बासीपन ग्राम पंचायत आश्रित ग्राम ठेलकी निवासी



विकास ध्रुव पिता गया राम ध्रुव उम्र 22 वर्ष जो कि मेकेनिकल डिपार्टमेंट में विगत चार वर्षों से कार्यरत था, बीते रात्रि को ओवर टाइम काम कर रहा था इसी दरम्यान करंट लगने से झुलस गया और मौके पर ही उनकी मौत हो? गई। हालांकि उद्योग प्रबंधन के द्वारा उसे मिशन इंवेन्जिलेकल हास्पीटल तिल्दा -नेवरा लाया गया , जहां पर डांक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतक के परिजनो? को उद्योग प्रबंधन के द्वारा 21 लाख रुपए बतौर मुआवजा राशि देकर सांत्वना दिया गया है। लेकिन अब सवाल यह उठता है कि क्या मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देकर उद्योग प्रबंधन अपने दायित्वों से बच सकता है ? चुंकि अधिकतर उद्योग मे दुर्घटना व मौत के पश्चात मुआवजा देकर उद्योग प्रबंधन अपने कर्तव्यों को इति श्री कर देता है। लेकिन यहां पर देखा जा रहा है कि उद्योग के द्वारा कार्यरत मजदुरो को बतौर एहतियातन कितना सुरक्षा ब्यवस्था प्रदान किया जाता है ।वहीं संबंधित अधिकारियों पर भी उंगलियां उठ रही है, जिसके कर्तव्य विहिनता के चलते उद्योग में कार्यरत मजदुर मौत के ग्रास बनते जा रहे हैं। बजरंग स्पंज एवं पांवर उद्योग पर भी यही सवाल दागा जा रहा है।

## सिक्ख समाज के रणजीत आहूजा तीसरी बार बने अध्यक्ष, जोरावर सचिव





**सरायपाली।** सिक्ख समाज में नए पदाधिकारियों का गठन किया गया। इसमें तीसरी बार रणजीत सिंह आहूजा को सिक्ख समाज का अध्यक्ष चुना गया है। नवगठित पदाधिकारियों में संरक्षक अमर बग्गा, मंजीत सिंह सलूजा, विपिन उपोवेजा, उपाध्यक्ष तेजपाल उपोवेजा, राजेश आहूजा, हरप्रीत सिंह, सचिव जोरावर सिंह सलूजा, सह सचिव सूरज सिंह सलूजा, रोहित बग्गा, कोषाध्यक्ष प्रकाश हमदेव, सह कोषाध्यक्ष मनीष आहूजा व राजा उपोवेजा को बनाया गया है।

## फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी प्रशिक्षण 11 नवम्बर से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान बड़ौदा आरसेटी धमतरी द्वारा आगामी 11 नवम्बर से फेटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। निदेशकए बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि पूरी तरह से आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार महिला एवं पुरूष आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। इसके लिए आवेदकों को राशनकार्ड, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और 4 पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ कम्पोजिट भवन के पीछे बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में उपस्थित होने कहा गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं 73899.43193, 88394.68509 और 97559.17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## प्राक्कयन परीक्षा 10 नवम्बर को रायपुर में

**धमतरी।** युवा कैरियर निर्माण योजना के तहत प्री-मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए जिला स्तर पर आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि आवेदन पत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा आगामी 10 नवम्बर को दोपहर 12 से दो बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय, सड्डू, उरकुरा मार्ग, रायपुर में आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त ने कहा कि अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपना रोल नंबर, स्वयं सत्यापित फोटो तथा संपूर्ण विवरण भरकर परीक्षा केन्द्र में अपनी उपस्थिति दें।

## सर्दी-खांसी की गलत दवाई देने वाले आरोपी राजेश मिश्रा गिरफ्तार

### दवाई के नाम पर जहरीला तरल पदार्थ पीने से एक व्यक्ति दिनेश वर्मा की हो गई मृत्यु

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



05 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लवन से प्राप्त मेमो की जांच तस्दीक पर थाना लवन पुलिस द्वारा ईलाजरत राहुल वर्मा से पूछताछ कर कथन लिया गया, जिसमें बताया गया कि 04.11.2024 बजे वह दिनेश वर्मा के निर्माणाधीन मकान में काम पर गया, वहां मोहन धीवर भी साथ था। कि इसी समय आरोपी राजेश मिश्रा वहां पर आया और अभी सर्दी खांसी का सीजन है कह कर अपने पास रखे एक बोतल में रखें तरल पदार्थ को आयुर्वेदिक दवाई है, कफ सिरप है कहकर हम लोगों को दिया। इसके बाद राजेश मिश्रा द्वारा एक स्टील गिलास में आधा पानी और आधा दवाई मिलाकर मुझे, दिनेश वर्मा एवं मोहन धीवर को दिया, जिसे हम तीनों ने पिया। इसके बाद रात्रि 01:30 बजे लगभग मुझे अचानक उल्टी होने लगा तथा मेरा तबीयत बहुत ज्यादा खराब हो गया। तब अपने परिवार वालों को इस बात की जानकारी दिया, तो मुझे अस्पताल लाकर भर्ती कराए हैं। यहां आकर पता चला कि मोहन धीवर और दिनेश वर्मा भी इलाज कराने अस्पताल में भर्ती हुए, जहां पर दिनेश वर्मा की मृत्यु हो गई है। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 458/2024 धारा 105,123 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना लवन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश मिश्रा को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ करने पर सर्दी, खांसी कफ ठीक होने के नाम पर दिनेश वर्मा, मोहन धीवर एवं राहुल वर्मा को आयुर्वेद दवाई के नाम पर जहरीला तरल पदार्थ देना स्वीकार किया गया, जिससे दिनेश वर्मा की मृत्यु एवं दो व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। कि प्रकरण में आरोपी राजेश मिश्रा को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सार्थक में समुद्र मंथन, लक्ष्मी अवतरण प्रसंग का नाट्य प्रदर्शन कर धूमधाम से मनाया दीपावली

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com






मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में दीपावली उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाजसेवी मदन लुनावत, शशि लुनावत एवं स्मिता निलेश जैन, विशेष बच्चों के साथ दीवाली मनाने सार्थक स्कूल आए। बच्चों ने अभिनंदन गीत गाकर उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया। उसके पश्चात बच्चों ने समुद्र मंथन के प्रसंग की, लघु नाटिका के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें हर्षिता गजेंद्र माता लक्ष्मी के रूप में, प्राची सोनी कुबेर भगवान और निखिल जैन, विनित बघेल, ईशु बनपेला, कुलदीप बंजारे, पंकज मंधान, यज्ञदत्त साहू, अर्जुन चक्रधारी, एकलव्य पटेल ने देवगण और असुरों की वेशभूषा में इस नाटिका में बहुत आकर्षक तरीके से, अपनी अपनी भूमिका निभाई। समुद्र मंथन में लक्ष्मी जी के अवतरण पश्चात देवगणों ने उनका स्वागत कर उनको आसन में विराजित किया और उनके साथ कुबेर देव जी को बिठाकर आरती गाकर लक्ष्मी माता की स्तुति की।

उसके पश्चात सार्थक की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी ने बताया कि मदन लुनावत के द्वारा खपरी ग्राम से आने वाली एक बच्ची वत्सला के नियमित स्कूल आने जाने के लिए विगत चार वर्षो हेतु ऑटो का किराया प्रतिमाह प्रदान किया जा रहा है। इस विशेष सहयोग के लिए सार्थक के संरक्षक मदनमोहन खंडेलवाल ने उनका शॉल, श्रीफल से अभिनंदन किया। इसी अवसर पर वत्सला की मां ओमेश्वरी को हृदय सम्बंधित बीमारी में मदद के लिए अतिथि स्मिता निलेश जैन ने सहयोग राशि भेंट की। सार्थक स्कूल में आए हुए अतिथियों ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि ये बच्चे बहुत समझदार और होशियार हैं और इनकी अनुशासनशीलता इन्हें विशेष बनाती है। मदन लुनावत ने काव्य पंक्तियों के द्वारा बच्चों को मोटिवेशनल उद्बोधन दिया और कहा प्रशिक्षकों द्वारा बच्चो को जो ट्रेनिंग दी जा रही है उस मेहनत का फल लक्ष्मी अवतरण की प्रस्तुति में फलीभूत हो रहा है। सचिव स्नेहा राठौड़ ने बताया कि डांस एवं संगीत की प्रशिक्षक स्वीटी सोनी, संगीत प्रशिक्षक देविका दीवान और वरिष्ठ प्रशिक्षक मैथिली गोड़े के निर्देशन में बच्चे पहले से काफी बेहतर परफॉर्म करने लगे है। उन्होंने अतिथियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। तीनों अतिथियों, प्रशिक्षकों और सार्थक के सदस्यों ने बच्चों के हाथ पकड़कर दीए जलवाए। फिर सबने खुश होकर एक दूसरे को हैप्पी दीवाली कहा। अंत में सभी बच्चों को दीपोत्सव की खुशी में मिठाई खिलाकर स्वल्पाहार कराया गया। इस कार्यक्रम में सुभाष मलिक, मैथिली गोड़े, स्वीटी सोनी, सीमा सोनी, आरती सोनी, सुनैना गोड़े, सखीना बाघमारे, नम्रता बाघमारे और अन्य पालक उपस्थित थे।

## राज्योत्सव में सार्थक के बच्चों ने दर्शकों को मुग्ध किया

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com




धमतरी जिला राज्योत्सव में सार्थक स्कूल धमतरी के 11 विशेष बच्चों ने छत्तीसगढ़ी फैशन शो की आकर्षक प्रस्तुति दी। इसमें बस्तरिया, संबलपुरी पारंपरिक वेशभूषा, किसान, पंडवानी लोक गायिका, भील, आदिवासी तथा राउत एवं सुवा नृत्य के परिधान में झलकियां प्रस्तुत की गई। स्कूल के पंकज मंधान, मनीषा साहू, दिशा गौतम, निमेष सिन्हा, हर्षिता गजेंद्र, वत्सला साहू, प्रीति साहू, एकलव्य पटेल एवं विनित बघेल, भारती पटेल एवं सत्यांशु दीप ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुसार विभिन्न किरदार निभाते हुए लोकाचार वेशभूषा, आभूषण आदि के उपयोग करके फैशन शो का मनमोहक प्रदर्शन किया। विशेष बच्चों के इस कार्यक्रम को दर्शकों ने बहुत सराहा। जिला प्रशासन धमतरी की ओर से सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं सार्थक संस्था की अध्यक्ष डॉ सरिता दोशी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सरिता दोशी ने बताया कि स्कूल की नृत्य एवं संगीत प्रशिक्षक स्वीटी सोनी एवं देविका दीवान ने अधिकाधिक मेहनत कर बच्चों को फैशन शो का प्रशिक्षण दिया है। विशेष बात ये है कि दीपावली अवकाश के कारण समय की कमी के बावजूद इन बच्चों ने बहुत सहज रहकर, उत्साह के साथ इस नई विधा को सीखा और राज्योत्सव के भव्य मंच में प्रस्तुति देकर बेहद खुश और प्रोत्साहित हुए हैं। पालकों ने भी सहयोग करते हुए उनकी तैयारी में बहुत साथ दिया। वहीं राज्योत्सव स्थल में सार्थक के प्रशिक्षकों द्वारा हस्तनिर्मित कलात्मक लिफाफों का स्टॉल लगाया गया था जिन्हें बहुत पसंद किया और खरीदा गया। उक्त कार्यक्रम में सार्थक की सचिव स्नेहा राठौड़, सदस्य सुभाष मलिक, पायल खंडेलवाल, सुमन शर्मा, प्रशिक्षकगण मैथिली गोड़े, कु देविका दीवान, स्वीटी सोनी, सुनैना गोड़े, आकाश आहूजा और पालकगण हरीशनारायण गजेंद्र, निशा गजेंद्र, डेरहा राम साहू, ओमेश्वरी साहू, ज्योति गौतम, उमेश पटेल का सक्रिय रूप से सहयोग किया।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने कन्या महाविद्यालय का किया औचक निरीक्षण, वाचनालय को अपग्रेड कर सुविधाजनक बनाने दिए निर्देश







■ कलेक्टर सुश्री चौधरी ने छात्राओं को अध्ययन के लिए किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर और कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चौधरी ने छात्राओं से मिलकर कर उनको अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा, ''आप लोगों को पढ़ाई के साथ इतना सक्षम बनना है कि आप आने वाली पीढ़ी को भी शिक्षित कर सके।'' उन्होंने छात्राओं को सुझाव दिया कि सभी किताबें खरीदना संभव नहीं हो पाता ऐसी स्थिति में आप वाचनालय में समय बिताएं और वाचनालय से विषय वार किताबें प्राप्त कर अध्ययन करें। निरीक्षण के दौरान, संभागायुक्त राठौर एवं कलेक्टर चौधरी ने वाचनालय, डांस सेक्शन, ड्राइंग सेक्शन और रेड क्रॉस सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वाचनालय में उपलब्ध पुस्तकों की गुणवत्ता और विद्यार्थियों द्वारा इसके उपयोग की स्थिति की जांच की। उन्होंने प्राचार्य को वाचनालय को और अधिक व्यवस्थित बनाने और आधुनिक सुविधाओं का प्रबंध के निर्देश दिए। ड्राइंग सेक्शन में संभागायुक्त राठौर ने छात्राओं द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी सराहना की एवं प्राचार्य को इन कलाकृतियों को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। रेड क्रॉस सेंटर की प्रभारी डॉ. रेशमा ने संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर को सेंटर की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां पर कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त राठौर एवं कलेक्टर चौधरी ने महाविद्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया और प्राचार्य को परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और फलदार व छायादार पेड़-पौधे लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर संचालक उच्च शिक्षा डॉ. राजेश पाण्डे, अनुविभागीय अधिकारी हरवंश मिरी, प्राचार्य डॉ. डीसी अग्रवाल, वाणिज्य प्राध्यापक डॉ. केसी राठी और महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# खो-खो प्रतियोगिता की तैयारी अंतिम चरण पर, 08 से 10 नवंबर तक होगी आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ अमलेश्वर
www.dailypioneer.com



पाटन ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत झीट जो खेल के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना रही है जहां के 25 से 30 खिलाड़ी प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं, और अब यहां के खिलाड़ियों एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है जो कि यहां प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली प्रथम प्रतियोगिता होगी।यह प्रतियोगिता 08 नवंबर से 10 नंबर तक आयोजित होगी 08 नंबर को शाम 4:00 बजे उद्घाटन समारोह होगा जिससे मार्च पास्ट आतिशबाजी तथा खिलाड़ियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति होगी। जिसका शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किया जाएगा। 0 9 नवंबर को पूरे दिन खेल प्रतियोगिता आयोजित होगा और 10 नवंबर को शाम 5:00 बजे कार्यक्रम के समापन होगा जिसका मुख्य अतिथि खेल मंत्री टंक राम वर्मा होंगे। इस प्रतियोगिता में लगभग छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले दुर्ग, राजनादगांव, रायपुर, रायगढ़, शक्ति बस स्टैंड, नारायणपुर, भिलाई, कवर्धा, रायपुर, बिलासपुर, बालोद, बलौदा बाजार तथा दूसरे राज्यों के बालक तथा बालिकाओं खो खो खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखाएंगे। मिली जानकारी के अनुसार उड़ीसा के भी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। लगभग लगभग 400 से 500 खिलाड़ी भाग लेंगे और प्रोत्साहन राशि के रूप में आयोजकों के द्वारा खिलाड़ियों के पुरस्कारों की व्यवस्था किए हैं। जिसे प्रथम पुरस्कार बालक बालक वर्ग 22222 रु द्वितीय पुरस्कार 17777 तृतीय पुरस्कार 15555 चतुर्थ पुरस्कार 7777 रुपया दिया जाएगा। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम 15555 द्वितीय 7777 तृतीय 5555 एवं विशेष पुरस्कार की भी व्यवस्था की गई है 3 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों के लिए आवास भोजन यातायात की व्यवस्था आयोजन समिति के ओर से निशुल्क रहेगी। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के खो-खो खेल को आगे बढ़ाना है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी भी खेल क्षेत्र में आगे बढ़े। सरफी लाइट तथा एलइडी लाइटों से सजेगी मैदान खेलने के लिए खो खो मेट लगाया जाएगा। स्कोरिंग के लिए डिजिटल स्क्रीन लगाई जाएगी और यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारण भी किया जाएगा खिलाड़ियों के लिए आवास सभी सामाजिक भावनाओं तथा स्कूलों में की जाएगी।

# रिखी संग सरगुजिहा करमा पर मांदर की थाप देते झूम उठे सीएम साय

## राज्योत्सव में साय ने सराहा रिखी व उनके समूह का नृत्य

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में जनसंपर्क विभाग छत्तीसगढ़ शासन के पैवेलियन पर शानदार माहौल बना दिया। रिखी और उनके समूह की प्रस्तुति की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुल कर तारीफ की। इस दौरान जब रिखी क्षत्रिय ने लोहाटी बाजा के साथ सरगुजिहा करमा की धुन छेड़ी तो मुख्यमंत्री साय भी खुद को रोक न सके। साय ने मांदर पर थाप देते हुए करमा नृत्य किया। जिस पर रिखी और उनके साथियों ने भी जमकर नृत्य प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया गया था। इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग के पैवेलियन में लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय अपने दल के साथ आदिवासी अंचल के दुर्लभ वाद्ययंत्र लेकर पहुंचे थे। यहां पहुंचने वाले आगंतुकों ने रिखी क्षत्रिय के इस दुर्लभ संग्रह को बेहद जिज्ञासा के साथ देखा और जरूरी जानकारी ली। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। उन्होंने रिखी और उनके समूह को बधाईयां दी और भविष्य में भी छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति को देश-विदेश में पहुंचाने के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान रिखी क्षत्रिय और उनके समूह ने सरगुजिहा करमा की धुन पर शानदार लोकनृत्य प्रस्तुत किया।

# जनजाति समुदाय के देश की आजादी में योगदान को जाना कॉलेज स्टूडेंट ने

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



शासकीय इंदिरा गांधी वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई में जनजाति समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गयाद्य प्राचार्य डॉ अल्का मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ वेदवती मंडावी, डॉ आशुतोष मंडावी तथा डॉ मृणाल सिंह वक्ता थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, गुंडाधुर और भारत माता के तैलचित्र पर पुष्प अर्पण के साथ प्रारंभ किया गया। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड पर आयोजित किया गया, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी यू.एस.ए. से डॉ मृणाल सिन्हा (एसोसिएट प्रोफेसर) ऑनलाइन मोड पर थे। डॉ मृणाल सिन्हा ने जनजातीय समाज पर अनेक शोध किए हैं उस शोध कार्य को हम सबके साथ साझा करते हुए ,जनजाति समाज के बारे में कहा-जनजातियों की वर्तमान स्थितियों व स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका और योगदान विषय पर अपना सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किया। इसी क्रम में कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय रायपुर पत्रकारिता एवं जनसंपर्क विभाग से पधारे हुए प्रोफेसर डॉ आशुतोष मंडावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि- जनजाति भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, गुंडाधुर, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राजाओं, महाराजाओं ने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों का विरोध करते हुए अनेक जनजातियों के प्रतिनिधियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को स्वतंत्र बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इसी क्रम में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ वेदवती मंडावी ने जनजातीय समाज पर जानकारी देते हुए कहा- जनजातीय समाज की संस्कृति, सभ्यता, परंपरा और उनके योगदान विशेष कर मोहनजोदड़ो, हड़प्पा संस्कृति व स्वाधीनता संग्राम में हुए शहीदों के योगदान,गोड़ जनजातियों की गोटुल परम्परा और टोटम व्यवस्था के माध्यम से जीव-जंतुओं व पेड़-पौधे की सुरक्षा करना महत्वपूर्ण पहल है।

# मातृशक्ति पूजन और नारी सम्मान में दिखी संस्कृति की झलक

## घर की लक्ष्मियों की भी की गयी विशेष पूजा-अर्चना

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



हमारे त्योहारों और पर्वों में दिखाई देती है हमारी संस्कृति। भारतीय पर्वों का अर्थ है सबको आपस में जोड़ने वाले। अनेक रूपा महालक्ष्मी का महापर्व दीपावली का इस रूप में भी विशेष महत्व है। माता, बहिन, बेटी और धर्म पत्नी आदि भी महालक्ष्मी के रूप हैं। महिला का अर्थ भी उत्सवधर्मी है। उनके सम्मान या सहयोग से ही दिवाली सफल रहती है। दिवाली के सार्थक और विशेष पूजा-अर्चना प्रसंग पर धर्म-संस्कृति मर्मज्ञ आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा ने ये उद्गार व्यक्त किये। आचार्य डॉ. शर्मा ने पारिवारिक आवास शिवायनमः में मातृशक्ति पूजन और नारी सम्मान में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में नारी शक्तियां दीपावली के लिये जागकर घर-आंगन को चमका देंती हैं तो ग्यारह दिन बाद देवउठनी को पुरुषोत्तम देवगण उठते हैं ।

# दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने वाले अधिकारी को महापौर ने अपने वाहन से पहुंचाया निवास, बाजे गाजे के साथ दी बिदाई

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



रिसाली निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक जगरनाथ कुशवाहा को सेवानिवृत्त होने पर बाजे-गाजे और आतिशबाजी कर बिदाई दी गई। 33 वर्षो तक निष्ठापूर्वक कार्य करने पर उन्हे आयुक्त मोनिका वर्मा ने दीर्घायु होने की कामना करते शुभकामनाए दी। वही महापौर शशि सिन्हा ने सम्मान पूर्वक अपने सरकारी वाहन में बैठाकर निवास स्थान तक पहुंचाया। नगर पालिक निगम में बेहद सरल और मृदभाषी अधिकारी के रूप पहचान बनाने वाले वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक को धूम-धाम से विदाई दी गई। विदाई समारोह में सभापति केशव बंछोर ने रूंधे हुए गले से उद्बोधन दिया। वही महापौर ने आने वाली नई पीढ़ी को अनुभव और मार्गदर्शन देने की बात कही। इस अवसर पर समारोह में एमआईसी डॉ. सीमा साहू, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, कार्यपालन अभियंता एम.पी. देवांगन, प्रभारी उपअभियंता गोपाल सिन्हा, राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा, बृजेन्द्र परिहार, किरण वर्मा, चन्द्रपाल हरमुख, स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के विष्णु चन्द्राकर, शरद दुबे, सुरेन्द्र सोनबोईर आदि उपस्थित थे। पहले पगड़ी पहनाया फिर सम्मान नगर पालिक निगम रिसाली में आयोजित विदाई समारोह में यह पहला अवसर था जब पूरा कार्यालय सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी को घर तक पहुंचाया। दुपहिया और चार पहिया वाहनों का काफिला था। काफिला के आगे ढोल बज रहे थे और आतिशबाजी हो रही थी। विदाई समारोह में स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के रिसाली शाखा ने पहले पगड़ी पहनाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। बाद में महापौर और कार्यपालन अभियंता एम.पी. देवांगन ने निगम की ओर से शाल, श्रीफल, गुलदस्ता और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेन्द्र भगत ने भी शाल ओढ़ाकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सूर्य देवता को अर्ध देने वाले श्रद्धालुओं को मिले सुविधा : महापौर

## परिषद के सद्स्यों के साथ महापौर ने की तालाबों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



छठी मईया का व्रत निर्जला रखा जाता है। वे डूबते और ऊगते सूर्य को अर्ध देती है। महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर ने निगम क्षेत्र स्थित मरोदा डेम और तालाबों का निरीक्षण की। निगम अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दी। महापौर ने कहा कि बुधवार की रात से व्रत शुरू हो गया है।

सुबह महापौर सबसे पहले बीएसपी के मरोदा डेम पहुंची। उन्होंने वहां व्यवस्था सम्भाल रहे प्रभारी सहायक अभियंता गोपाल सिन्हा और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी बृजेन्द्र परिहार को शाम को डेम और तालाब पहुंचने वाले व्रतधारियों को असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा। महापौर ने लाइट की पर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

महापौर के साथ महापौर परिषद के सद्स्य अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, परमेश्वर देवदास, डॉ. सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

**घाट बनाने दिए निर्देश**-महापौर और सभापति केशव बंछोर ने मरोदा डेम के उबड़ खाबड़ तट को तत्काल जेसीबी बुलवाकर ठीक कराया। वहीं व्ही.आई.पी. नगर तालाब और हिंद नगर तालाब में रेत की बोरियों से घाट बनाने के निर्देश दिए। महापौर अपनी टीम के साथ रूआबांधा तालाब का भी निरीक्षण की।

# प्रधानपाठक पदोन्नति काउंसलिंग प्रक्रिया शासन के निर्देशानुसार आयोजित हुई : जिला शिक्षा अधिकारी

**गरियाबंद।** जिला गरियाबन्द अंतर्गत परिभ्रमण में रखे गये सहायक शिक्षक एल.बी. को प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नत किया है। विकासखंड स्त्रोत केन्द्र समन्वयक गरियाबन्द में दोपहर 03 बजे कॉउसंलिंग आयोजित की गई। जिलें में कुल 24 शिक्षकों का ओपन कॉउसंलिंग किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने बताया कि पूरी कॉउसंलिंग प्रक्रिया संचालक लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर के आदेश निर्देश के अनुसार किया गया है। दो शिक्षको द्वारा बिना शासन के नियम निर्देशो, शासन की प्रि याओं का ज्ञान न होने के कारण विभाग की छबि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इस पूरी प्रकिया में काउंसलिंग समिति में शामिल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबन्द के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक, सहा. सांखिकी अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, कनिष्ठ लेखा परीक्षक स्थापना शाखा की उपस्थिति में किया गया।


## मांग सूचना

जबकि एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड (नीचे उल्लिखित ट्रस्टों के लिए न्यासी के रूप में कार्य करना) (इसके बाद "एआरसीआईएल" के रूप में संदर्भित) का प्राधिकृत अधिकारी कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित है और वित्तीय एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड और सुरक्षा हित अधिनियम के प्रवर्तन के भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है, 2002 (इसके बाद "सरफेसी अधिनियम" के रूप में संदर्भित) और जबकि नीचे दिए गए चार्ट के कॉलम नंबर 2 में उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं ने मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया, मूल ऋणदाताओं और जबकि एआरसीआईएल ने नीचे उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है और जबकि एआरसीआईएल ने सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित लेनदार होने के नाते, और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 2 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को नीचे उल्लिखित मांग नोटिस जारी किया है, (घ) सरकार ने नोटिस में उल्लिखित राशि को नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर उस पर और ब्याज सहित चुकाने के लिए कहा है, लेकिन विभिन्न कारणों से उनमें से कुछ को नोटिस तामील नहीं किए जा सके।

| ऋण सं. / मूल ऋणदाता का नाम / मांग नोटिस तिथि / ट्रस्ट का नाम | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम | कुल बकाया रुपये में मांग सूचना तिथि के अनुसार |
|---|---|---|
| **ऋण: 18600080075 18600081181**<br>**मूल ऋणदाता: मुथूट हाउसिंग फाइनेंस कंपनी लिमिटेड**<br>**मांग सूचना की तिथि : 23-10-2024**<br>**ट्रस्ट का नाम: आर्सिल-रिटेल लोन पोर्टफोलियो-086-ए-ट्रस्ट ("आर्सिल")** | तनेश रूप राम देवांगन उर्फ थानेस कुमार उर्फ तनेश देवगन, कुंटी तनेश कुमार देवांगन उर्फ कुंटी देवांगन | **रु. 17,04,450.56/- (रुपये सत्रह लाख चार हजार चार सौ पचास और पैसे केवल केवल) 23-10-2024 तक** |

**संपत्ति का विवरण -** खसरा नंबर 15, क्षेत्रफल 1050 वर्ग फुट का वह सारा टुकड़ा और संपत्ति का हिस्सा। ग्राम भोथाली, पीएचएन नंबर -34 आरएनएम, तहसील खुर्द, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़ में स्थित है। द्वारा घिरा हुआ : उत्तर : शांतारुघन मोहन का घर दक्षिण : रूपराम का घर, पूर्व - रमेश का घर, पश्चिम : टेक राम की भूमि

अत: उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को, जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, नोटिस दिया जाता है जिसमें उनसे इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के प्रति ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान किया जाता है। संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता द्वारा आगे ब्याज सहित कुल बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर, एआरसीआईएल को ऊपर वर्णित संपत्तियों पर प्रतिभूति हित लागू करने के लिए धारा 13(4) के तहत लेने के लिए बाध्य किया जाएगा, अधिनियम और इसके तहत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित अन्य तरीकों से नोटिस की तामील के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं।. आपको ध्यान दिया जाता है कि उक्त बंधक को सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी संधि के लिए नोटिस के प्रकाशन की तारीख से पहले किसी भी समय आर्सिल द्वारा लागत, शुल्क और खर्चों के साथ पूरी राशि के भुगतान पर भुनाया जा सकता है, जैसा कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (8) में विस्तृत है।
ध्यान दें कि सरफेसी अधिनियम की धारा - 13 (13) के संदर्भ में, आपको बिक्री, पट्टे या किसी अन्य तरीके से किसी भी तरीके से सुरक्षित संपत्तियों को स्थानांतरित करने और/या व्यवहार करने से रोक दिया जाता है।

**दिनांक -30-10-2024, स्थान - रायपुर** — **एसडी/-, अधिकृत अधिकारी, एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**

Arcil Premier ARC
**एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड**
विभिन्न आर्सिल ट्रस्टों के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करना,
आर्सिल कार्यालय: रूबी, 10 वीं मंजिल, 29, सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम) मुंबई -400 028।
शाखा कार्यालय: कमरा नंबर 1001, 10 वीं मंजिल, सिग्नेट टॉवर, डीएन -2, डीएन ब्लॉक (कॉलेज मोर के पास), साल्ट लेक सेक्टर -5, कोलकाता - 700091



## कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला-रायपुर (छ.ग.)

निविदा विज्ञप्ति क्रमांकः-वपुअ/राय/रनि/7744/2024 — रायपुर, दिनांक 04/11/2024

### // निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-02/2024-25//

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर के द्वारा थाना टिकरापारा परिसर में रिकार्ड रूम एवं कक्ष निर्माण कार्य कराये जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंतित्र की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाण पत्र सहित) के साथ निविदा प्रपत्र के मुल्य राशि रू. 750/-रू. का कोशालय/राष्ट्रीयकृत/अधिकृत बैंकों से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के नाम से **लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियाँ** के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति रक्षित आरक्षी केन्द्र रायपुर को प्रस्तुत कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदाकारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना टिकरापारा परिसर में रिकार्ड रूम एवं कक्ष निर्माण कार्य हेतु। | 20,00,000/- | 15,000/- | ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' अथवा उससे उच्च श्रेणी |

1. निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय - 24.11.2024 समय 17.00 बजे तक।
2. निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय - 26.11.2024 समय 15.00 बजे तक।
3. टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय - 26.11.2024 समय 16.00 बजे तक।
4. फायनेशियल बिड खोलने का समय पृथक से अवगत कराया जावेगा।

**नोट :-** निविदा की नियम व शर्ते टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में रक्षित आरक्षी केन्द्र कार्यालय रायपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**

G-242503627/3



## ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

### GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 15-11-2024 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://gold.matexnet.org/
Contact Number: 9500173386/9962979770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

**BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS**

**AKALTARA:** 75240000627361, 666186, 837305, **BAGBAHARA**: 63230000353922, 458494, 458664, 63240000060344, 75230002129493, 75240000649079, 728501, **BAIKUNTHPUR**: 75240000111472, 144099, **BALOD**: 63240000166294, 75230001535675, 554259, 6424, 75240000196380, 628799, **BALRAMPUR**: 63240000153529, 75240000749651, **BHATAPARA**: 63240000166444, 75230002109951, 75240000340990, 522698, 716234, 772886, **BHILAI**: 63230000425977, 437264, 116940, 124274, 171424, 205043, 208537, 231473, 231553, 236054, 242072, 259160, 75230002101375, 125480, 135871, 75240000172385, 246177, 255160, 270831, 418404, 419593, 421388, 421398, 467031, 473639, 487663, 487833, 526521, 675979, 706293, 749011, 782397, 827154, 832714, **BILASPUR**: 63240000080735, 192724, 75230002091672, 156321, 164715, 75240000096558, 269924, 317834, 411267, 418274, 440182, 449025, 486634, 615844, 652523, 658462, 670638, 746376, 746716, 765800, 811384, 884735, 885274, **CHAMPA**: 63240000236604, 75230001548851, 555337, 560097, 683035, 32314, 56099, 72418, 112464, 155953, 75240000340630, 494439, 642392, 656075, 728851, 738052, **CHANDIGARH**: 63240000100410, 102246, 134005, 136412, 140534, 166134, 186446, 240645, 75240000306145, 704106, 818952, **DHAMTARI**: 63240000107287, 158370, 75230002059123, 75240000484618, 901635, **DONAGARGARH**: 63240000023254, 63598, 102986, 107077, 75230002040919, 61289, 87130, 147398, 75240000071285, 257686, 383898, 430271, 646354, 700574, 757485, 771348, 836697, **DURG**: 63230000328540, 432083, 63240000047249, 243880, 247253, 271556, 75240000383188, 812763, **JAGDALPUR**: 63240000275049, **JASHPUR**: 75240000677715, **KATGHORA**: 63240000122928, 167563, 169449, 75240000836507, **KAWARDHA**: 75230002100637, 75240000631673, 640755, 788236, 821865, 870452, 903882, **KHARSIA**: 63230000450519, 456958, 75230002009259, 75240000690110 **KORBA**: 63240000121430, **MAHASAMUND**: 63240000039354, 105901, 183592, 75240000248034, 273315, 341858, 344273, 435112, 534335, 534485, 573201, 679542, 683064, 732373, 899057, **MUNGELI**: 75230002043743, 75240000418524, 437588, 463338, 494779, 522768, 533857, 575947, 578452, 592634, 661455, 700464, 722192, 752794, 771628, 772096, 789164, 811664, 837515, 879365, 881721, **PAKHANJORE**: 63230000430227, 431535, 449952, 63240000234917, 282095, 75240000775261, **PITHORA**: 63240000119444, 155625, 246624, 246754, 296459, 75230002070452, 70592, 119482, 136369, 75240000266899, 378298, 395325, 517168, 645736, 758704, 898929, **RAIGARH**: 63230000439131, 63240000072281, 109714, 116480, 151823, 161124, 166234, 179930, 193433, 212639, 237732, 258672, 264240, 269891, 280259, 293024, 294233, 75230001539168, 745100, 75240000348505, 662644, **RAIPUR**: 63240000047319, 58388, 75230002160203, 75240000199594, 200174, 201743, 218131, 279594, 337996, 344013, 378778, 433375, 536482, 545194, 579900, 584030, 587834, 617100, 623928, 643710, 747044, 812973, **RAJNANDGAON**: 63230000434740, 75230001209030, 685652, 75240000519234, 609755, 821945, 823912, **SARANGARH**: 63230000433252, 63240000166814, 275019, 75230002010096, 12523, 26216, 51498, 158207, 75240000075488, 609565, 746476, **SHIVRINARAYAN**: 63240000294823, 75230002082179, 103262, 75240000192457, 270391, 639278, 639598, 669041, 671636, 672204, 683164, 728381, 740707, 814039, 814309, 814549, 814569, 814649, 830058, 838364, 908083.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: **08-11-2024**

Sd/-
Authorized Signatory

## संपादकीय

### कायरतापूर्ण हमला कनाडा में भारतीय प्रवासी

कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर पर हाल ही में हुए हमले ने एक बार फिर भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण कूटनीतिक स्थिति को उजागर कर दिया है, जिसमें दोनों देश घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के जटिल जाल में उलझे हुए हैं। मंदिर के बाहर खालिस्तानी समर्थक चरमपंथियों की हिंसक झड़पों से चिह्नित इस घटना की कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों ने कड़ी निंदा की। हालांकि, दोनों नेताओं की प्रतिक्रिया उनके दृष्टिकोण में स्पष्ट अंतर को रेखांकित करती है, जिससे द्विपक्षीय संबंधों में और तनाव पैदा होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमले की निंदा की और दृढ़ निश्चयी और स्पष्ट थे। सोशल मीडिया पर उन्होंने हमले पर अपनी निराशा व्यक्त की, इसे हिंदू धार्मिक भावनाओं के खिलाफ एक जानबूझकर किया गया कृत्य बताया और जोर देकर कहा कि हिंसा के ऐसे कृत्य कभी भी भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। पीएम मोदी ने कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने का आह्वान करने से पीछे नहीं हटे, जिससे यह स्पष्ट संदेश गया कि भारत को उम्मीद है कि ओटावा अपने प्रवासियों की सुरक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा। जबकि ट्रूडो ने भी मंदिर पर हमले की निंदा की, उनके बयान में शामिल खालिस्तानी चरमपंथियों का कोई सीधा उल्लेख नहीं किया गया।



यह चूक ट्रूडो द्वारा कनाडा के भीतर भारत से संबंधित तनावों को संभालने में एक आवर्ती मुद्दे को दर्शाती है, जहां एक मुखर खालिस्तानी समुदाय को भारत द्वारा शत्रुतापूर्ण माने जाने वाले कार्यों में फंसाया गया है। इस गुट को सीधे संबोधित करने में ट्रूडो की हिचकिचाहट भारत-कनाडा संबंधों में लगातार अड़चन रही है, जिसने कनाडा में भारतीय प्रवासियों और व्यापक हिंदू समुदाय को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ओटावा के रुख के बारे में नई दिल्ली में चिंताओं को बढ़ा दिया है।


यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देशों के बीच व्यापक राजनयिक संबंध काफी तनाव में हैं, हाल ही में आरोप-प्रत्यारोपों ने आपसी अविश्वास की भावना पैदा की है। पिछले सितंबर में, ट्रूडो ने आरोप लगाया था कि भारत एक प्रसिद्ध खालिस्तानी कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की मौत में शामिल हो सकता है, जिसकी कनाडा में रहस्यमय परिस्थितियों में हत्या कर दी गई थी। हालांकि कनाडाई प्रधानमंत्री ने अभी तक इस दावे के लिए ठोस सबूत नहीं दिए हैं, लेकिन इस आरोप ने दोनों देशों के बीच मतभेदों को और गहरा कर दिया है, जिससे भारत को इस तरह की किसी भी संलिप्तता का खंडन करने और कनाडाई सरकार के रुख की आलोचना करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मोदी की हालिया टिप्पणियों ने विवाद के एक और मुद्दे को भी छुआ है- कनाडा में भारतीय वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों की कथित निगरानी। इसने न केवल सुरक्षा संबंधी चिंताओं को उठाया है, बल्कि कनाडाई सीमाओं के भीतर भारतीय राजनयिकों के सामने आने वाली बढ़ती कठिनाई को भी उजागर किया है। मंदिर पर हमले जैसी घटनाओं के साथ निगरानी की मौजूदगी ने इस धारणा को बढ़ावा दिया है कि खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों का हौसला बढ़ रहा है, भले ही ट्रूडो का प्रशासन इन समूहों का पूरी तरह से सामना करने के लिए अनिच्छुक दिखाई दे रहा हो। प्रत्येक नई घटना के साथ - चाहे वह मंदिर पर हमला हो या राज्य समर्थित हत्या की साजिशों का आरोप - विभाजन केवल बढ़ता ही जा रहा है, जो रचनात्मक संबंधों के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धताओं की लचीलापन की परीक्षा ले रहा है।

# एकीकरण के सूत्रधार को श्रद्धांजलि

**सरदार वल्लभभाई पटेल को ऐतिहासिक श्रद्धांजलि देते हुए सरकार ने भारत को एकीकृत करने में पटेल की अडिग विरासत का सम्मान करने के लिए 150वीं वर्षगांठ मनाने की घोषणा की है।**

अनिर्बान गांगुली
(लेखक, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं)





केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि सरदार पटेल के स्मारकीय योगदान का सम्मान करने के लिए, दुनिया के सबसे मजबूत लोकतंत्रों में से एक की स्थापना के पीछे दूरदर्शी के रूप में उनकी स्थायी विरासत और कश्मीर से लक्षद्वीप तक भारत को एकीकृत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करने के लिए, जो अमिट है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार 2024 से 2026 तक उनकी 150वीं वर्षगांठ मनाएगी।

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को खड़ा करने के लिए देशव्यापी आंदोलन के बाद, यह एक और महत्वपूर्ण अवसर है, जब सरदार पटेल की विरासत को याद किया जाएगा और संजोया जाएगा। यह सम्मान लंबे समय से अपेक्षित था और पूरी तरह से इसके हकदार हैं। 1975 में सरदार की शताब्दी को कम महत्व दिया गया था। यह जानबूझकर किया गया था। इंदिरा के नेतृत्व वाली कांग्रेस अनैतिक और क्रूर आपातकाल लागू करने में व्यस्त थी, इसलिए उसके पास सरदार पटेल को याद करने के लिए बहुत कम समय था।

स्मरणोत्सव निश्चित रूप से कठिन सवाल खड़े करता। इसके अलावा, क्या सरदार की लोकतांत्रिक विरासत को याद किया जा सकता था, जब पूरा विपक्ष, बिना चाटुकार कम्युनिस्टों के, सलाखों के पीछे हो? सरदार पटेल के अग्रणी जीवनीकारों में से एक, राजमोहन गांधी ने 1991 में लिखा कि कैसे नेहरू के मामले में आभार 'बहुत अधिक' था और गांधी के मामले में 'कर्तव्यनिष्ठ', लेकिन पटेल के मामले में 'कंजूस' था।

1989 में नेहरू शताब्दी समारोह के बारे में बोलते हुए, गांधी लिखते हैं कि इसे 'हजारों बिलबोर्ड, स्मारक टीवी धारावाहिकों, त्योहारों और कई अन्य मंचों पर अभिव्यक्त किया गया।' जबकि आपातकाल लागू होने के चार महीने बाद, 31 अक्टूबर, 1975 को पटेल की शताब्दी 'इसके विपरीत, आधिकारिक भारत और बाकी प्रतिष्ठान द्वारा पूरी तरह से उपेक्षित थी।' ब्रिटिश अर्थशास्त्री और संपादक हैरी हॉडसन के साथ एक लंबे साक्षात्कार में, पटेल की छाया और मुख्य संकटमोचक, वीपी मेनन ने एक दिन को याद किया जब आमतौर पर सहिष्णु और ध्यान आकर्षित करने वाले पटेल ने नेहरू से बात करना चुना। 'आपको लगता है कि आपने कांग्रेस बनाई है?', उन्होंने झट से कहा, 'हम सभी इसके सह-निर्माता हैं। क्या आपको लगता है कि मैं आपका पद चाहता हूं? अगर ऐसा होता, तो मैं अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं देता और गांधीजी से नहीं कहता कि आप पदभार संभाल लें। मैंने उनसे कहा कि मैं अपना पद छोड़ दूंगा।'

मेनन की जीवनी में नारायणी बसु ने उस विशेष रूप से तीखे मुलाक़ात का हवाला देते हुए लिखा है, 'सरदार की आवाज़ में दुर्लभ भावना थी।' सरदार पटेल के बाद कांग्रेस को यह विश्वास दिलाया गया कि यह केवल नेहरू ही थे जिन्होंने इसे बनाया है और इसलिए केवल वे और उनके राजनीतिक वंशज ही स्मरण और स्मरण के पात्र हैं। वीपी को यह देखकर दुख हुआ कि 'नेहरू ने आदर्शवाद और महानता के आवरण के नीचे खुद को लपेट लिया, एक प्रतिशोधी और तुच्छ व्यक्ति मौजूद था।'

> स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को खड़ा करने के लिए देशव्यापी आंदोलन के बाद, यह एक और महत्वपूर्ण अवसर है, जब सरदार पटेल की विरासत को याद कर संजोया जाएगा। यह सम्मान लंबे समय से अपेक्षित था। 1975 में सरदार की शताब्दी को जानबूझकर कम महत्व दिया गया था। इंदिरा के नेतृत्व वाली कांग्रेस अनैतिक और क्रूर आपातकाल लागू करने में व्यस्त थी, इसलिए उसके पास सरदार पटेल को याद करने के लिए बहुत कम समय था।

पटेल को इतने करीब से देखने वाले व्यक्ति के लिए, वीपी ने हडसन से कहा कि सरदार 'बहुत ही कटु और दुखी व्यक्ति के रूप में मरे' और 'पंडितजी को उनके साथ ऐसा व्यवहार कभी नहीं करना चाहिए था।' पटेल और हमारे राष्ट्रीय अभियान में उनके योगदान को नकारने की यह प्रवृत्ति नेहरू के वंश और कांग्रेस में व्याप्त थी, जिसे उन्होंने पटेल के बाद आगे बढ़ाया।

अपनी जीवनी में लालकृष्ण आडवाणी ने पटेल के निधन के बाद कांग्रेस की गिरावट का सही वर्णन किया है और तर्क दिया है कि 'सरदार पटेल के निधन के बाद, कांग्रेस पार्टी में कोई भी ऐसा नहीं बचा था जो विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर नेहरू के नकारात्मक विचारों का प्रतिकार कर सके।'

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अनुयायी और उनके बौद्धिक और राजनीतिक वंश से संबंधित होने के नाते, सरदार पटेल की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर मुझे स्वतंत्र भारत के पहले मंत्रिमंडल में उनके बीच के विशेष बंधन की याद आती है। पटेल के जीवनी लेखक राजमोहन गांधी का तर्क है कि 'अंबेडकर और मुखर्जी के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण चयन में, निस्संदेह पटेल की निर्णायक भूमिका थी।' जबकि सरदार की नज़र '1946 की गर्मियों' से ही बाबासाहेब अंबेडकर पर थी, डॉ मुखर्जी, जो उस समय हिंदू महासभा का प्रतिनिधित्व करते थे, ने मार्च 1947 में बंगाल के विभाजन की मांग और वकालत करके और 'एक एकीकृत और स्वतंत्र संप्रभु बंगाल के लिए असफल प्रयास में शामिल होने से इनकार करके सरदार की प्रशंसा अर्जित की थी, जिसे शरत बोस और बंगाल के तत्कालीन मुस्लिम लीग के प्रधानमंत्री, खूनी 1946 के 'डायरेक्ट एक्शन' के मास्टरमाइंड एच एस सुहरावर्दी ने पेश किया था। यह सुहरावर्दी द्वारा पूरे बंगाल को भारत से अलग करने और अंततः इसे अपने मालिक जिन्ना के पाकिस्तान के कड़ाहे में फेंकने की एक चतुर चाल थी।

डॉ. मुखर्जी की साहसिक वकालत और उनकी मांग के प्रति सरदार पटेल के समर्थन ने बंगाल को बचाया और यह सुनिश्चित किया कि इसका एक हिस्सा भारत का अभिन्न अंग बना रहे। यह एक ऐसा क्षण था, जैसा कि आने वाले वर्षों में आने वाले कुछ और पलों में हुआ, जिसमें सरदार पटेल और डॉ. मुखर्जी दोनों ने मिलकर काम किया।

अपने विशाल संस्मरणों, 'लिविंग एन एरा' में, वरिष्ठ कांग्रेसी डीपी मिश्रा याद करते हैं कि जब सुहरावर्दी को एहसास हुआ कि बंगाल को छीनने की उनकी नापाक योजना विफल हो रही है, तो 'उन्होंने सांप्रदायिक युद्ध के परिणामस्वरूप कलकत्ता को नष्ट करने की परोक्ष धमकी देना शुरू कर दिया' और माउंटबेटन से कहा कि उन्हें कलकत्ता में 'गंभीर दंगों और क्षति का डर है' और वे शहर पर 'छह महीने का संयुक्त नियंत्रण चाहते हैं'। मिश्रा लिखते हैं कि जब माउंटबेटन ने प्रस्ताव पर पटेल की प्रतिक्रिया मांगी, तो पटेल ने जवाब दिया, 'छह घंटे भी नहीं।' ये सभी बातें याद रखने, स्मरण करने और फिर से देखने लायक हैं।

2013 से 2104 तक राष्ट्रव्यापी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी आंदोलन, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को खड़ा करने और अनावरण करने का विशाल मिशन और %राष्ट्रीय एकता दिवस% का स्मरणोत्सव, ये सभी पिछले दशक में मील के पत्थर रहे हैं। एक लंबी और जानबूझकर उपेक्षित विरासत को मुख्यधारा में लाया जा रहा है।

# आध्यात्मिक निरंतरता का स्रोत पुनर्जन्म

> पुनर्जन्म न केवल आध्यात्मिक निरंतरता का स्रोत है, बल्कि उच्चतर चेतना की खोज का आधार भी है।

ब्रह्मकुमार निकुंज
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हर बार जब हम मृत्यु देखते हैं या अंतिम संस्कार में शामिल होते हैं, तो हम कब्रिस्तान में होने वाली एकांतवास जैसी स्थिति का अनुभव करते हैं, जो हमारे मन और शरीर को सुन्न कर देती है। यह हमें हमारे जीवन के उद्देश्य पर ही सवाल उठाने पर मजबूर कर देता है। हम सोचने लगते हैं कि अगर मृत्यु ही सब कुछ है और यह किसी को भी, कभी भी मार सकती है, तो हमें अच्छे कर्म करने और अपने पापों की सजा से डरने की क्या ज़रूरत है? मुख्य रूप से दो तरह के लोग हैं, जो इस संबंध में दो अलग-अलग मान्यताएं रखते हैं।

पहले तरह के लोग मनुष्य के पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं और दृढ़ता से महसूस करते हैं कि हमारे अच्छे और बुरे कर्मों का हिसाब न्याय के दिन तय किया जाएगा, जब मृतक अपनी कब्रों से उठेंगे, और फिर दूसरे तरह के लोग हैं जो न केवल यह मानते हैं कि मानव आत्माएं पुनर्जन्म लेती हैं, बल्कि उन्हें यह भी लगता है कि मनुष्य फिर से मानव जन्म पाने से पहले 8.4 मिलियन योनियों में जाता है। हालांकि, तीसरे तरह के लोगों के बारे में बहुत कम जानकारी है, जो मानते हैं कि मानव आत्माएँ पुनर्जन्म लेती हैं और हमेशा मानव शरीर में रहती हैं।

मान लीजिए कि मनुष्य का पुनर्जन्म नहीं होता है। ऐसे में अच्छे कर्म करने और बुरे कर्मों से दूर रहने का क्या कारण रह जाएगा? साथ ही, अगर पुनर्जन्म न होता तो बुरे कर्मों के लिए दंड का डर भी नहीं होता और लोगों को कानून से बचने के लिए अपनी मर्जी से कुछ भी करने से कोई नहीं रोक सकता।

हमें यह समझना चाहिए कि अगर मृत्यु के बाद कोई भविष्य नहीं है, तो लोग अपनी मृत्यु तक धन-संपत्ति भी नहीं जमा करेंगे, या बुढ़ापे में घर नहीं बनाएंगे। पुनर्जन्म के अभाव में ये प्रयास व्यर्थ होंगे। इस प्रकार, अगर पुनर्जन्म न होता तो हमारी अनंत समृद्धि और खुशी की उम्मीदें, अच्छे कर्म करके पुण्य कमाने की इच्छा, भविष्य के जन्मों में दंड का डर और शाश्वत प्रेम और देशभक्ति की भावनाएं, बिल्कुल भी पैदा नहीं होतीं। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, आत्मा कभी नहीं मरती, यह शरीर ही मरता है और मृत्यु के तुरंत बाद, आत्मा शरीर बदल लेती है जैसे हम कपड़े बदलते हैं। पास्ट लाइफ रिग्रेशन जैसी आधुनिक तकनीकों के साथ, हमारे आस-पास ऐसे बहुत से मामले हैं जहां हम एक बच्चे को अपने पिछले जन्मों के दर्शन का अनुभव करते हुए देखते हैं।



इनमें से कई मामलों की पुष्टि विशेषज्ञों और मनोवैज्ञानिकों ने की है, जिन्होंने लोगों के पिछले जन्म को याद करते हुए उनकी गवाही दर्ज की है और फिर आधिकारिक अभिलेखों और उनके द्वारा बताए गए लोगों के साथ तथ्यों की जांच की है। एक और सरल तथ्य जो पुनर्जन्म की वास्तविकता की ओर इशारा करता है, वह यह है कि आत्मा शरीर के बिना काम नहीं कर सकती।

अगर पुनर्जन्म वास्तव में नहीं होता, तो व्यक्ति के मरने के बाद आत्मा कहां जाती है? मनुष्य होने के नाते, हमारे लगभग सभी संपर्क साथी मनुष्यों के साथ होते हैं। इस प्रकार, हम मनुष्यों के साथ कर्म खाते बनाते हैं, जिसके लिए हमें फिर से मानव रूप में जन्म लेना पड़ता है। बीज का सादृश्य भी इस बात को स्पष्ट करता है।

जिस तरह एक आम के बीज से आम का पेड़ निकलता है, जो फिर आम पैदा करता है, जो फिर से आम के बीज प्रदान करता है, उसी तरह मानव आत्मा में मानवीय गुण, भावनाएं और अनुभव होते हैं, और यह मानव जीवन का बीज है।

इसलिए यह किसी अन्य जीवित प्राणी के शरीर में कार्य नहीं कर सकता। आत्मा के अस्तित्व और पुनर्जन्म जैसे तथ्यों के बारे में संदेह आत्मा चेतना के अनुभव की कमी के कारण व्यापक है। इस तरह के अनुभव के लिए आध्यात्मिक प्रयास की आवश्यकता होती है जिसके लिए व्यक्ति को मन और बुद्धि को अंदर की ओर केंद्रित करना होता है और फिर मौन में उस पर चिंतन करना होता है। धीरे-धीरे व्यक्ति को अपने भीतर एक संवेदनशील इकाई के अस्तित्व का एहसास होने लगता है, जो आत्मा है।

ऐसा अनुभव, समय के साथ दोहराया जाता है, आत्म-चेतना, या यह विश्वास लाता है कि व्यक्ति एक आत्मा है। वास्तविकता का यह अनुभव ही आत्माओं की सूक्ष्म दुनिया के अन्य सभी तथ्यों से अज्ञानता के आवरण को हटाता है, जिसे हम आमतौर पर भौतिक प्रमाणों की कमी के कारण अविश्वास में खारिज कर देते हैं। तो आइए हम आत्म चेतना में रहने का अभ्यास करें और बिना किसी परेशानी के एक प्रबुद्ध आत्मा होने का आनंद लें।

## आप की बात

### ट्रंप से भारत को उम्मीदें

**अमेरिका** के 47 वे राष्ट्र पति के रूप मे डोनाल्ड ट्रंप जी ने अमेरिका की कमान अपने हाथ लेकर अन्य देशों में अपना वजूद कायम कर दिया। भारत के संबंधो की अगर बात करे तो भारत अमेरिका के रिश्ते दोस्ताना रिश्ते रहे। और दोनों देश एक दूसरे के सुख दु:ख के साथी हे। मोदीजी की ट्यूनिंग अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ इतनी मजबूत रही है की पड़ोसी देश पाकिस्तान को चिंता की भट्टी में जलना है। हमारे देश को ट्रंप जी से आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक और सांस्कृतिक एवम कही पहलुओं पर उम्मीद है की भारत की दोस्ती को निभाएंगे। यही नहीं हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी से ट्रंप उनके रणनीत और कार्यों से पूर्व से ही प्रभावित है। भारत अमेरिका की दोस्ती से चीन, पाकिस्तान की नींद ज़रूर उड़ जाएगी। भारत में समस्त विकास के पहलुओं पर परचम लहराया जाएगा। अमेरिका भारत की दोस्ती ऐतिहासिक दोस्ती बने। ट्रंप जी हिंदुओं के समर्थक है , और आतंक के घोर विरोधी हे। और अब दोनों देश मिलकर करगर रणनीति तैयार कर आतंक के आंकाओ को भी चारों खाने चित्त करेंगे। कुछ भी हो अमेरिका के राष्ट्रपति के रुप में डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्रता भाव और हितेषी भाव के प्रखर व्यक्तितव है। ट्रंप से भारत को अनवरत उमीदे रहेंगी। और भारत भी हर हाल परिस्थिति में अमेरिका के साथ खड़ा रहेगा।

- **योगेश जोशी**, बड़वाह

### पक्षपाती कनाडा सरकार

**कनाडा** के वर्तमान प्रधानमंत्री के कार्यकाल में इस तरह से हिंदुओं की एवं हिंदू मंदिरों की जो दुर्दशा हो रही है वह काफी शर्मनाक है। एक समय तक हमारे देश के संबंध कनाडा से काफी अच्छे रहे हैं परंतु जब से वहां अब भारत विरोधी सरकारें आने लगी है तब से कनाडा हमारे लिए भारत विरोधी घर हो गया है फिर विशेष करके जबसे प्रधानमंत्री जस्टिन की सरकार आई है तब से इस विरोध की हवा को एक तरह से पलीता लग गया है यह भी कहां जा रहा है कि चाहे हिंदुस्तान से खालिस्तान के प्रति समर्थन खत्म हो गया हो परंतु कनाडा में यह आज काफी फल फूल रहा है जबकि भारत सरकार समय-समय पर इसके प्रति अपना विरोध दर्ज कराती रही है एवं इसके अलावा अलगाववादी खालिस्तानीयों के प्रत्यारोपण की भी भारत सरकार समय-समय पर मांग करती रही है फिर इन दिनों जिस तरह से आज लगातार कनाडा में हिंदू एवं हिंदू मंदिरों पर प्रहार किया जा रहा है कनाडा सरकार इस पर एक दम चुप है। कनाडा की वर्तमान सरकार के इस पक्षपात पूर्ण व्यवहार की भारत सरकार ने अपनी और से काफी कड़े शब्दों में निंदा की है वर्तमान में आज कनाडा में काफी अधिक संख्या में हिंदू एवं सिख भाई मोजूद है एवं कनाडा सरकार की इस पक्षपात पूर्ण नीति के कारण हमारे इन सभी भाइयों की जान की सुरक्षा की चिंता काफी हो गई है।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### खरमोर पक्षी को बचाएं

**खरमोर** के संरक्षण के लिए कृत्रिम गर्भाधान हो कि खबर समाचार पत्रों में पढ़ने को आई।ये प्रवासी पक्षी भारत आते है।इनके लिए आवास के लिए जमीन धीरे -धीरे खत्म होती जा रही है।आवास अव्यवस्था के कारण इनकी संख्या में आने में कमी दिखाई देने लगी है। कृत्रिम गर्भाधान एक अच्छा विकल्प होगा संख्या में बढ़ोतरी के लिए। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के स्थानों के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, आंध्रप्रदेश में भी खरमोर पक्षी देखे गए। ये खरमोर पक्षी प्रजनन काल हेतु उनके पसंदीदा स्थानों का चयन कैसे कर लेते है ये शोध का विषय है। खरमोर पक्षी दक्षिण भारत की दिशा से उड़ान भरते हुए प्रति वर्ष आते है। कोमल घास में कुछ समय अपना प्रजननं काल व्यतीत कर दक्षिण एवं उत्तरी पूर्व भारत आदि की और लौट जाते है। दुनिया भर में कई पशु -पक्षी ऐसे है जो अपने मनपसंद स्थान का चयन अपनी याददाश्त के जरिये कर लेते है। बड़ी तेजी से विलुप्त हो रही प्रजातियों में शामिल यह घास वाले मैदानों में रहने वाला पक्षी है और इसके रहवास में ज्यादा से ज्यादा अब खेती होने लगी है। इससे इस पक्षी को रहने के लिए जगह नहीं मिल रही है। घास वाले मैदानों में जमीन पर ही यह अपना घोसला बनाता है। लेकिन, आवारा कुत्ते एवं जंगली जानवर इनके घोंसले को नष्ट कर इन पक्षियों के चूजों का शिकार कर लेते हैं।

- **संजय वर्मा**, मनावर, धार

### जनता का क्या कसूर?

**दिल्ली** में मानव स्वास्थ्य के अनुकूल न हवा है ना पानी लोग ऐसे हालातो में जिस तरह वहां रह रहे हैं वह निश्चय ही साहसिक माना जा सकता है इसकी जितनी सराहना की जाए कम है। राजनेता भी राजधानी को अखाड़ा बनाने पर तुले हुए हैं जहां चहुंओर केवल भ्रष्टाचार की गुंज सुनाएं देती है। यही वजह है कि राज्य के मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्री नेता और यहां तक की पार्षद भी आरोपों के चलते जेल की हवा खा चुके हैं। यह समझ में नहीं आता कि राजधानी में बसे लोगों का क्या कसूर है जो उन्हें उधार की सांसों का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। पर्यावरण सुधार और यमुना की स्वच्छता के लिए अरबों के खर्च और बड़ी-बड़ी योजनाएं सब कुछ सुनने में अच्छा लगता है लेकिन वास्तविकता के धरातल पर देखें तो सब कुछ चारागाह नजर आता है। जनकल्याण का दावा ठोकने वाले अगर ईमानदारी से जनहित में काम करते तो आज लोगों को त्योहार पर उत्साह से वंचित नहीं रहना पड़ता और ना यमुना जैसी पवित्र नदी गंदे नालों का दरिया बनती।

- **अमृत लाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना कबीरधाम में फेल

## हितग्राही के बजाए जिम्मेदार हो रहे हैं आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



ग्रामीण विकास मंत्रालय गांवों की गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में संगठित करने और इन समूहों को तब तक लगातार पोषण और मदद देने के उद्देश्य से पूरे देश में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) लागू किया गया है जबतक समय के साथ उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि न हो जाए और वे अपने जीवन की गुणवत्ता में सुधार करके घोर गरीबी से बाहर न आ जाएं लेकिन कबीरधाम जिले में योजना के उद्देश्य को ही बदल दिया गया है समूह की महिलाओं को कर्ज में दबा दिया गया और पी आर पी एवं बी पी एम फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि गटक लिया है। जो जांच की विषय है।

### लखपति के बजाए कर्ज में डूब रही हैं दीदीया

कबीरधाम जिले में चार विकासखंड है और चारों विकास खंड में महिला समूह के दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रीपा बनाया गया है। जहां पर भवन, सड़क, बिजली, पानी और उद्योग की स्थापना किया गया है जिसमें करोड़ो रुपए व्यय किया गया है। उद्योग लगाने के नाम पर पर महिला स्व सहायता समूह के दीदियों को लाखों रुपए का ऋण दिया गया है और ऋण की अदायगी नहीं हुआ जिसके चलते दीदियों के ओर कर्ज हो गया लेकिन इस कार्य को सफल बनाने में जो लोग भिड़े थे उन लोग लखपति और करोड़ पति बन गए। मामला सबसे ज्यादा सहसपुर लोहारा के कलस्टर बाजार चारभाटा और बीडोरा में गड़बड़ है जहां के पी आर पी और बी पी एम ने तो हद ही कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार समूह के दीदियों के प्रशिक्षण सहित अन्य राशि को ढाकर लिए है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि आहरण

मिली जानकारी अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा और बाजार चारभाटा में कलस्टर स्तर आयोजित होने वाले वार्षिक सम्मेलन और लखपति दीदी कार्यक्रम का आयोजन किए बगैर फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि का आहरण कर लिया है जिसमें पी आर पी और बीपीएम की भूमिका संदेह की दायरे में आता है जो जांच का विषय है।

### विकाश के बजाए विनाश की ओर

महिला समूह की दीदी आत्मनिर्भर होने के बजाए और गड्ढे में जा रहे है। रीपा में जो भी उद्योग लगाए गए है जिसकी स्थानीय स्तर पर बाजार उपलब्ध हैं। रीपा में दोना पत्तल, दाल मिल, मसाला उद्योग, पानी पाउच, गुड उद्योग, गोबर से पेंट बनाने जैसे दैनिक उपयोग की सामग्री का ही उद्योग लगाया है। सरकार का नीयत लोगो को आत्मनिर्भर बनाने का था लेकिन स्थानीय पी आर पी और बी पी एम ने ऐसा नहीं होने दिया। सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा के रीपा एवं बाजार चारभाटा के कलस्टर जिले में भ्रष्टाचार का उदाहरण बन गया है।

### मुख्यालय से दूरी बना लिए है जिम्मेदार

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एनआरएलएम) में कार्य करने के लिए जिला, विकासखंड मुख्यालय में अलग अलग स्तर के कर्मचारियों की नियुक्ति किया गया है जो नीचे मतलब कलस्टर स्तर के कर्मचारियों के कार्यों का मूल्यांकन करे लेकिन ऐसा नहीं हो रहा जिसके चलते योजना का बंटाधार हो गया। पीआरपी अपने मुख्यालय में निवास करने के बजाए ब्लाक और जिला मुख्यालय में निवास करते है जबकि मुख्यालय में रहकर समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।


### जांच की आवश्यकता

जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम)योजना का सफल संचालन करने के उद्देश्य से बनाए गए कलस्टर प्रभारी और अन्य जिम्मेदार लोगो के द्वारा योजना के उद्देश्य को ही कुछ राशि कमाने के चक्क र में बदल दिए है। इनके द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि का आहरण करते है। महिला समूह की महिलाओं को सही तरीके से प्रशिक्षण नहीं देना जिसके चलते करोड़ो रुपए का रीपा कबाड़ में दबदिल हो रहा है और समूह की महिलाओं को लखपति बनाने के बजाए बजाए कर्ज में डुबाने वाले जिम्मेदारों के खिलाफ जांच करने की आवश्यकता है। जांच में तरह तरह की गड़बड़ियां उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

### स्थानांतरण के बावजूद अबतक कार्यमुक्त नही

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहसपुर लोहारा विकासखंड के कलस्टर बीडोरा के पी आर पी का स्थानांतरण पूर्व में विकासखंड पंडरिया के कुंडा कलस्टर में हुआ था लेकिन आजतक उसे कार्यमुक्त नही किया गया है। मिली जानकारी अनुसार उसका स्थानांतरण कार्य में लापरवाही के कारण हुआ था। कार्यमुक्त नही होने से हौसला बुलंद हो गया और अनियमितता को बढ़ावा दिया जा रहा है। पी आर पी और बी पी एम को अन्यत्र हटकर उनके द्वारा किए गए अनियमितता की जांच करने की आवश्यकता है।

## अस्ताचलगामी सूर्य देव की विधिवत पूजा कर समर्पित किया गया प्रथम अर्घ्य, कुम्हारी में छठ पर्व को लेकर दिखा भारी उत्साह



पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

लोक आस्था का महापर्व छठ 08 नवंबर मंगल वार को नहाय-खाय और बुधवार को खरना के साथ प्रारम्भ हुआ। खरना के बाद 07 नवम्बर दिन गुरुवार को सांध्य बेला में कुम्हारी माता शीतला मन्दिर स्थित बड़े तालाब घाट पर छठ को लेकर इस बार अत्यन्त उत्साह दृष्टव्य हुआ। बड़ी संख्या में लगभग 300 परिवारों के हजारों की संख्या में पहुँचे व्रती महिलाओं ने 38 घंटे निर्जला उपवास रखकर अस्ताचलगामी सूर्यदेव को प्रथम अर्घ्य दिया। कुम्हारी में सूर्यास्त का समय सायं 5:25 बजे था। खरना से प्रारंभ हुआ यह महापर्व अस्त होते सूर्य देव को पहला अर्घ्य देने के पश्चात् शुक्रवार प्रातः दूसरा अर्घ्य दिया जाएगा। गुरूवार को बड़े तालाब घाट पर पहुंचे लोगों ने ढोल-नगाड़े पटाखे की ध्वनि के साथ छठ पर्व उत्साह पूर्वक मनाया इनके पहले घाटों को दीपों व फूलों से सजाया गया। इसी प्रकार कुगदा तालाब में भी घाट पर सपरिवार आये व्रतियों द्वारा सांध्य अर्घ्य सूर्य देव को अर्पित किया गया। घाट पर आये हुए व्रतियों ने बताया कि 08 नवंबर शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चार दिनों के पर्व का समापन होगा। कुगदा तालाब घाट पर विक्रम पंडित ने बताया कि लगभग 35 वर्षों से सूर्योपसना वृतियों द्वारा पूरे श्रद्धा भक्ति भाव से की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि दीपावली व गोवर्धन पूजा के बाद चार दिवसीय छठ पूजा की तैयारियां कुम्हारी क्षेत्र सहित आस पास के गांवों में पूर्ण आस्था, उत्साह और भक्ति भाव पूर्वक आरंभ हो गई है। कुम्हारी नगर के स्टेशन चौक, बाजार चौक, वार्ड क्रमांक 14-15, परसदा, कुगदा, जंजगिरी समेत आसपास के इलाकों के रहवासियों के द्वारा छठ पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। छठ पूजा के लिए व्रती महिलाओं व पुरुषों द्वारा कोसी, पीतल, बांस का सूप, दउरा, साड़ी, गन्ना, नारियल, फल सहित पूजा-अर्चना के प्रत्येक वस्तुओं को टोकरी में भर कर घाटों में ले जाया गया।

## कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रदीप बाघ भाजपा में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 23 कांग्रेस के पूर्व पार्षद प्रदीप बाघ ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं बालोद जिला चुनाव प्रभारी नीलू शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू द्वारा प्रदीप बाघ को गमछा पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। प्रदीप बाघ को भाजपा में शामिल कराने में राजहरा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी की अहम भूमिका रही इस अवसर पर कृष्णकांत पवार यशवंत जैन,राकेश यादव (छोटू), चेमन देशमुख प्रीतम साहू दिलीप शर्मा वीरेंद्र साहू, संध्या भारद्वाज, अभिषेक शुक्ला, मंचस्थ थे। प्रदीप बाघ को भाजपा का सदस्य बनने पर मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह मदन माईती, शीतल नायक राजेश दसोंड़े, संतोष देवांगन, रामेश्वर साहू, किरण सिन्हा, बॉबी छतवाल, मंडल उपाध्यक्ष रमेश गुर्जर सुजीत झा, महेंद्र पिपरे, राजेश कांबले, सोहद्रा ठाकुर, मनजीत कौर अंजू साहू ,पुरोबी वर्मा सुरेंद्र बेहरा ,शंकर साहू, निलेश श्रीवास्तव, सुमित जैन, गिरधर सिन्हा सोनू ठगेल हुकुम सिंह ठाकुर संजीव सिंह स्वाधीन जैन उमेश विश्वकर्मा गीता मरकाम उषा साहू एवं भाजपा के एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## साजा में हुए चोरी के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



साजा में जैन स्टोर्स में हुई चोरी के मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 21.10.2024 प्रार्थी जितेन्द्र जैन उम्र 51 साल साकिन वार्ड नंबर 14 साजा थाना साजा जिला बेमेतरा ने थाना में आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह जैन स्टोर्स दुकान का मालिक है 20.10.2024 को रात्रि 08 बजे दुकान बंद करके अपने घर चला गया था 21.10.2024 को सुबह 06 बजे इसका छोटा भाई दुकान में जाकर देखा तो दुकान का ताला टुटा हुआ और सटर खुला था फिर दुकान के अंदर जाकर देखा तो दराज का लाक टुटा हुआ था दराज में रखे नगदी रकम करीबन 4,75,000/- रूपये व 03 नग मोबाईल नही था किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना साजा में अज्ञात चोरो के विरूद्ध अपराध सदर धारा 305 (क), 331 (4) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की सूचना वरिष्ट अधिकारियों को मिलने पर मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए तत्काल एसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, उप पुलिस अधीक्षक कौशिल्या साहू एवं थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं अन्य स्टाफके साथ साजा जैन स्टोर्स पहुचकर घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर अज्ञात चोरो की पतातलास हेतु त्वरित विशेष टीम गठित कर अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना माल मशरूक पतासाजी के दौरान विगत माह आरोपी संजय ठाकुर, गणेश नवरंगे एवं एक विधि से संघर्षरत बालक से चोरी की रकम में मिले हिस्से के रूपये एवं घटना में प्रयुक्त 03 नग लोहे के औजार एवं मोटर सायकल को जप्त कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की पता तलाश किया जा रहा था। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी मकसुदन साहू पिता मनबोद साहू उम्र 20 साल साकिन करमतरा चौकी जालबांध थाना खैरागढ जिला केसीजी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण में फरार अन्य आरोपी की पता तलाश जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक पीयुष सिंह, अमित सिंह, पुलिस चौकी जालबांधा स्टाफ व अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

## पालिका प्रशासन के उदासीनता के चलते नगर में कचरा एवं बदबू से आम जनता परेशान: शिवसेना



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊराम चौहान ने कहा कि पालिका प्रशासन के उदासीनता के चलते नगर में कचरा एवं बदबू से आम जनता परेशान हैं वर्तमान अभी दीपावली त्यौहार में मंडी बोर्ड की जगह पर फटाका दुकान व्यापारियों के लिए नगर पालिका प्रशासन के द्वारा लगभग 57 दुकान आम बंटन किया गया था जहां सूत्रों से जानकारी के मुताबिक प्रत्येक दुकान आवंटन के नाम से?1000 शुल्क राशि लिया गया था जहां आज दीपावली त्यौहार 10 दिन निकलने के बाद उक्त मंडी बोर्ड की जगह पर फटाका दुकान उक्त व्यापारियों को अलॉटमेंट किया गया था जहां पर कचरे के ढेर पड़ी हुई है वही पालिका प्रशासन कुंभकरण की नींद ले रहे हैं एवं एवं उनके उदासीनता को देखते हुए शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव एवं जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ, राम चौहान विरोध करता है एवं पालिका प्रशासन को प्रेस के माध्यम से चेतावनी देता है की नगर में स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिया करें।

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

आगामी नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शहर कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदों, पूर्व एल्डरमैन साथियों,बूथ अध्यक्ष गण के साथ हुई आवश्यक बैठक हुई साथ ही राममंदिर जमीन खरीदी बिक्री मामले मे जनआंदोलन करने सहित अन्य मुद्दों पर आंदोलन की बनी रणनीति। बैठक मे सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, जोगेंदर छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, रीता पांडेय शहर महिला अध्यक्ष, शत्रुहन साहू ,पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा,अखिलेश नामदेव, रानी सेन, जया साहू,राम ठाकुर घनश्याम देवांगन, धरम वर्मा, वाहिद रवानी, पूर्व एल्डरमैन प्रशांत तिवारी, चंदू शीतलानी, रेवेंद्र देवांगन, जनता साहू, रुबी सलूजा,पूर्व पार्षद कुमार वर्मा, लक्ष्मी डेहरे, नारायण छाबड़ा, पप्पू साहेब, सीताराम यदु, गोलू साहू, मोहन वर्मा, नेमसिंग वर्मा, उत्तम वर्मा, गुरेन्द्र वर्मा, रामसंजीवन, ओमप्रकाश यादव, डेनिम सेन, सुरेन्द्र वर्मा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नवागढ़ कालेज के प्राचार्य गिरीश पांडेय ने किया पदभार ग्रहण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग ने छत्तीसगढ़ शैक्षणिक सेवा द्वारा महाविद्यालयीन शाखा में कार्यरत पदोन्नत प्राध्यापकों को प्राचार्य के पद पर महाविद्यालय में पदस्थ किया है। जारी सूची में 131 पदोन्नत प्राध्यापकों को प्राचार्य के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। इसी आदेश के अनुक्रम में प्रोफेसर गिरीश कान्त पांडेय को शासकीय कोदुराम दलित महाविद्यालय नवागढ़ में प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया गया है। शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के रक्षा अध्ययन विभाग के अध्यक्ष पद से मुक्त होकर पांडेय ने शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। रविवि के पूर्व कुलसचिव प्रो गिरीश कान्त पांडेय नवागढ़ कालेज के प्राचार्य बने। पांडेय को नवागढ़ के साथ-साथ शासकीय नवीन महाविद्यालय दाढ़ी का भी प्रभार सौंपा गया है। प्रो पांडेय के पास 35 वर्ष का लम्बा शैक्षणिक और प्रशासनिक अनुभव है। वे शासन के विभिन्न पदों पर पदस्थ रह चुके हैं तथा विभिन्न समितियां के सदस्य हैं। वे मंत्रालय एवं संचालनालय दोनों जगहों पर कार्य कर चुके हैं तथा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर में भी कुलसचिव रहे हैं। उनके नवागढ़ महाविद्यालय में प्राचार्य बनने से महाविद्यालय प्रशासन में एक बेहतर व्यवस्था की उम्मीद की किरण जगी है।

## विधायक अनिला भेड़िया को डॉ खूबचंद बघेल ब्लॉक का सेक्टर प्रभारी बनाया गया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा उपचुनाव 2024 रायपुर नगर दक्षिण में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को विजय दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ भर के प्रमुख रणनीति कारों को सेक्टर एवं बूथ स्तर का प्रभार सौंपा जा रहा है। इसी तारतम्य में डौंडी लोहारा विधानसभा की विधायक अनिला भेड़िया को डॉ खूबचंद बघेल ब्लॉक का सेक्टर प्रभारी बनाया गया है जिसमें बूथ नंबर 182 से 185 तक की जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा दल्ली राजहरा के तीन वरिष्ठ कांग्रेसजनों को रायपुर दक्षिण के बूथ क्रमांक 130, बूथ क्रमांक 34 बूथ क्रमांक 44 में प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें बूथ क्रमांक 130 लक्ष्मी नारायण दास ब्लॉक में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रति राम कोसमा को प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अरविंद दीक्षित ब्लॉक के बूथ क्रमांक 34 में नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष काशीराम निषाद को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बूथ क्रमांक 44 में दल्ली राजहरा नगर पालिका के अध्यक्ष शिबू नायर को प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट, सह प्रभारी जरीता लैतफलांग व सह प्रभारी विजय जांगिड़ के कुशल मार्ग दर्शन में तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के दिशा निर्देशों में कार्य करते हुए दल्ली राजहरा के तीनों वरिष्ठ नेताओं को दी गई जिम्मेदारी को पूरा करते हुए संबंधित बूथों में कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा को विजय दिलाने का कार्य करना है।

## पीपरछेड़ी में सुआ नृत्य महोत्सव 10 को, सैकड़ो दल होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



दीवाली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आदर्श मित्र मंडल पीपरछेड़ी व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से एक दिवसीय सुआ नृत्य महोत्सव का आयोजन 10 नवंबर रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में किया गया है। आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की कई टीमें हिस्सा लेंगी। हिस्सा लेने वाली टीमें सुआ नृत्य में अपना जलवा दिखाएंगे। कार्यक्रम में शामिल होने वाले दलों के आने का सिलसिला शुरू हों गया है। आयोजन को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में गायन सुआ नृत्य प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 10001 रू, द्वितीय पुरस्कार 7001 रू, तृतीय पुरस्कार 5001 रू, चतुर्थ पुरस्कार 3001 रू, पंचम पुरस्कार 2001 रू रखा गया है। उसी प्रकार रिकार्डिंग सुआ नृत्य प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 7001 रु, द्वितीय पुरस्कार 5001 रू, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रू, पंचम पुरस्कार 1001 रु रखा गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर करेंगे। आयोजकों ने बताया है कि ग्राम में दूसरी बार सुवा नृत्य का ओायजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। विशेष अथिति जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, केशशिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद पचांयत अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जिला पचांयत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्राकर, रिसाली महापौर शशि सिन्हा , उतई नगर पचांयत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, जनपद सदस्य भूनेश्वरी ठाकुर, सहकारिता कांग्रेस के अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकुंद पारकर, पीपरछेड़ी सरपंच बालकिशोर ठाकुर आदि होंगे।

कार्यक्रम के संरक्षक केशव बंटी हरमुख का कहना है कि आधुनिक दौर में हम धीरे धीरे अपनी पारंपरिक पहचान और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। इस तरह के आयोजन से हम अपनी पहचान को और मजबूत करेंगे। आने वाले युवाओं तक अपनी पहचान और संस्कृति को पहुंचाने का भी काम करेंगे. यह आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है. उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के सभी से निवेदन किया की इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## विधायक को जन्म दिन पर बधाई देने उमड़ा जनसैलाब

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित भाजपा नेताओं ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर के जन्म दिवस के अवसर पर उनके निज निवास पर बधाई देने जन सैलाब उमड़ पड़ा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, विधायक, आम जनमानस पार्टी के पदाधिकारी समाज के प्रमुख, व्यापारी बंधु, महिला स्व सहायता समूह की बहनों के द्वारा उनसे भेटकर अपनी शुभकामनाएं एवं बधाई दी। साथ ही फोन, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से भी नेताओं कार्यकर्ताओं और आम जनमानस ने बधाई प्रेषित की है। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, गुरु खुशवंत साहेब, डोमन लाल कोर्सेवाडा, गजेन्द्र यादव, सुशांत शुक्ला, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा मुख्य थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष विधायक एवं भाजपा जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने कहा कि मेरे जन्म दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों पार्टी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस के द्वारा मेरे जन्म दिवस के अवसर पर अपना शुभ आशीष और बधाई दी है। उसका मैं जीवन भर ऋणी रहूंगा। मेरे जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामना देने वालों का साधुवाद देता हूं और धन्यवाद ज्ञापित करता हू। आप सभी का प्यार और शुभ आशीष मुझे सदैव मिलता रहे यही मेरी मंगल कामना है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य वीरेंद्र साहू, सुरेंद्र कौशिक, दिलीप साहू, अरविंदर खुराना, राजेंद्र पाध्ये, दिनेश देवांगन, मनोज सोनी, नीलेश अग्रवाल, राजा महोबिया, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, रजा खोखर, मनोज अग्रवाल, बाबा ब्रह्मभट्ट, डां मानसी गुलाटी, संदीप श्रीवास्तव, बसंत चौहान, विनय जैन, अनूप यादव, शैलेश बैरागढे, महेंद्र चोपड़ा, जीत हेमचंद यादव, मुकेश बेलचंदन, रितेश जैन, विनय महोबिया, काशीराम कोसरे, नरेंद्र बंजारे, शेखर चंद्राकर, शिवेंद्र परिहार, सुरेंद्र बजाज, अजय वेद, शैलेंद्र सैंडे, गिरेश साहू, फत्तेलाल वर्मा, राजू जंघेल, सोनू राजपूत, पुराण देशमुख, मनीष यादव, बंटी चौहान, अमर भोई, राहुल पंडित, राहुल भट्ट, पुरण देशमुख, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स से अजय भसीन, अशोक राठी, मोनू चौधरी, दीपक सिंह, शुभम साहू, उमेश गिरी गोस्वामी, नरेश शर्मा, महेश जैन, अमजद अली, राकेश दुग्गड, दिव्य साहू, यामिनी देशमुख, दिनेश देशमुख, प्रिया साहू, नम्रता बंसोड़, नवीन पवार, रितेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता आम जनमानस शामिल थे।

# धान खरीदी के लिए लघु-सीमांत किसानों का 2 एवं बड़े किसानों का 3 टोकन कटेगा, सात दिन पहले कटाना होगा टोकन

## गांववार औसत उत्पादन पर रखी जायेगी निगरानी, अवैध धान बिक्री में संलिप्तता एवं गड़बड़ी करने वालों पर होगा एफआईआर दर्ज

■ कलेक्टर अग्रवाल ने धान खरीदी केन्द्रों के ऑपरेटरों की बैठक में दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



जिले में 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर होने वाले धान खरीदी के सुचारू संपादन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने ब्रांच मैनेजरों, खाद्य निरीक्षकों एवं धान खरीदी केन्द्रों में पदस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की बैठक लेकर धान खरीदी की सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता एवं गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। जिले के पंजीकृत किसानों से सुविधाजनक रूप से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध धान के भंडारण और विक्रय की गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इन कार्यों में गड़बड़ी एवं अधिकारी-कर्मचारियों की संलिप्तता पाए जाने पर संबंधितों पर एफआईआर दर्ज की कार्यवाही की जाएगी। धान खरीदी के दौरान लघु एवं सीमांत किसानों का 2 एवं बड़े किसानों का 3 टोकन काटा जायेगा। किसानों को धान खरीदी दिवस के सात दिन पहले टोकन कटाना होगा। गांववार औसत धान के उत्पादन एवं बिक्री पर नजर रखी जायेगी। औसत से असामान्य एवं बहुत अधिक मात्रा में धान खरीदी पर कड़ी निगरानी रखी जायेगी। 7 नवम्बर से टोकन काटने का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। किसान समिति एवं टोकन तुहंर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से भी टोकन प्राप्त कर सकेंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी तैयारियों को पूर्ण कर 7 नवम्बर को धान खरीदी का ट्रायल रन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु, डीएमओ अमित चंद्राकर, सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी गोस्वामी, सहायक पंजीयक मती उषा ध्रुव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि जिले के 90 धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जायेगी। सभी केन्द्रों में 35 बिंदु में बनाए गए चेकलिस्ट अनुसार धान खरीदी की सभी तैयारी सुनिश्चित कर लेवे। खरीदी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था एवं सुविधा की जांच कर ले। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी धान बेचने में नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए शासन द्वारा निर्धारित नई दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए उसका अच्छे से अध्ययन कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की यह सुनिश्चित कर लें कि सभी धान खरीदी केंद्रों में साफ -सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे। साथ ही विद्युत व्यवस्था, कंप्यूटर, प्रिंटर, बायोमेट्रिक डिवाइस, इंटरनेट कनेक्शन, आर्द्रता मापी एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की भी व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि इस बार खरीदी केंद्रों में केवल इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का उपयोग धान खरीदी के लिए किया जाएगा। इसका समय पूर्व नापतौल विभाग से सत्यापन जरूर कर लेंगे। खरीदी केंद्रों में नए एवं पुराने बारदानों की व्यवस्था, सुतली, रंग आदि समय से पहले सुनिश्चित कर ले।

# छत्तीसगढ़ में अग्रवाल समाज की दो हस्तिया सम्मानित हुई राज्य अलंकरण सम्मान से

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्थापना दिवस के 24वें कार्यक्रम के दौरान प्रतिवर्ष दिए जाने वाले राज्य अलंकरण सम्मान 2024 में छत्तीसगढ़ प्रदेश में अग्रवाल समाज की दो विभूतियों को सम्मानित किया गया, सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन सम्मान से छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी एवं हनुमान परिवार के वरिष्ठ सदस्य सियाराम अग्रवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए महाराजा अग्रसेन सम्मान से नवाजा गया तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने एवं दानवीरता के क्षेत्र में अपना परचम लहराने वाले वंदना ग्रुप के सुभाष अग्रवाल को दानवीर भामाशाह सम्मान से नवाजा गया, उपरोक्त सम्मान भारत सरकार के उपराष्ट्रपति जगदीप सिंह धनखड़, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रमन डेका की उपस्थिति में उनके कर कमलो से दिया गया, अग्रवाल समाज की दो हस्तियों के राज्य अलंकरण सम्मान से नवाजे जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के अग्रवाल समाज ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है वही छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच, अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन परिवार ने भी बधाई शुभकामनाएं दी हैं, तो वहीं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता ने भी महाराजा अग्रसेन सम्मान से नवाजे गए सियाराम अग्रवाल को फोन के माध्यम से उन्हें बधाई देते हुए इस सम्मान को पूरे अग्रवाल समाज के लिए गौरव की बात कहां है।

# कुसुमकसा में हुआ भव्य सैनिक सम्मान समारोह, अंचल के 70 सैनिकों एवं उनके परिवारों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



कुसुमकसा में हुआ भव्य सैनिक सम्मान समारोह ! अंचल के 70 सैनिकों एवं उनके परिवारों का किया सम्मान कार्यक्रम को बेहतरीन आयोजन के लिए गौरव ग्राम सैनिक सम्मान समारोह आयोजन के सभी कार्यकर्ताओं का अतिथियों ने तारीफ की द्य कार्यक्रम का प्रायोजक निको माइनिंग गोदावरी प्लांट की ओर से की गई थी। अतिथियों एवं उपस्थित व्यक्तियों को संबोधित करते हुए।

**कुसुमकसा जनपद सदस्य संजय बैज**-ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गौरव का क्षण है द्य जब हम देश की रक्षा करने वाले उन महान सैनिकों के साथ-साथ उनको जन्म देने वाली मां उनके पिता एवं उनके परिवार का सम्मान कर रहे हैं द्य इसके लिए मैं हमारे गांव के सहयोगी जिन्होंने सैनिकों के परिवार उनके नाम को मंच तक पहुंचाने में सहयोग किया द्य मैं सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

**जिला पुलिस अधीक्षक ने एस आर भगत** -ने कहा कि जिला पुलिस परिवार की ओर से जो सैनिक रिटायरमेंट हो चुके हैं और जो वर्तमान में पदस्थ हैं उन सभी को मैं हार्दिक बधाई देता हूं द्य सैनिक शब्द से ही एक विशेष चेहरा महसूस होता है द्य मन में उमंग, ऐश्वर्या ,›हिम्मत ›और ताकत का अभिमान प्रतीत होता है द्य जब सैनिक शब्द मन में आता है तो देश के छोर में बॉर्डर पर खड़े वैयक्ति का चित्र मन में उभर आता है।

कुछ हद तक हम पुलिस वाले भी सैनिक की तरह काम करते हैं द्य जब हम नक्सली क्षेत्र में जाते हैं, हम सैनिकों की तरह लड़ते हैं द्य खाते पीते सोते जागते हम हर पल सचेत रहते हैं द्य यह कभी भी नहीं सोचता कि क्या होगा..? उनका सबसे विश्वसनीय दोस्त होता है, उनका हिम्मत, उनका ताकत, उनका हौसला, उनका आत्म विश्वास और गोला और बारूद जो अपने साथ रखता है वह बस इन सब में बंधकर देश और राज्य की रक्षा करता है. नक्सली गतिविधियों के बारे में आप लोगों सुनते हैं जानते हैं। उनके जीवन में रोमांचक बनी रहती है। हर वक्त उनके मन में योजनाएं बनती रहती है, देश की रक्षा और परिवार की सलामती की। सैनिक के मन में आस्था रहता है समर्पण रहता है साथ ही परिवार उनके सामने घूमते रहता है । मां बाप भाई बहन पत्नी बच्चे सब आंखों में झूलते रहते हैं द्य उनका एक ही सपना रहता है कि मैं अपने मां पत्नी बच्चों और दोस्तों के सपनों को पूरा करूं इसलिए वह हर समय देश की सेवा में अलर्ट रहता है। आप लोगों ने उनके महत्व को समझकर सम्मान दिया। उनके सम्मान के कार्य क्रम रखें द्य हम लोगों को बुलाया हम लोग भी सैनिकों के सम्मान में अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। सम्मान छोटा हो या बड़ा यह मायने नहीं रखता। यह सम्मान भव्यता लिए है इतना विशाल जनसमूह उनके बीच सैनिक को सम्मानित करना बहुत बड़ी गौरव की बात है।

# कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं, जनदर्शन में मिले 26 आवेदन

## जनदर्शन में लफंदी के नरेन्द्र साहू को मिला श्रवण यंत्र

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने ग्राम लफंदी के श्रवण बाधित नरेन्द्र साहू को श्रवण यंत्र प्रदान किया। ग्राम लफंदी निवासी श्रवण बाधित नरेन्द्र साहू को सुनने, बोलने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। नरेन्द्र साहू ने आज आयोजित जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें समाज कल्याण विभाग के तहत सहायक उपकरण प्रदाय योजना अन्तर्गत श्रवण यंत्र उपलब्ध कराया। नरेन्द्र साहू श्रवण यंत्र मिलने से अच्छी तरह से सुन पायेगा।

इसके लिए उन्होंने आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर अग्रवाल ने आज जनदर्शन में 26 लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम परतेवा के नोखेराम साहू ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने, ग्राम कुरूद के कोमल सिंह ध्रुव ने भवन निर्माण की राशि दिलाने, राजिम की कु. भावना ने उच्च शिक्षा के लिए सहायता अनुदान राशि प्रदाय करने, ग्राम लफंदी के भरत लाल साहू ने पेंशन राशि दिलाने, ग्राम अरण्ड के संतोष ध्रुव ने ऋण पुस्तिका प्रदान करने, ग्राम सेम्हरा के सुन्दरलाल साहू ने पैतृक जमीन को ऑनलाईन कराने, ग्राम कौंदकेरा के देवकल्याण ने कास्त कब्जा के अनुसार अभिलेख दुरूस्त करने आवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके आवेदनों के निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# छठ व्रती महिलाओं ने अस्ताचल गामी सूर्य को दिया अर्घ्य



पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

कन्हर नदी के तट पर छठ व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध दिया गया। छठ पर्व में षष्ठी तिथि सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है इसमें सूर्य देव को अर्घ्य देने का महत्व है। चार दिवासीय छठ पूजा का तीसरा दिन महत्वपूर्ण माना जाता है इस दिन अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है यह एकमात्र ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा है। छठ पर्व के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को संध्याकाल में सूर्यास्त के समय सूर्य देव को व्रती महिलाओं के द्वारा बांस के सूप या डाला में ठेकुआ, कोनिया, नारियल, फल आदि सजाकर व्रती परिक्रमा करते हुए डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। व्ही पंचमी तिथि को खरना के बाद से ही षष्ठी तिथि यानी संध्या अर्घ्य के दिन छठ व्रती पूरे दिन-रात निर्जला व्रत रहती है इस दिन कुछ भी खाना-पीना वर्जित होता है अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को ही व्रत का पारण किया जाता है।

# अवैध कबाडी दुकानों की लगातार निगरानी, अवैध कबाड जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में चल रहे अवैध कबाडी दुकानो की लगातार निगरानी किया जा रहा है कि मुखबीर की सूचना के आधार पर विजय निषाद पिता पुन्नी राम निषाद उम्र 30 वर्ष साकिन सुभाष वार्ड मुंगेली थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के ग्राम कामता रेहुंटा तिराहा के घर बाड़ी में जाकर चेक करने पर एक पुराना मो.सा. किमती 10,000 रूपये, ट्रांस्फार्मर का कटे-फटे सामान, लोहे का एंगल, छड, सटर, ऑटो पार्ट्स का सामान, लोहा एवं अन्य कबाड़ी सामान कुल अनुमानित वजनीय 8-9 क्विंटल जुमला अनुमानित किमती 28,000 रूपये एवं 40 नग इस्तेमाली टायर अनुमानित किमती 3,500 रूपये कुल जुमला किमती 41,500 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। एवं धारा 106 (1) बी.एन.एस.एस के अन्तर्गत इस्तगाशा कायम कर जांच में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली मुंगेली एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह राजपूत, सउनि मधुकर रात्रे, सउनि कमलफूल साहू, प्रधान आर. दयाल गावस्कर, आर.अजय चंद्राकर,आर. टेक साहू की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार लोरमी के बुध केयर हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर के निर्देशानुसार लोरमी के बुध केयर हॉस्पिटल को सील करने की कार्रवाई की गई है। बता दें कि लोरमी विकासखण्ड के ग्राम मोहबांधा के आश्रित गांव बांधी निवासी 07 वर्षीय धनंजय गोंड को मस्तिष्क ज्वर से पीड़ित होने के कारण बुध केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां विषय विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं होने और ईलाज में लापरवाही के कारण बालक की मौत हो गई थी। मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने तत्काल टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर के निर्देश पर लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी, एसडीओपी माधुरी धिरही, बीएमओ जी. एस. दाऊ सहित पुलिस, राजस्व एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हॉस्पिटल में जाकर जांच की। जांच में पाया गया कि बिना अनुमति के हॉस्पिटल में मरीजों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बुद्ध केयर हॉस्पिटल को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 अंतर्गत हॉस्पिटल संचालित करने हेतु अनुमति प्रदान नहीं किया गया है। उसके बाद भी संचालक द्वारा हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि बिना लाईसेंस व नर्सिंग होम एक्ट का पालन नहीं करने के कारण उक्त हॉस्पिटल में आगामी आदेश तक ओपीडी, आईपीडी सेवा बंद करते हुए सील बंद करने की कार्रवाई की गई है।

**बडा सवाल** – ऐसा क्या कारण है कि नगर सहित जिले के अन्य ब्लाक मुख्यालयो में इस प्रकार के आधे अधूरे अस्पतालो को संचालन के दौरान बंद क्यो नही कराया जा सकता जब ये अपने प्रारंभिक चरणों में मरीजो के जान के साथ खिलवाड करते है। इस प्रकार का मामला जिला प्रशासन के लिए कोई नया नही है। इससे पूर्व भी ऐसे मामले सामने आये थे जिसके बाद प्रशासन ने चीर परिचित अंदाज में मुस्तैदी दिखाते हुए ऐसे अस्पतालो पर ताला जडा था । मिली जानकारी के अनुसार आवेदन करने के उपरांत ही ऐसे अस्पताल अपने आप को लाईसेंस धारी मानकर संचालन शुरू कर देते है, अपुष्ट जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय में ही ऐसे कई अस्पताल संचालित है जो कहने को तो सर्व सुविधा युक्त होने का दावा करते है। किंतु जमीनी हकिकत कुछ और बया करती है। किसी दुसरे के लाईसेंस में संचालित होने वाले अस्पतालो की लंबी फेहरिस्त है। ऐसे अस्पतालो के ऐजेंट मरीजो के परिजनो को बहलाकर ऐसे अस्पतालो में ले जाते है। जहां मोटी रकम लेकर मरीजो के साथ खिलवाड किया जाता है।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत'

**मुंगेली।** विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम रोहराखुर्द निवासी रमेश दिवाकर की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि दी गई। कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल ने मृतक की पत्नी आरती दिवाकर को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के निकटतम वैध वारिस को 25 हजार रूपए एवं गंभीर रूप से घायल होने पर अधिकतम 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है। तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के परिजन को यह राशि प्रदान की गई।

# सोलर नल जल प्रदाय योजना द्वारा ग्राम कामरभौदी में पहुंचा हर घर जल

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत डुमरबाहरा के आश्रित ग्राम कामरभौदी जिला मुख्यालय से लगभग 54 कि.मी. दूरी पर स्थित है। यह गांव पहाड़ एवं घने जंगलो से घिरा हुआ है। ग्राम कामरभौदी अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने एवं विकट भौगोलिक स्थिति होने के कारण लोगों को विकास से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गांव में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गांव में सोलर माध्यम से नलजल प्रदाय योजना संचालित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोगों को घर में ही पीने का पानी मिलने लगा है। इससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे है। कामरभौदी मुख्यतः आदिवासी ग्राम है, यहा लगभग 400 लोग निवास करते है।


कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर, जिला-नारायणपुर (छ.ग.)

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //

क्रमांक/586/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2024-25, नारायणपुर दिनांक 05/11/2024

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 559 दिनांक 28.10.2024 के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है, निविदा आमंत्रण के विज्ञापन में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है:-

| क्र. | विवरण | पूर्व में अंकित तिथि | वर्तमान में संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | निविदा जारी करने की तिथि | 28.10.2024 | 05.11.2024 |
| 2 | निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि | 12.11.2024 | 20.11.2024 |
| 3 | कार्यालय में मैन्युअल दस्तावेज पहुँचने की अंतिम तिथि | 12.11.2024 | 22.11.2024 |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | 13.11.2024 | 25.11.2024 |

Advertisement No. 242503556
Reference ID 242510004430
2. ऑनलाईन निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत लागू रहेगी।

कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)

G-242503630/5



कार्यालय नगर पालिक निगम, बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)
Email Id: birgaonmcp@gmail.com http://www.nagarnigambirgaon.com

क्रं./3867/न.पा.नि./लो.नि.शाखा/2024-25 बीरगांव, दिनांक 06/11/2024

// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना //

e-Procurement Tender Notice (1st Call)
(System Tender 160964, Bid Start Date 08.11.2024, Bid Due date. 29.11.2024, Physical Submission Last Date 04.11.2024, Open Date 04.11.2024 )

नगर पालिक निगम बीरगांव द्वारा अधोसंरचना मद अन्तर्गत वार्ड क्रं. 16 श्री शंकरा सिनियर सेक. स्कूल के सामने अटल परिसर निर्माण कार्य के लिए System Tender No 160964 अनुसार लोक निर्माण विभाग में [Unified Schedule of Rates (PWD Road / Building 01.01.2015 And Electrical 2020 & PHE SOR 2020 with all amendments up to date] से प्रचलित एस.ओ.आर. में प्रतिशत दर पर एवं आईटम दर पर (System Tender 160964, Bid Start Date 08.11.2024, Bid Due date. 29.11.2024, Physical Submission Last Date 04.12.2024, Open Date 04.12.2024) तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक सक्षम पात्र निविदाकार, निविदा प्रपत्र, अनुमानित लागत राशि, नियम एवं शर्तें, धरोहर राशि, Key Date एवं विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निकाय कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट www.nagarnigambirgaon.com व संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी उपलब्ध है। इसे https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड/प्राप्त कर ईटेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भरने की कार्यवाही कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)



मैन्युअल पद्धति द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक/1893/क्रय शाखा/निविदा आमंत्रण/2024 कुम्हारी, दिनांक 29/10/2024

नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों पर टेन्ट सामग्रियों को किराये पर एवं जलपान, भोजन इत्यादि कार्य की आवश्यकता होती है, जिसके लिए इच्छुक स्थानीय टेन्ट/किराया भण्डार एजेंसी/फर्मों से टेन्ट सामग्रियों का किराया दर एवं जलपान, भोजन इत्यादि सामग्री, एलईडी स्क्रीन और साउण्ड एवं अन्य की सामग्रीवार/आईटमवार दर निविदा प्रपत्र **B** में निविदा/किराया दर (प्रतिनग, प्रतिवर्ग फुट, प्रति कम, प्रतिसेट, प्रति प्लेट इत्यादि) दिनांक 18.10.2024 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 08.11.2024 सायं 5.30 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र हेतु कय की अंतिम तिथि - 11.11.2024 सायं 5.30 बजे तक।
3. निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि - 18.11.2024 सायं 5.30 बजे तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 19.11.2024 सांय 5.30 बजे से।

| क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | विभिन्न टेन्ट सामग्रीयां किराये पर प्रदाय एवं जलपान, भोजन एवं इत्यादि सामग्री क्रय कार्य। (वार्षिक निविदा) | 10.00 |
| 2 | एलईडी स्क्रीन एवं साऊण्ड (वार्षिक निविदा) | 05.00 |

**नियम एवं शर्ते :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट में uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, कुम्हारी

# पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मेधावी छात्रों को मिलेगा एजुकेशन लोन, गरीब और मध्यम वर्ग बनेगा सशक्त

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दिए जाने की सराहना की है। यह योजना केंद्रीय क्षेत्र के तहत मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने योजना को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि पीएम विद्यालक्ष्मी योजना भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए 21वीं सदी की उच्च शिक्षा तक पहुंच को यूनिवर्सल बनाने में मददगार होगी। उन्होंने आगे कहा, 3,600 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ यह योजना उच्च शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करेगी और देश की युवा शक्ति को अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम बनाएगी। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत जमानत-मुक्त और गारंटर-मुक्त एजुकेशन लोन से मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वित्तीय बाधाएं छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने से न रोकें। जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक



आय 8 लाख रुपये तक है, वे 10 लाख रुपये तक के एजुकेशन लोन पर 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान पाने के पात्र होंगे साथ ही वे 7.5 लाख रुपये तक के लोन पर 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी के पात्र होंगे। योजना को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एजुकेशन लोन पारदर्शी, छात्र-अनुकूल और डिजिटल आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। योजना के तहत एनआईआरएफ के आधार पर टॉप 860 उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने वाले छात्रों को एजुकेशन लोन की सुविधा दी जाएगी। इस योजना से हर साल 22 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकेंगे। मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता दरअसल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (नेशनल एजुकेशन पॉलिसी) 2020 की एक प्रमुख सिफारिश है। पीएम विद्यालक्ष्मी एनईपी इस ओर ओक ठोस कदम माना जा रहा है। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना गरीब और मध्यम वर्ग के लाखों छात्रों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। योजना के तहत उच्च शिक्षा विभाग के पास एक पोर्टल 'पीएम-विद्यालक्ष्मी' होगा, जिस पर छात्र सभी बैंकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षा ऋण के साथ-साथ ब्याज अनुदान के लिए आवेदन कर सकेंगे।

# राज्योत्सव की प्रर्दशनी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की थीम टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ पर केंद्रित

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय सिटी ग्राऊंड म आयोजित राज्योत्सव की प्रर्दशनी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की थीम टीबी मुक्त छत्तीसगढ़ पर केंद्रित रही। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में अब तक की उपलब्धि से संबंधित जानकारी, आंकड़ें का प्रदर्शन फ्लैक्स के माध्यम से किया गया था। इसी तरह आयुष्मान कार्ड की जानकारी, और सिकल सेल कार्यक्रम की जानकारी भी प्रदर्शित की गई थी। आयुष्मान कार्ड हितग्राही थलेस साहू, सुब्रत सरकार को आयुष्मान कार्ड के प्रतीकात्मक कार्ड का वितरण मुख्य अतिथि लता उसेण्डी उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया। विभाग के पंडाल में आयुष विभाग का




भी काऊंटर प्रदर्शित किया गया था। विभाग द्वारा प्रदर्शनी के दौरान ड्यूटीरत मेडिकल टीम द्वारा कुल 93 मरीजों की जांच कर चिकित्सीय परामर्श दिया गया। कुल 73 मरीजों की बीपी एवं शुगर जांच की गई। 15 मौसमी रोगों के मरीजों का उपचार किया गया। मेडिकल टीम में डॉ नीरज सेठिया, आरएमए मिथलेश साही, फॉर्मासिस्ट, एएनएम, सीएचओ, टीम के साथ उपस्थिति रहे। इस अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, डीपीएम रीना लेंडिया, नोडल अधिकारी डॉ. सी. मैत्री पूरे कार्यक्रम के दौरान विभाग के पंडाल में उपस्थित रहे।

# राज्योत्सव के अवसर पर रानो स्कूल के बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र बनाये



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना, वंदना एवं छत्तीसगढ़ महतारी के बहुत सुंदर सुंदर चित्र बनाये। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के शिक्षक अवध राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन एवं कक्षा कक्षा नायक ने विशेष सहयोग प्रदान किया। उसके बाद शिक्षक अवध राम वर्मा ने बच्चों को बहुत ही विस्तार से छत्तीसगढ़ की स्थापना, भौगोलिक स्थिति,जिले, खनिज संपदा, नदियां, विभिन्न गढ़, विद्युत गृह आदि के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया। साथ ही छत्तीसगढ़ के इतिहास एवं मध्यप्रदेश के साथ उसकी सलंग्नता को भी बताया। नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने छत्तीसगढ़ के इतिहास और वर्तमान संदर्भ में बहुत ही अच्छी जानकारी बच्चों को दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 1नवम्बर को ही छत्तीसगढ़ के साथ साथ भारत के अन्य कई राज्य भी अस्तित्व में आए। सिर्फ़ उनकी स्थापना वर्ष में भिन्नता है। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की बहुत ही सुंदर चित्र बनाए। जिनमें देवपिका साहू कक्षा 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें चार बच्चों ने भाग लिया तथा मां छत्तीसगढ़ महतारी की बहुत ही सुंदर चित्र बनाकर उसे रंग रोगन करके धान एवं चांवल से सजाया। इस प्रतियोगिता में देवपिका साहू कक्षा 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चारों प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या : प्रियंका सौरभ

**रायपुर।** स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे



तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएँ तय करें। यहाँ एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत, मादक पदार्थों की लत की तरह, डोपामाइन के स्तर में वृद्धि पैदा करने के लिए जानी जाती है। स्क्रीन पर जितना ज़्यादा समय बिताएंगे, बच्चे के डिजिटल डिवाइस से जुड़ने का जोखिम उतना ही ज़्यादा होगा। छोटे बच्चों में स्क्रीन की लत एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। स्कूल मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगा रहे हैं। बच्चों में स्क्रीन की लत क्यों होती है और स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता इस आदत को नियंत्रण से बाहर होने से रोकने के लिए क्या कर सकते हैं। यह समय की मांग है कि समाज और नीतिगत हस्तक्षेप समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए स्क्रीन की लत की चुनौतियों का समाधान करें?

# शिविर में जीवन प्रबंधन विषय पर परिचर्चा का आयोजन





पायनियर संवाददाता कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भैंसमुंडी में जारी है, जिसके द्वितीय दिवस में स्वयंसेवकों नें प्रातः काल उठकर प्रभातफेरी किया एवं नारें लगा कर ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात परियोजना कार्य के अन्तर्गत शिविर स्थल तथा गलियों की सफाई की गई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया जो जीवन प्रबंधन विषय पर केंद्रित रहा, जिसके आमंत्रित वक्ता रामदयाल साहू व्याख्याता एवं मंजुलता साहू शिक्षक थें। छात्र - छात्राओं को संबोधित करते हुए मंजुलता साहू शिक्षक ने जीवन प्रबंधन को समय प्रबंधन से जोड़ते हुए कहा कि यदि आपनें अपनें टाईम को मैनेज कर लिया, समय को अपनी मुट्ठी में कर लिया तो आपको सफल होंने से कोई नहीं रोक सकता है। हर व्यक्ति की परिस्थितियाँ अलग होती है, हर परिस्थिति में यदि हम अपनें आपको जानना सीख गयें, पहचानना सीख गयें तो आगे बढ़ना सीख ही जायेंगे। कहतें हैं कि कीचड़ में ही कमल खिलता है। जो व्यक्ति ईमानदारी से कार्य करता है और सच के रास्तें पर चलता है उसको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है। उन्होंने जीवन में आगे बढ़ने हेतु पर्सनल, सोशियल एवं प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाएं रखकर टाईम मैनेजमेंट की बात कही। मुख्य वक्ता की आसंदी से रामदयाल साहू नें कहा कि जीवन को व्यवस्थित करना ही जीवन प्रबंधन है। गौरैया पक्षी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि एक पक्षी अपने जीवनचर्या को कितने व्यवस्थित रूप से रखतें हैं इसलिए उनके जीवन में न कष्ट है न दुख है न ही समस्याएं रहती है। मनुष्य के पास दिमाग है इसलिए जीवन की सारी समस्याएं हमारे पास है और हम इसे व्यवस्थित करने की उधेड़बुन में लगे रहतें हैं। आगे उन्होंने कहा कि हर समस्या का समाधान हम स्वयं हैं और कोई नहीं। सामान्य व्यक्ति छोटी सी छोटी समस्याओं में उलझ जाता है, लेकिन जो अच्छे व्यक्ति होतें हैं जो सोचते है कि ये समस्या कुछ भी नहीं है वह उस समस्या का समाधान ढूंढने की कोशिश करता है और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ कर उस समस्या का स्वयं समाधान कर लेता है। अपने आप को व्यस्त रखना ही जीवन प्रबंधन का बेहतरीन तरीका है। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल भैंसमुंडी के प्राचार्य रामकुमार टांडे एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानपाठक जगमोहन साहू, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक निर्मलकर आदि उपस्थित थें।

# राज्योत्सव में पुलिस ने सायबर-यातायात संबंधी जानकारी दी




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

24 वॉ राज्य स्थापना दिवस के अवसर में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एवं सायबर जागरूकता एवं नक्सल विरोधी अभियान के संबंध में जानकारी देने धमतरी पुलिस, यातायात नियमों की जानकारी देने स्टॉल लगाया गया था। जिसमें यातायात के द्वारा सड़क दुर्घटना को रोकने हेतु किये जा रहे प्रयास, हाईवे पेट्रोलिंग के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने व उपचार हेतु अस्पताल ले जाने की कार्यवाही और यातायात नियमों के उल्लघंन करने पर जुर्माना का प्रावधान संबधित बैनर, पोस्टर तथा सड़क सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शनी लगाकर आमजन, स्कूली छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमावली पाम्पलेट वितरण किया गया, साथ ही यातायात नियमों से संबंधित प्रश्नोंत्तर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें 93 लोगों ने भाग लिया जिसमें 74 लोगों ने पूछे गये प्रश्नों का सही जवाब दिये जिन्हे प्रोत्साहित करते हुए पुरूस्कृत किया गया। राज्योत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट व्यक्तियों के साथ लगभग 2000 से अधिक, आमजन छात्र-छात्राओं, द्वारा यातायात स्टाल का भ्रमण किया गया।

## कक्षा 9वी 11वी में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 9नवम्बर तक बढ़ाई गई

**लवन।** पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वी एवं 11वी में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली लैटरल एंट्री परीक्षा 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 9नवम्बर 2024 तक की गई है एवं चयन परीक्षा 8फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वी हेतु इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 8वी में अध्ययनरत है जिनकी जन्मतिथि 01/05/2010 से 31/07/2012 के मध्य हो httpsÑ//cbseitems.nic. in/w®wy/nvsi& पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तथा 11वी हेतु इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10वी अध्ययनरत है जिनकी जन्मतिथि 01/06/2008 से 31/07/2010 के मध्य हो नवोदय विद्यालय के वेबसाइट httpsÑ//cbseitems.nic.in/w®wy/nv&iv v पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मे 11 नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हे अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा कार्यालय परिसर रुम न. 65 में 11 नवंबर 2024 को प्रातः 11:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नियोक्ता सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विस, कोहका, भिलाई द्वारा सुरक्षा गार्ड के 200 पद, योग्यता 10वीं, 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष, सुरक्षा पर्यवेक्षक के 50 पद, 12वीं वेतनमान 12000-17000 आयु 20 से 40 वर्ष महिला गार्ड का 20 पद, योग्यता 08 वीं से 12वीं वेतनमान 10000-15000 आयु 20 से 40 वर्ष स्थल रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव हेतु भर्ती किया जाना है। जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थानों में कार्य हेतु किया जाता है। अतः पद, संस्था, कार्य, वेतन व अन्य पूर्ण जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक या प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। अधिसूचित रिक्त पदों पर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, एवं समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, बेमेतरा में 11 नवम्बर 2024, सोमवार समय 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक उपस्थित हो सकते है।

## विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लक्ष्य को समर्पित है भारत स्काउट्स एंड गाइड्स : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत स्काउट्स एंड



गाइड्स के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि बौद्धिक एवं शारीरिक सामर्थ्य को अभिवर्धित कर विद्यार्थियों में अनुशासन, सेवाभाव, सहनशीलता, समर्पण और त्याग की भावना जागृत कराने वाला भारत स्काउट्स गाइड्स संगठन, राष्ट्रीय व मानवीय मूल्यों को संचारित कर विद्यार्थियों को श्रेष्ठ नागरिक बनाने के लक्ष्य को समर्पित है। संगठन का उद्देश्य सराहनीय है, यह प्रयास सतत् सफल हो, यही शुभेच्छा है।

# विज्ञान के योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाता है विश्व विज्ञान दिवस : अशोक प्रवृद्ध

पायनियर संवाददाता पटना
www.dailypioneer.com

भारतीय साहित्य में विज्ञान का अर्थ विशेष ज्ञान लिया गया है। संसार के दिखाई देने वाले तथा न दिखाई देने वाले पदार्थों के विषय में जानकारी को ज्ञान कहते हैं। जैसे वायु, जिसमें सांस लेते हैं, जल, जो प्यास लगने पर पिया जाता है, अन्न, फल, मूल, कन्द इत्यादि जिनसे भूख मिटाई जाती है, पृथ्वी, जिस पर हम टिके हुए हैं, जिस पर मकान कारखाने लगे हुए हैं, सूर्य जो दिन भर प्रकाश देता है और ऊष्मा तथा शक्ति प्रदान करता है, चाँद जो शीतलता सौम्यता प्रदान करता है और मन में उल्लास उत्पन्न करता है। अभिप्राय यह कि सब पदार्थ, अन्तरिक्ष के नक्षत्रादि से लेकर अति शक्तिशाली क्षुद्रबीन से देखे जाने वाले कीटाणु तथा पदार्थों के अणु तक के विषय की सब बातें ज्ञान के अन्तर्गत हैं। इस सब को भारतीय साहित्य में कार्य-जगत कहते हैं। विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान। यह सब जगत कैसे उत्पन्न हुआ? उसके कारण पदार्थ की जानकारी को विज्ञान कहते हैं। उदाहरण से बात स्पष्ट हो जाएगी। हम पीने वाले जल के विषय में जानकारी प्राप्त करते हैं, तो यह पता चलता है कि यह तरल है, पारदर्शक है, भार रखता है। इसका तुलनात्मक गुरुत्व (स्पेसिफिक ग्रैविटी) एक है। यह हृदय है पोषक है और प्राणी के जीवन के लिए एक अत्यावश्यक पदार्थ है, आदि, आदि, तो हम ज्ञान के क्षेत्र में ही हैं। अर्थात जल के विषय में इन और ऐसी बातों का जानना ज्ञान प्राप्त करना कहलाता है। परन्तु जब हम जल का विश्लेषण कर यह जान जाते हैं कि यह दो प्रकार के वायुरूप पदार्थों से बना है। इनमें से एक पदार्थ का नाम हाइड्रोजन और दूसरे का नाम ऑक्सीजन है, फ़िर हम यह जानने का प्रयत्न करते हैं कि दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन के संयोग से जल बनता है। इसके साथ ही जब हम यह देखते हैं कि हाइड्रोजन रासायनिक विचार से एक प्रारम्भिक पदार्थ है और जल की भांति दो पदार्थों के संयोग से नहीं बना। और यह हाइड्रोजन बहुत ही बारीक-बारीक कणों से बनी है, इनको रासायनिक परमाणु कहते हैं। इससे भी आगे जब हम यह पता करते हैं कि एक हाइड्रोजन का रासायनिक परमाणु भी तीन प्रकार के कणों से बना है। उन कणों को इलेक्टौन, प्रोटौन और न्यूट्रौन कहते हैं।

## मृतिका मुक्तामनी टोप्पो के परिजन को मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ



पायनियर संवाददाता जशपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना की पहल से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से समूह की दीदियों को सामुदायिक संवर्ग के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मृतिका मुक्तामनी टोप्पों के पति व नोमिनी सवियन टोप्पो के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ विगत दिवस 05 नवम्बर 2024 को मिला। जनपद सीईओ जशपुर लोकहित भगत ने बताया कि जशपुर विकासखण्ड के अंतर्गत् ग्राम पंचायत सिटोंगा में स्व सहायता समूह से जुड़ी मुक्तामनी टोप्पों का निधन 08 मार्च 2024 को हो गया था। मृतिका मुक्तामनी टोप्पो के पति को पीएमजेजेबीवाई के तहत् 02 लाख रूपए का राशि छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक पुरानीटोली के ब्रांच मैनेजर विकास कुमार, कैसियर कु. अर्पिता हंसरा, राष्ट्रीय आजीविका मिशन बिहान के विकासखण्ड परियोजना प्रबंध संदीप बेक एवं बैंक मित्र सीमा तिर्की की उपस्थिति में प्रदाय किया गया।

# भारत ने न्यूट्रास्युटिकल इनक्यूबेशन हब और उत्कृष्टता केंद्रों के साथ अवसंरचना के समर्थन को दी प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वैश्विक पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) बाजार वर्तमान में लगभग 400 बिलियन डॉलर का है, जिसमें खाद्य, औषधि और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र शामिल हैं। भारत एक प्रमुख देश के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसे विशेष रूप से आयुर्वेद के साथ पारंपरिक ज्ञान की अपनी समृद्ध विरासत और एक विशिष्ट इकोसिस्टम का समर्थन प्राप्त है, जो इस क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देता है। हालाँकि, भारत की हिस्सेदारी वैश्विक स्तर पर 2त्न से कम है, जिसका मुख्य कारण भारतीय मंत्रालयों के भीतर उद्योग वर्गीकरण की कमी है, जिससे लक्षित क्षेत्र का समर्थन सीमित हो जाता है। इस क्षेत्र की अपार संभावनाओं की पहचान करते हुए, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने नवंबर 2021 में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार की अध्यक्षता में एक न्यूट्रास्युटिकल सेक्टर टास्क फोर्स (टीएफ) का गठन किया। इस टास्क फोर्स में वाणिज्य विभाग, औषध विभाग, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई), आयुष मंत्रालय और खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं। टास्क फोर्स में उद्योग जगत का भी महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उद्योग जगत की चिंताओं और चुनौतियों का सीधे समाधान किया जाएगा। टास्क फोर्स के कार्यादेश में चुनौतियों का समाधान करने के लिए



नीतिगत उपाय प्रस्तावित करना और नामकरण की सामंजस्यपूर्ण प्रणाली और अन्य अंतरराष्ट्रीय मानकों की दिशा में पहल करना शामिल हैं। भारत के लिए पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) उद्योग के मुख्य लाभ हैः

स्वास्थ्य विज्ञान, विशेष रूप से आयुर्वेद में एक लंबा इतिहास, जो विशिष्ट पारंपरिक ज्ञान प्रदान करता है। 52 कृषि जलवायु क्षेत्रों की उपस्थिति, जो औषधीय पौधों की खेती के लिए भारत को आदर्श स्थिति प्रदान करती है। विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कर्क्यूमिन, बेकोपा और अश्वगंधा सहित 1,700 से अधिक औषधीय पौधों का एक मजबूत केंद्र, जो आधुनिक वैज्ञानिक मान्यता की प्रतीक्षा कर रहा है। औषध निर्माण में विशेषज्ञता, जो उच्च गुणवत्ता वाले पौष्टिक-औषधीय (न्यूट्रास्युटिकल) मानकों को प्रभावित करती है। एक तेजी से विकसित होता स्टार्टअप इकोसिस्टम और क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहन देने वाली पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ कंपनियों की बढ़ती संख्या। टीएफकी पहलों से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जिसमें एचएसएन कोड की शुरूआतः सुव्यवस्थित व्यापार के लिए नामकरण की पहली सामंजस्यपूर्ण प्रणाली का विकास। पीएलआई योजनाः पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) के लिए पहली बार उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का निर्माण। पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) उद्योग पैनलः विनियामक और निर्यात सहायता बढ़ाने के लिए शेफेक्सिल (लाह और वन उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद) के तहत एक समर्पित पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ (न्यूट्रास्युटिकल) उद्योग पैनल का गठन। अनुपालन और निर्यात पहलः शेफेक्सिल ने सिफारिश की है कि पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थों को एफएसएसएआई के अधिकार क्षेत्र के तहत खाद्य उत्पादों के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, पौष्टिक-औषधीय खाद्य पदार्थ निर्यातकों को अब निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) योजना में शामिल किया गया है, जो निर्यात लागतों की भरपाई करने और यूरोपीय संघ के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जैव विविधता अधिनियम 2023 के साथ संरेखित है। भारत ने न्यूट्रास्युटिकल इनक्यूबेशन हब और उत्कृष्टता केंद्रों के साथ अवसंरचना के समर्थन को भी प्राथमिकता दी है।

# आईटीआई कोरबा में 11 को होगा अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

**कोरबा।** कोरबा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में 11 नवंबर 2024 सुबह 09 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन किया जाएगा। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग, प्रतिष्ठान एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी आई.टी.आई. कोरबा में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

# हाइवे निर्माण में दिक्कतों से परेशानी, बंद रहा मानपुर, क्षेत्रवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◀ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com



निर्माणाधीन नेशनल हाइवे 930 में निर्माण एजेंसी की मनमानियों और लापरवाही के खिलाफ आज मानपुर बंद रहा। ग्रामीण व व्यापारी प्रतिष्ठानों को बंद कर सड़क पर उतरे। सभी प्रदर्शनकारी बस स्टैंड मे धरने पर बैठे और विरोध प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासी हाइवे में रोजाना उड़ती धूल तथा सड़क को बीच से खोद कर जल्द निर्माण पूरा नहीं कराने से परेशान हैं। रोजाना हाइवे में उड़ने वाले धूल से लोग सांस की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। हाइवे में बेतरतीब निर्माण कार्य से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। दुर्घटनाओं में मौतें भी हो रही हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क को बीच से खोद दिए जाने से हाइवे किनारे व्यापार व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। इसके चलते ही लंबे समय से परेशानी झेल रहे मानपुर के ग्रामीणों ने आखिरकार आंदोलन छेड़ दिया। बड़ी संख्या में मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया था। अनिश्चितकालीन व्यापार व्यवसाय बंद का ऐलान किए जाने के बाद गुरुवार की सुबह एक भी दुकान नहीं खुली। लोग व्यवस्था सुधारने व निर्माण ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग पर अड़े रहे। नेशनल हाइवे में जाम पूर्व में कई बार हाइवे में दलदल व अन्य कारणों से लंबे समय तक लग चुका है। प्रदर्शन सत्ता पक्ष भाजपा समेत विपक्ष कांग्रेस के कई नेता, व्यापारी व आमजन शामिल हुए।

## दो युवकों से 40 हजार की लूट

**राजनांदगांव।** ठेलकाडीह से खैरागढ़ रोड में दो युवकों से लूट हो गई है। वारदात बुधवार रात 8 बजे की है। बताया जा रहा है कि तीन बाइक सवार आरोपियों ने लूट को अंजाम दिया है। शिकायत के बाद ठेलकाडीह पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। खैरागढ़ निवासी राजा सोलंकी और अमीन खान राजनांदगांव से खैरागढ़ वापस लौट रहे थे। तभी ठेलकाडीह के पास तीन बाइक सवार युवक पहुंचे। जिन्होंने पहले राजा और अमीन से पहले बदसलूकी की। इसके बाद बाइक रोककर मारपीट करते हुए 40 हजार रुपए लूट लिए। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग निकले। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है। इसी हिस्से में कुछ दिन पहले नांदगांव के सीमेंट व्यापारी के मुनिम से 6 लाख रुपए की लूट हुई थी, जिसके आरोपी भी अब तक पकड़ से बाहर है।

# चांदो में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर




पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

अंचल के ग्राम चांदो में शासकीय डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव प्राचार्य डॉबी एन मेश्राम के मार्गदर्शन तथा रासेयो अधिकारी प्रो. प्रियांकी गजभिये प्रभारी बालिका इकाई डॉ.आशाराम साहू प्रभारी बालक के संयोजन में रासेयो के स्वयं सेवकों द्वारा दिनांक 6 से 12 नवंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य मुख्य अतिथि डॉ बीएन मेश्राम शामिल हुईं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एके धमगाए, डॉ चेतन साहू संध्या मेश्राम अतिथि व्याख्याता, रामचंद्र भार्गव जनभागीदारी प्राध्यापक, सरपंच चुरामन नायक, ग्राम पटेल माणिक लाल, ग्राम अध्यक्ष ढालचंद साहू, माध्यमिक शाला चांदो के शिक्षकगण बसंत कुमार सिंह, राजेश कुमार देवांगन, अमित गोसाई सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। रासेयो इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर संचालन हेतु शिविर नायक सत्यम वैष्णव व उपशिविर नायक देवनारायण माली एवं उपशिविर नायिका पुनीता साहू को मनोनीत किया गया। सायंकालीन समीक्षा बैठक में होरी लाल साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी छुरिया भी शामिल हुए। शिविर में वरिष्ठ स्वयं सेवकों में यशवन्त कुमार नायक, दानेश्वर साहू, हिमांशु अहीर, हिमाचल साहू उपस्थित थे। साथ ही दल गठन कर विभिन्न समितियों का दायित्व स्वयंसेवकों को सौंपा गया है।

# कांग्रेस नेताओं को आरोप बेबुनियाद जनता जवाब देगी : तरुण

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मेडिकल कॉलेज को नजर अंदाज करते मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया गया था, तब मूलभूत सुविधाओं के लिए भाजपा मंडल ने मेडिकल कॉलेज में शिविर लगाकर जनता से संवाद कर प्रमुख मांगों को शालीनता से रखा था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने भाजपा द्वारा लगाए गए पंडाल को उखाड़ फेंका था। ऐसे असंवेदनशील भूपेश और उसके कांग्रेसी नेता आज उस डॉ. रमन सिंह पर उंगली उठा रहे हैं। जिन्होंने अब तक राजनांदगांव के समुचित विकास की चिंता की और अभी भी वे बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने में लगातार सतत प्रयास में लगे रहते है। उन्होंने सरकार में आते ही 14 डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ साथ करोड़ों रुपए की घोषणा भी की थी। तरूण लहरवानी ने कुलबीर छाबड़ा एवं कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते कहा कि इन्हें छपास रोग लग चुका है, नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के इस तरह के बेबुनियाद आरोपों का जनता जरूर जवाब देगी। लहरवानी ने कहा कि भाजपा जनता की भलाई के लिए ही कठोर कानून बना कर डॉक्टरों को ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज में सेवाएं देने हेतु प्रयासरत हैं और भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश हित में ठोस निर्णय लेकर योजनाओं का क्रियान्वयन करती है, अगर कांग्रेस और लंबे समय तक रहती तो कभी मेडिकल कॉलेज ही नहीं बन पाता।

## वन्यजीव बोर्ड में सदस्य बनने पर नीलकंठ गढ़े को बधाई : हारुन मानिकपुरी?

**राजनांदगांव।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड का गठन कर राजनांदगांव जिले के आदिवासी समाज प्रमुख नीलकंठ गढ़े को वन्यजीव बोर्ड में मनोनीत सदस्य बनाए जाने पर श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने बधाई देते हुए कहा है कि श्री गढ़े जी के मार्गदर्शन में वन्यजीवों के संरक्षण एवं संवर्धन में बेहतर कार्य हो सकेगा। मानिकपुरी ने उम्मीद जताया है कि वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उच्च अधिकारियों के सामंजस्य से वन्यजीव के संरक्षण के लिए वन्यजीव बहुल इलाकों की पहचान कर उस क्षेत्र को सुरक्षित कर अभ्यारण्य की तरह विकसित किया जावे ताकि आए वन्यजीव के द्वारा मानव जीवन को एवं भारी वाहनों से वन्यजीवों के दुर्घटना में कमी आएगी।

# भगवान भास्कर की आराधना, व्रतियों ने दिया अर्घ्य



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भगवान भास्कर की आराधना के महापर्व छठ पूजा के दूसरे तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने गंगा और यमुना के घाटों पर पानी में खड़े होकर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। भगवान सूर्य और छठ माता से परिवार के सुख और समृद्धि की कामना के साथ पुत्र के दीर्घायु की प्रार्थना की। भगवान को विभिन्न प्रकार के पकवानों और फलो का भोग लगाया गया।

# अकेली महिला से छेड़छाड़



पायनियर संवाददाता ◀ खैरागढ़
www.dailypioneer.com

छुईखदान थाना क्षेत्र में महिला के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

2 नवंबर को, आरोपी खेमलाल जंघेल ने महिला को घर में अकेला पाकर घर की बाड़ी का परदा कूदकर अंदर घुसा और उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नितेश गौतम और पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले के निर्देशन में थाना प्रभारी शिवशंकर गेंदले ने अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी खेमलाल जंघेल को 6 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ धारा 75(1) और 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# 40.140 बल्क लीटर अवैध मदिरा जप्त





पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आबकारी विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पीटेपानी रोड के पास राकेश खोब्रागढ़े के कब्जे से महाराष्ट्र राज्य निर्मित देशी दारू फिरकी संत्री 223 नग पाव कुल 40.140 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी राकेश खोब्रागढ़े का आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक उज्जवल कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक जनार्दन पाण्डे, आबकारी आरक्षक नागेश निषाद शामिल थे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध मदिरा विक्रय के रोकथाम के लिए होटलों, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

# नाबालिग से अनाचार का आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

खड़गांव थाना क्षेत्र में किशोरी से बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि, शौच के लिए जाने के दौरान आरोपी ने पीड़िता का पीछा किया और जंगल में उसका दैहिक शोषण किया। नाबालिग ने परिजनों के साथ पुलिस के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना 3 नवंबर की रात की है। आरोपी सुनील कुमार नेताम (24) ने अनाचार के बाद नाबालिग को जान से मारने की धमकी भी दी। डरी-सहमी किशोरी ने एक दिन बाद अपनी मां को घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजनों ने पीड़िता को साथ ले जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। थाना खडगांव में आरोपी धारा 65, 351(3) बी0एन0 एस0, 04 पाक्सो एक्ट कायम कर कार्रवाई की है।

# कांग्रेस ने 5 साल सुध नहीं ली, अब दिखावा कर रहे : रमेश पटेल

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के डॉ. सिंह पर दिए गए बयान का पलटवार करते कहा कि कांग्रेस और भाजपा की राजनीति में जमीन-आसमान का अंतर है, ये बात यहां की जनता भली-भांति जानती है। पटेल ने कहा कि विगत 5 वर्षो तक मेडिकल कॉलेज में स्वशासी समिति जो कि मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए बनाई गई थी। उसमें शारदा तिवारी, आसिफ अली एवं कुलबीर छाबड़ा तथा अशोक फड़नवीस जैसे नेता काबिज थे और 22 नवंबर 2022 को तत्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिटी स्केन और एमआरआई मशीन की घोषणा की थी, परंतु सरकार रहते तक फिर कभी भी बघेल ने पलटकर अस्पताल की सुध नहीं ली और उस समय संचालक मंडल में रहने वाले वही कांग्रेसी नेता आज उल्टे डॉ. रमन सिंह पर आरोप लगा रहे है। जबकि वस्तु स्थिति यह है कि अपने कार्यकाल में इन नेताओं ने कभी जनता के हितों की सुध नहीं ली, ये नेता बताए कि उनके 5 वर्षो के कार्यकाल में इन नेताओं ने जनता के हित में क्या कार्य किया और उनकी कितनी बार बैठक हुई। श्री पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने तो राजनांदगांव के कई कार्यालयों को दुर्ग ले जाकर राजनांदगांव के विकास को समाप्त करने का प्रयास किया था।

## जिले में 21वीं पशु संगणना का कार्य जारी

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के पशुपालकों से 21वीं पशु संगणना कार्य के दौरान प्रगणक को अपने पशुधन एवं पक्षीधन की सही जानकारी देते हुए पशु संगणना में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की है। भारत सरकार द्वारा प्रत्येक पांच वर्षो में पशुधन एवं पक्षीधन की गणना कर डाटा संकलित किया जाता है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा आर्थिक विकास हेतु योजनाएं संचालित की जाती है। शासन द्वारा जिले में 25 अक्टूबर 2024 से माह फरवरी 2025 तक 21वीं पशु संगणना का कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में गणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक प्रगणक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर सर्वे का कार्य करेंगे तथा उसकी एप में ऑनलाईन प्रविष्टि करेंगे।

### झारखण्ड में चुनावी रणनीति की धुनी जमा सतत दौरे पर सांसद संतोष पाण्डेय

# सोरेन सरकार के राज़ में बदहाल झारखंड: सांसद संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार प्रसार का दौर अपनी चरम सीमा पर पहुँच रहा है। भाजपा इस बार सोरेन सरकार के नीतियों की खामियों को उजागर करके झारखंड में सरकार बनाने की पुरज़ोर के कोशिश कर रही है। भाजपा ने झारखंड में अपनी पूरी संगठनात्मक ताकत को झोंक दिया है यही कारण है कि विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है, वैसे वैसे प्रचार में भाजपा नेता अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। भाजपा ने अपने श्रेष्ठ प्रचारकों को झारखंड के चुनावी मैदान में उतारा है, ताकि भाजपा के पक्ष में माहौल बन सके। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ओजस्वी वक्ता श्रेष्ठ रणनीतिकार के रूप में प्रसिद्ध है, दीपावली त्यौहार के माहौल से अप्रभावित संतोष पांडे झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनाने के लिए रात दिन दौरा कर रहे हैं। सांसद संतोष पांडे झारखण्ड में गुमला, लोहरदगा, सिसई, बिसनपुरा विधानसभा के हर क्षेत्र में जाकर आक्रामक प्रचार करते हुए केंद्र की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचा रहे हैं। सभी विधानसभा के मण्डल बूथ स्तर तक बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए उन्हें उत्साह से परिपूर्ण कर कर रहे हैं। सांसद संतोष पांडे झारखण्ड में लगातार चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झारखंड की जनता को केंद्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर यह अहसास दिला रहे हैं की भाजपा की सरकार आने के बाद डबल इंजन की सरकार से झारखंड प्रगति की राह पर सरपट आगे बढ़ेगा। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के महत्व को देख कर भाजपा आलाकमान ने राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे को महती जिम्मेदारी दी है जिसे बखूबी निभाते हुए वे दीपावली त्योहार से अप्रभावित झारखण्ड में अपनी चुनावी कर्तव्यनिष्ठा को पूरा करने कई दिनों से झारखण्ड में जमे हुए हैं।

# कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने का कोई आदेश नहीं

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती नहीं करने पर कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने के संबंध में सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, जो निराधार एवं असत्य है। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किए गए है। इस प्रकार के भ्रामक प्रचार करते पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले के विभिन्न कृषक द्वारा आर्थिक दृष्टि से लाभकारी फसलों की खेती करने की इच्छा व्यक्त की गई है। कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागीय अमलों को मक्का, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी फसलें लेने हेतु कृषकों को वैज्ञानिक खेती के लिए तकनीकी सलाह देने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इस कार्य के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय समन्वय सुनिश्चित करने कहा है। इस संबंध में ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक परिचर्चा करते हुए कृषकों के मध्य मक्का, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी के फसले लेने के लिए कृषकों को प्रेरित करने निर्देशित किया गया है।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित सहयोगात्मक व्यवहार करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

## सभी योजनाओं का शतप्रतिशत हितग्राहियों को दिलाएं लाभ : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की तिमाही बैठक एवं विशेष जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न विभागों के साथ जिले के अग्रणी बैंक एवं अन्य सभी शासकीय तथा निजी बैंकों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी हितग्राहीमूलक ऋण योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिलाने तथा सभी योजनाओं में विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य अनुरूप शत प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों में आने वाले जिले के सामान्य लोगों से सभी बैंक कर्मियों को सहयोगात्मक एवं सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने को कहा। कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना से प्रत्येक छोटे से छोटे किसान को जोड़ते हुए सभी को योजनान्तर्गत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण उपलब्ध कराने को कहा। इसमें राजस्व विभाग के समन्वय से नामांतरण, बटांकन आदि की समस्या का निराकरण कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वसहायता समूहों को दिए गए ऋणों में अदायगी की स्थिति का जायजा लेते हुए एनपीए को नियंत्रित करने को कहा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुद्रा योजना, मत्स्य संपदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वनिधि योजना एवं अन्य हितग्राहीमूलक ऋण योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों के लंबित आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने मत्स्यपालन एवं पशुपालन करने वाले किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ लेने में हो रही समस्याओं के निदान के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की पहुंच बढाने के लिए नवीन बैंक शाखाएं खोलने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित किया। इसके अतिरिक्त जिले के विकास में योगदान हेतु निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अधोसंरचना निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों में सहयोग हेतु निजी एवं शासकीय बैंकों को जिला प्रशासन के साथ मिल कर कार्य हेतु आमंत्रित किया। उन्होंने ग्रामीणों को ऋण जाल में फंसाने वाले लोगों से बचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी करने एवं बैंकों से लोगों को जोड़ने को कहा। उन्होंने शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को मुद्रा योजना से जोड़ कर लाभ दिलाने तथा उनकी समस्या का निदान कर आवेदन भरवाने के निर्देश दिए। इस बैठक में आरबीआई के एलडीओ मैनेजर सदानंद बास्के, अग्रणी बैंक प्रबंधक वाल्टर बेंगरा सहित सभी बैंकों के प्रतिनिधि एवं पशुपालन, बिहान, मत्स्यपालन, अंत्यावसायी, उद्योग, खादी ग्रामोद्योग, नगरीय निकाय के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सरगुजा कमिश्नर गोविंद राम चुरेंद्र ने बगीचा के धान खरीदी केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

## खरीदी केंद्र में किसानों के लिए सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सरगुजा कमिश्नर गोविंद राम चुरेंद्र ने विगत दिवस जशपुर जिले के बगीचा विकास खंड का आकस्मिक निरीक्षण किया और जनपद कार्यालय के सभा कक्ष में विकास खंड अधिकारियों की धान खरीदी के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर ए के तिर्की सहायक पंजीयक, ए के आजाद, नोडल अधिकारी अपेक्स बैंक जशपुर जनपद सीईओ, खाद्य निरीक्षक बगीचा परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। सरगुजा कमिश्नर ने धान खरीदी केंद्र में सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। खरीदी केंद्र में काटा बांट, कम्प्यूटर आपरेटर, तराजू बाट और किसानों के लिए छाया पानी, पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अवैध धान को रोकने के लिए टीम गठित करने के लिए कहा और कोचिया बिचौलिए की जानकारी मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सरगुजा कमिश्नर ने धान खरीदी केन्द्र बगिचा में सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सरगुजा कमिश्नर ने कहा कि 14 नवंबर से धान खरीद शुरू होने वाला है। उन्होंने जिले के लघु और सीमांत किसानों से भी प्राथमिकता से खरीदी करने के निर्देश दिए हैं।

### महतारी वंदन योजना ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर, स्वाभिमान से जीने का मिला अवसर

**मोहला।** किसी भी व्यक्ति के जीवन के लिए पैसे का बड़ा अहमियत होता है। पैसा ही वह सहारा होता है, जिससे वह अपने इच्छाओं को पूरा कर सकता है। जरूरत चाहे छोटी-छोटी हो या बड़ी। हर चीज के लिए पैसे की बड़ी अहमियत होती है। महिलाओं को अपने दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पैसे की आवश्यकता तो होती है, ऐसे में महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए कारगर साबित हो रहा है। महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी इच्छाओं को पूरी कर रही है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के अंतर्गत 82 हजार से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

# एनटीपीसी सीपत में एनटीपीसी लिमिटेड का गौरवशाली 50 वें स्थापना दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सीपत
www.dailypioneer.com



एनटीपीसी सीपत में 07 नवंबर 2024 को देश की प्रमुख विद्युत उत्पादक कम्पनी एनटीपीसी का 50वॉं स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। एनटीपीसी के 50वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन ऊर्जा भवन, प्रशासनिक भवन के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय, मुख्य महाप्रबंधक, सीपत को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने गॉर्ड ऑफआनर दिया। विजय कृष्ण पाण्डेय, ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर समारोह का शुभारम्भ किया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों द्वारा एनटीपीसी गीत का सामूहिक गायन किया गया। विजय कृष्ण पाण्डेय, परियोजना प्रमुख ने अपने सम्बोधन में एनटीपीसी के गौरवशाली 50वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एनटीपीसी द्वारा गत वर्षों में हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों को सभी कर्मचारियों के साथ साझा करते हुए कहा कि एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 76476 मेगावॉट है तथा देश के हर चौथे बल्ब को एनटीपीसी रोशन कर रहा है। एनटीपीसी देश की एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम है जो फोर्ब्स 2024 की बेस्ट एम्प्लायर की सूची में 372 वें स्थान पर शामिल है। इस अवसर पर सीपत परियोजना द्वारा हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि एनटीपीसी सीपत ने वित्त वर्ष 2024-25 अक्टूबर 2024 तक वार्षिक 86.64 पीएलएफ के साथ 13260.05 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। एनटीपीसी सीपत स्टेशन को इस वर्ष प्राप्त हुए सम्मान एवं पुरस्कारों को भी सभी के साथ साझा किया। मुख्य अतिथि ने संयंत्र एवं नगर परिसर के सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रतिबद्ध केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, संगवारी महिला समिति, यूनियन एवं एसोसिएशन, बाल भारती पब्लिक स्कूल, संस्कृति क्लब, वैशाली क्लब, स्टेट बैंक, पोस्ट ऑफिस, इंडियन कॉफी हाउस, यूपीएल और सभी सहयोगी एजेंसियों के सकारात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनिल शंकर शरण, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अन्य सभी महाप्रबंधकगण एवं विभागाध्यक्षगण, एसोसिएशन व यूनियनों के अध्यक्ष व सचिव ने केक काटकर सभी कर्मचारियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस दौरान उत्साह और उल्लास के प्रतीक एनटीपीसी के रंगों से रंगे गुब्बारे का आसमान में विमोचन किया गया। तत्पश्चात् केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित स्थापना दिवस समारोह का लाइव प्रसारण एमएस टीम के माध्यम से ऑनलाइन किया गया, जहां गुरदीप सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक, एनटीपीसी लिमिटेड ने सभी कर्मचारियों को 50वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए एनटीपीसी की प्रमुख उपलब्धियों को साझा किया।

# यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं देने पर होगी कार्रवाईः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं देने पर संबंधित बस संचालक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आम जनता को बेहतर यातायात एवं परिवहन के साधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से जिले के विभिन्न मार्गों में साधारण श्रेणी से लेकर वातानुकूलित शयन श्रेणी के निजी यात्री वाहनें संचालित है, जो आम जनता व यात्रियों को उनके निर्धारित गंतव्य तक प्रतिदिन पहुंचाने का काम करती है। राज्य शासन द्वारा इन्हीं संचालित निजी यात्री वाहनों में सफर करने वाले ऐसे व्यक्ति जो दृष्टिहीन है, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, ऐसे दिव्यांग व्यक्ति जो दोनों पैरों से चलने में असमर्थ है, वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 साल या उससे अधिक है, एच. आई. व्ही. एड्स से पीड़ित व्यक्ति को यात्री किराये में 100 प्रतिशत छूट दी गई है। तथा समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से ष्नक्सलवाद से प्रभावित व्यक्तिष् का प्रमाण पत्र रखने वाले व्यक्ति को यात्री बस में सफर करने पर किराये में 50 प्रतिशत की रियायत छूट दिये जाने हेतु अधिसूचित गया है। कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए यह संभव है कि आम जनता द्वारा अपने गंतव्य में जाने हेतु अधिक आवाजाही होगी, जिसके फलस्वरूप यात्रियों से वाहन संचालकों द्वारा अवैध वसूली कर अधिक किराया दर वसूल किया जा सकता है। उन्होंने इसे ध्यान में रखते हुए अधिक किराया वसूली की शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेने एवं ऐसे यात्री वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी को दिये है। उन्होंने कहा है कि आमजनता को दृष्टिगोचर रूप से अपने गंतव्य के लिए निर्धारित किराये दर की जानकारी हो। सभी यात्री बसों में किराया सूची चस्पा हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यात्री वाहनों की जांच करते हुए निर्धारित किराये की राशि से अधिक किराया वसूल करते पाये गये वाहन एवं बिना किराया दर सूची चस्पा किये संचालित होते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने आम जनता से भी अपील की है कि शासन द्वारा जिन वर्गों को यात्री किराये में रियायत / छूट दी गई है, यदि यात्रा के दौरान वाहन संचालन द्वारा किराये में छूट नहीं दी जाती है, या किसी प्रकार का अभद्र दुर्व्यवहार या अवैध किराया दर वसूल किया जाता है तो इसकी शिकायत यदि कोई साक्ष्य या तथ्य भी हो तो जिला परिवहन अधिकारी से किया जाए। उन्होंने परिवहन अधिकारी एवं प्रवर्तन अमले को ऐसी शिकायतों को त्वरित गंभीरता से लेने व इस दिशा में निरंतर चेकिंग कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के मुंगेली, लोरमी और पथरिया बस स्टैंड में उक्त छूट संबंधी जानकारी के लिए फ्लेक्स बैनर चस्पा किया गया है। साथ ही यात्री बसों की जांच की जा रही है और लोगो को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। यात्री बसों में दिव्यांगजन सहित अधिसूचित वर्गों को किराए में छूट नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में साल-दर-साल 58% की वृद्धि के साथ 674 करोड़ रुपये का त्रैमासिक राजस्व दर्ज किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

Payments Bank

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने मजबूत विकास दर के साथ 30 सितंबर 2024 को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के लिए अपने कंसोलिडेटेड रिजल्ट्स जारी किए। बैंक का त्रैमासिक राजस्व बढ़कर 674 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की तुलना में साल-दर-साल 58% और पिछली तिमाही के मुक़ाबले 10% ज्यादा है। बैंक का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 45% की वृद्धि करते हुए 11.2 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में EBITDA साल-दर-साल 87% की वृद्धि के साथ 76.1 करोड़ रुपये रहा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के मासिक लेन-देन करने वाले उपयोगकर्ता (एमटीयू) साल-दर-साल 76% की वृद्धि के साथ 102 मिलियन हो गए। वार्षिक सकल व्यापारिक मूल्य (जीएमवी) 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जिससे बैंक के डिजिटल बचत खातों और अन्य उत्पादों की बढ़ती लोकप्रियता प्रदर्शित होती है। कस्टमर बैलेंस साल-दर-साल 43% बढ़कर 2,950 करोड़ रुपये को पार कर गया। इस वृद्धि का कारण ग्राहकों द्वारा एयरटेल पेमेंट्स बैंक की डिजिटल सेवाओं को स्वीकार किया जाना है। दैनिक लेनदेन के लिए एयरटेल पेमेंट्स बैंक के डिजिटल सुरक्षित खाते को चुनने वाले ग्राहकों की संख्या बढ़ रही है। यह बैंक शहरी सीमा में प्रमुख दिग्गज के रूप में उभरा है तथा गाँवों में अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रखे हुए है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी और सीईओ अनुब्रत बिस्वास ने कहा, इन नतीजों से डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में मुख्य कंपनी के रूप में हमारी स्थिति प्रदर्शित होती है। हमारे डिजिटल समाधानों और सुरक्षा विशेषताओं को ग्राहकों द्वारा तेजी से अपनाए जाने के साथ हम सुरक्षित दूसरे खाते के लिए भारत में पहली पसंद बन गए हैं।

# बजाज फिन्सर्व एएमसी ने 'बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड' लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बजाज फिन्सर्व एएमसी ने उपभोग थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिन्सर्व कंजम्प्शन फंड एक ट्रू-टू-लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इन परिवर्तनों की लहर पर सवारी करते इस फंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है, ये सभी क्षेत्र भारत की खपत वृद्धि की तेजी में योगदान दे रहे हैं। यह फंड संभावित विकास के अवसरों की पहचान करते हुए उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट-कैप-ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा। लॉन्च पर बोलते हुए, बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ, गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है। एक थीम के रूप में 'उपभोग' क्षेत्र निवेश के अनुकूल है क्योंकि व्यापक बाजारों की तुलना में इसके बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं। हम निश्चित रूप से मानते हैं कि आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण विस्तार की उम्मीद वाले क्षेत्रों जैसे एफएमसीजी, खाद्य सेवाएँ और त्वरित वाणिज्य, रियल्टी और ऑटो में वृद्धि के साथ यह फंड लंबे समय में हमारे निवेशकों के पोर्टफोलियो के लिए एक संपत्ति बन जाएगा।

# एमजी विंडसर बनी अक्टूबर 2024 में भारत की सबसे अधिक बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी, एमजी विंडसर की अक्टूबर 2024 में जबर्दस्त बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने अक्टूबर में एमजी की 3116 यूनिट्स बेचीं हैं। जो अक्टूबर में कुल पैसेंजर इलेक्ट्रिक कार बिक्री का लगभग 30% है। कंपनी ने अक्टूबर 2024 में 7045 यूनिट्स की बिक्री के साथ सालाना आधार पर 31% की ग्रोथ दर्ज की है। कंपनी की स्थापना के बाद से अब तक का यह सबसे अधिक बिक्री का आंकड़ा है। स्वच्छ भविष्य के लिए सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशन को लेकर कार कंपनी जितनी तेजी से फोकस कर रही है, उसके बेहतर परिणाम दिखाई देने लगे हैं। इसके एनईवी पोर्टफोलियो ने मासिक आधार पर सेल्स ग्रोथ में बड़ा योगदान दिया है। अक्टूबर में, एनईवी ने जेएसडब्ल्यु एमजी मोटर इंडिया की कुल बिक्री में 70% का योगदान दिया। यह आंकड़ा ग्राहकों के बीच कंपनी के इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो की बढ़ती लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है।

# नेटफ्लिक्स की सिकंदर का मुकद्दर का काउंटडाउन हुआ शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




नेटफ्लिक्स का क्राईम ड्रामा सिकंदर का मुकद्दर सभी का इंतजार खत्म करते हुए 29 नवंबर को प्रसारित होने वाला है। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, तमन्ना भाटिया, और राजीव मेहता मुख्य भूमिकाएं निभा रहे हैं। इस फिल्म में पांडे ने अपने सिग्नेचर स्टाईल में नेटफ्लिक्स के दर्शकों के लिए कहानी को बहुत दिलचस्प बना दिया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक चोरी, एक पुलिस अधिकारी के इंस्टिंक्ट्स, और 15 साल तक पीछा करने की रोचक कहानी एक रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। इससे पहले नीरज पांडे ने नेटफ्लिक्स के साथ खाकीः बिहार चैप्टर के लिए काम किया था। इस क्राईम और पीछा करने की कहानी के साथ उन्होंने नेटफ्लिक्स पर अपनी वापसी की है। तो तैयार हो जाईये, 29 नवंबर को केवल नेटफ्लिक्स पर यह रोमांचक कहानी देखने के लिए।

# जिले का सुप्रसिद्ध तर्रा मड़ई मेला 10 नवंबर को


**पाटन।** दुर्ग जिला अंतर्गत पाटन ब्लॉक के ग्राम तर्रा के मंडई मिलन समारोह दीपावली त्योहार के तुरंत बाद होने वाले सुप्रसिद्ध मंडई है। जिसका आयोजन 10 नवंबर को किया गया जा रहा है। जिसकी तैयारी ग्राम पंचायत के द्वारा की जा रही है। ग्राम पंचायत तर्रा के युवा सरपंच डॉ योगेश चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम में वर्षो से मंडई मिलन समारोह का आयोजन दीपावली त्योहार के बाद होता है। गांव में घर-घर मेहमानों का आगमन होता है। ग्राम तर्रा पुराने जमाने से ही व्यापार का केंद्र रहा है। मंडई मिलन का आयोजन वर्षो से किया जा रहा है। इस बार 10 नवंबर को मंडई का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि कालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ लोक संस्कृतिक कला मंच धरोहर की भव्य प्रस्तुति होगी बाजार में अभी से व्यापारी अपना स्थान सुरक्षित करने पहुंच रहे हैं। झूला का सेटअप भी तैयार किया जा रहा है। जिसका आनंद आसपास के क्षेत्र के लोग और ग्रामीण लेंगे। चंद्राकर ने आगे कहा कि मंडई मिलन समारोह में शामिल होने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी पहुंचते है और लोगों से भेंट मुलाकात करते है।

## चाम्पा नगर पालिका में फ़र्ज़ी आंगनबाडी नियुक्ति का मामला , शासकीय अवकाश के दिन भी खुला कार्यालय मे दिखा सारथी परिवार

# परियोजना कार्यालय बम्हनीडीह बना आंगनबाड़ी नियुक्त मे घोटालों का गढ़, आये दिन उजागर हो रहे नये नये कारनामे

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





पायनियर
लगातार


रायपुर, गुरुवार 07 नवंबर 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर

**पूजा सारथी को बचाने के लिए धृतराष्ट्र बन बैठे है जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं प्रतिवेदन का इंतजार**

कार्यवाही के नाम पर हिला हवाला समझ से परे क्या मामला सच में पैसे का लेनदेन का??

महिला एवं बाल विकास विभाग के ज़िम्मेदार अधिकारी दे रहे फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी पाने वाली का साथ

एक तरफ जहाँ पूजा सारथी का फ़र्ज़ी निवास प्रमाण पत्र के फर्ज़ीवाड़ा का मामला थमा नहीं था कि परियोजना अधिकारी का एक और करानामा उजागर हुआ हैं। अब परत दर परत सच्चाई खुल के सामने आ रही हैं। चाम्पा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत संचालित आंगनबाडी केंद्रों में हुई नई नियुक्ति में धांधली की सच्चाई बयान कर रही हैं कि बम्हनीडीह परियोजना कार्यालय में अपात्र को भी पात्र घोषित कर बकायादा उन्हें वरीयता सूची में स्थान दिया जाता हैं। वार्ड नंबर 17 में हुई भर्ती में एक अभ्यर्थी ने अपने आवेदन फॉर्म में दूसरे वार्ड का होना उल्लेखित किया हैं। जो अपात्रता की श्रेणी में आता हैं लेकिन महिला बाल विकास के अधिकारी ना जाने किस धुन में सवार हैं कि सब देख के भी अनजान बनने का बहाना कर रहे है। वार्ड नंबर 17 के कार्यकर्ता भर्ती में आपत्ति दर्ज कराते हुए शिकायतकर्ता के द्वारा शिकायत किया गया था कि दिव्या देवांगन पति देवेन्द्र देवांगन का नाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए जारी दावा-आपत्ति सूची में तीसरे कम पर है, जबकि वह संबंधित वार्ड कमांक-17 रेल्वे कॉलोनी की निवासी न होकर वार्ड क्रमांक-19 संजय नगर की निवासी है। उसके बाद वार्ड कमांक-17 रेल्वे कॉलोनी चांपा में निवासरत होने से संबंधित कोई दस्तावेज तथा राशन कार्ड या मतदाता परिचय पत्र आदि की जानकारी उपलब्ध नहीं है।ऐसे कई आपत्ति हैं जिनको दरकिनार कर विकासखंड परियोजना कार्यालय के द्वारा भर्रासाही अपना कर किसी भी नियम का पालन नहीं किया गया।

**छुट्टी के दिन भी ऑफिस खुला, पूजा सारथी और परिवार पहुँचे मिलने-** विकासखंड परियोजना अधिकारी के दफ्तर के सामने बैठे पूजा सारथी का परिवार शासकीय अवकाश के दिन पंहुचा हालांकि इस बात का खंडन कर रहे विकास खंड परियोजना अधिकारी कि मुझसे कोई मिलने नही आया है।लेकिन फोटो में साफदिख रहा है कि पूजा सारथी व उनका परिवार ऑफिस मिलने गए थे।परियोजना अधिकारी ऑफिस में काम करने की बात कह रहे है।हमने किसी को नही बुलाया और न ही किसी से मिले है। ऐसे में ये सवाल उठना लाजमी हैं कि छुट्टी के दिन उनका ऑफिस में क्या काम है।

निवास प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति हुई है।अधिक जानकारी मैं ऑफिस में दस्तावेज देखकर ही बता पाऊंगा आप ऑफिस आ जाइए -
**-अहमद खान,विख परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास बम्हनीडीह**

मामला संज्ञान में आया है विकासखंड परियोजना अधिकारी से बात करता हूं अगर किसी प्रकार की धांधली हुई है तो कार्यकर्ता की नियुक्ति को निरस्त किया जाना चाहिए और उक्त अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के विभागीय मंत्री को पत्र लिखा जाएगा -
**-बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर वि स**

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिले को देंगे विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

## मुख्यमंत्री जिले में 60 करोड़ 20 लाख 21 हजार रूपए के विकास कार्यों का करेंगें लोकार्पण एवं भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान में पहुंचेंगें। इस दौरान वह जिले के 60 करोड़ 20 लाख 21 हजार रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगें। जिसमें कुल 32 करोड़ 32 लाख 12 हजार रूपए के 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं 27 करोड़ 88 लाख 09 हजार रूपए के 32 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 3 केएलडब्ल्यू फिकल स्लज मैनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य सुहेला 24.70 लाख, सी.सी.रोड निर्माण कार्य सलौनी 7 लाख, सी.सी.रोड सह नाली निर्माण कार्य सकरी 5.20 लाख,नगरीय निकाय विभाग द्वारा बलौदाबाजार शहर विभिन्न वार्डों में सी.सी.रोड, आर.सी.सी. नाली, बी.टी. रोड एवं अन्य निर्माण कार्य 221.23 लाख, विभिन्न वार्डों में सी. सी. रोड, आर.सी.सी. नाली, बी.टी. रोड, बस स्टैण्ड उन्नयन एवं अन्य निर्माण कार्य 299.77 लाख, निकाय क्षेत्रांतर्गत मेन रोड डिवाईडर में सौन्दर्गीकरण 23 लाख, वार्ड क्र. 02 मिनीमाता उद्यान परिसर में अटल परिसर निर्माण 27.61 लाख, निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 02, 05, 06, 10, 15, 17, 18 एवं 20 में पाईप लाईन विस्तार कार्य 66.64 लाख, लोक निर्माण विभाग द्वारा बलौदाबाजार में नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का निर्माण 174.41 लाख, शासकीय डी. के. महाविद्यालय बलौदाबाजार में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण 111.53 लाख, वि.ख. सिमगा के ग्राम नवापारा में पशु चिकित्सालय भवन का निर्माण 16.66 लाख, सखी वन स्टॉप सेंटर कार्यालय हेतु भवन निर्माण 60 लाख, छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा बलौदाबाजार से पुरैना खपरी सड़कों का नवीनीकरण कार्य 282.06 लाख, 03 टी 010 से ढनढनी सड़कों का नवीनीकरण कार्य 254.96 लाख, पड़कीडीह से टेकारी सड़कों का नवीनीकरण कार्य 145.77 लाख, कार्यपालन अभियंता जल प्रबंध संभाग क्रमांक 02 बलौदाबाजार द्वारा बलौदाबाजार नहर के वितरक क्रमांक 21 एवं उनकी माईनर का रिमॉडलिंग लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं का पुनर्निर्माण कार्य 1511.58 लाख रूपये का भूमिपूजन शामिल है। इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वामी आत्मानंद वाचनालय एवं पुस्तकालय भवन निर्माण कार्य बलौदाबाजार 40 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (गोड़ पारा) खैरताल 5 लाख, रंगमंच निर्माण कार्य (गोंड़ पारा) पौसरी 3 लाख, मुक्तिधाम (सौदागृह एवं प्रतिक्षालय निर्माण) देवरी 4 लाख, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य चरोटी 6.50 लाख। आंगनबाड़ी भवन निर्माण केन्द्र क्रमांक-2 देवरी 3 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य भरसेला (बड़ा) 5 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य मगरचबा 5 लाख, व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य (नायकटाड़) पंचायत लटुवा 8.35 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (कर्मा माता) कंजी 10 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (तालाब पार में) कंजी 5 लाख, नगरीय निकाय विभाग द्वारा विभिन्न वार्डों में बी. टी. रोड निर्माण कार्य (16 कार्य) 99.98 लाख, वार्ड क्र. 02 कलेक्ट्रेट से पंडित चक्रपाणी हाई स्कूल होते हुए नया बस स्टैण्ड उद्यान तक बी.टी. रोड निर्माण 106 लाख, नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्रांतर्गत पाईप लाईन विस्तार 62.2 लाख।

# राजधानी रायपुर में डूबते सूर्य को अर्घ्य दे कर मना छठ महापर्व

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



लोक आस्था का प्रमुख पर्व छठ धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सूर्य देव और छठी मैया की पूजा की भी की गई। छठ महापर्व पर छठ घाट पर उपस्थित महिलाएं संतान की लंबी उम्र और परिवार की समृद्धि के लिए व्रत भी रखी है। व्रती महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला उपवास रखी हैं और डूबते तथा उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित भी कर रही हैं। छठ महापर्व के तीसरे दिन, अर्थात् 07 नवंबर को, डूबते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया गया। कल 8 नवंबर को, छठ के चौथे दिन प्रातः काल उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। छठ पूजा के तीसरे दिन, जो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि होती है, डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर, भक्तगण शाम के समय किसी जलाशय या नदी के किनारे खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान करते हैं। इसके पीछे की मान्यता यह है कि सूर्य देव अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ होते हैं, और इस समय अर्घ्य अर्पित करने से जीवन की सभी समस्याएँ समाप्त होती हैं और इच्छाएं पूर्ण होती हैं। ऐसा करने से जीवन में सुख और समृद्धि का आगमन होता है। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि सूर्य का अस्त होना उस समय का प्रतीक है जब व्यक्ति की मेहनत और तपस्या का फल मिलने का समय होता है। मान्यता है कि डूबते सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में संतुलन, शक्ति और ऊर्जा का संचार होता है। शास्त्रों में छठ माता को सूर्यदेव की बहन माना गया है। इस कारण से हर वर्ष छठ पर्व का भगवान सूर्य के साथ छठ माता की पूजा करने का विधान है। छठी माता हमेशा संतान की रक्षा करती हैं इसलिए इन्हें संतान की रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाता है। संतान की लंबी आयु, अच्छी सेहत और सुखी जीवन के लिए छठ पर उपवास और पूजा की जाती है। देवी दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी को छठ माता माना गया है।









सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403